खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 11°C
मुरादाबाद, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 194 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 9 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## नौवां रोज़ा

### ज़कात का ज़ेवर है नौवां रोज़ा

इस्लाम मजहब में ज़कात की बड़ी अहमियत है। कुरआने-पाक के पहले पारे में अल्लाह का इरशाद है, और नमाज कायम रखो और ज़कात दो और रुकूअ करने वालों के साथ रुकूअ करो। ज़कात, दोस्ती का दस्तावेज तो है ही, रोज़े का ज़ेवर भी है। ज़कात का ज़ेवर रोज़े की ज़ैब-ओ-ज़ीनत बढ़ाता है। ज़कात में दिखावा नहीं होना चाहिए। ज़कात का दिखावा, 'दिखावे' की ज़कात बन जाएगा। दिखावा शैतानियत का निशान है, इंसानियत की पहचान नहीं। रोज़ा पाकीज़गी का परचम और इंसानियत का हमदम है। इसलिए इंसानियत भी। रूहानियत की ताकत है रोज़ा, रोज़े की ताकत है ज़कात। हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फर्माया, रोज़ा रखते हुए शख्स को बुरी बात कहने से बचना चाहिए, यह भी ज़कात है।

# एनसीईआरटी की पुस्तक के पुनर्मुद्रण व डिजिटल प्रसार पर पूर्ण रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रचलन में मौजूद सामाजिक विज्ञान की किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की उस पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का संदर्भ दिया गया था।

न्यायालय ने प्रचलन में मौजूद किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का निर्देश दिया और इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट मांगी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यह एनसीईआरटी के निदेशक और उन सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, जहां यह किताब पहुंची है। उन्हें अपने परिसर में मौजूद किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त कर सील करना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि संबंधित पुस्तक के आधार पर छात्रों को कोई निर्देश या शिक्षा न दी जाए। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इस आदेश का पालन करने और दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों या बदले हुए शीर्षकों के जिरए इस आदेश का उल्लंघन करने की किसी भी कोशिश को अदालत की अवमानना और निर्देशों की सीधी अवहेलना माना जाएगा। इससे पहले बुधवार को मुख्य न्यायाधीश ने पुस्तक की सामग्री पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि वह किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली पीठ ने इसे न्यायपालिका के खिलाफ एक गहरी साजिश करार दिया।



### एनसीईआरटी मामले में न्यायपालिका के आदेश का पालन किया जाएगा : धर्मेन्द्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक विवाद पर कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों का पालन किया जाएगा। श्री प्रधान ने उच्चतम न्यायालय के एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पर गुरूवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं। न्यायपालिका ने जो भी कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ है, उससे मैं दुखी हूं, और मैं इस पर अफसोस जताता हूं।

### युवा कांग्रेस ने संगठन के नेताओं की रिहाई के लिए किया सत्याग्रह

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को यहां शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने गुरुवार को बताया कि सत्याग्रह में देश भर से आए युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य तथा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। श्री पांडे ने बताया कि सत्याग्रह में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव आदि शामिल हुए।




### अजित पवार प्लेन क्रैश: भतीजे रोहित व योगेंद्र बारामती पहुंचे

**बारामती।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के प्लेन क्रैश मामले में अजित के दोनों भतीजे रोहित और योगेंद्र पवार गुरुवार सुबह बारामती पहुंचे। यहां दोनों ने बारामती ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचकर क्रैश मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और एयरक्राफ्ट कंपनी वीएसआर के खिलाफ एफआईआर की मांगी की। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) के विधायक रोहित पवार ने थाने से बाहर आकर कहा कि हमारी पुलिस के साथ 2 घंटे बातचीत हुई, पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# इजरायल में भारतीय UPI चलेगा

## मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता, पीएम मोदी बोले: जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री मोदी इजरायल दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकास्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है।

वहीं, पीएम मोदी ने इजरायली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। फिर पीएम मोदी और इजरायली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजरायल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजरायल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) करेगा। मोदी बुधवार को इजरायल पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजरायली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और वहां की जनता का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। नेसेट (इजरायली संसद) से मिले सम्मान को उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों और भारत-इजरायल दोस्ती को समर्पित किया। कहा कि दोनों देशों के रिश्ते भरोसे, लोकतंत्र और इंसानी मूल्यों पर बने हैं। अब इस रिश्ते को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला हुआ है। यह दोनों देशों के लोगों की उम्मीदों को दर्शाता है। दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा करने की कोशिश होगी। एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और जरूरी खनिज जैसे क्षेत्रों में साथ काम होगा। इजरायल में यूपीआई इस्तेमाल के लिए समझौता हुआ है। रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग- रक्षा क्षेत्र में दोनों दोशों का भरोसेमंद सहयोग है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। जाइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर काम होगा। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ेगी। किसानों और गांवों के लिए नई पहल- कृषि क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग पहले से सफल रहा है। भारत में इजरायल की मदद से बने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक बढ़ाई जाएगी। गांव-गांव तक नई खेती तकनीक पहुंचाने के लिए 'विलेज ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जाएंगे। इससे किसानों की आय और उत्पादन बढ़ेगा। भारतीय कामगारों ने इजरायल में मेहनत से भरोसा जीता है। अब सहयोग को कामर्स और सर्विस सेक्टर तक बढ़ाया जाएगा। युवाओं और रिसर्चर्स को जोड़ने के लिए इंडिया-इजरायल अकादमिक फोरम बनेगा। वैश्विक मुद्दों पर साझेदारी- दोनों देशों ने आईएमईसी कॉरिडोर और आई2यू2 ग्रुप जैसे प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने पर चर्चा की।



- इजरायल आना मेरे लिए गर्व की बात: मोदी
- भारत और इजरायल के बीच 16 एमओयू हुए साइन
- फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत का पहला दौर पूरा

### पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फालोअर्स वाले पहले नेता

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फालोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पालिटिशियन बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फालोअर्स हैं। ट्रम्प 43.2 मिलियन फालोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फालोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फालोअर्स की संख्या से कम है। ट्रम्प के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फालोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फालोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। तुर्की के प्रेसिडेंट एर्दोगन के 11.6 मिलियन फालोअर्स हैं। पीएम मोदी ने बुधवार देर रात इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फालोअर्स का आंकड़ा छुआ। 2025 में पीएम मोदी के फालोअर्स 95 मिलियन हुए। इसकी के साथ उनका अकाउंट ग्लोबल इन्फ्लुएंसर्स अकाउंट्स की लिस्ट में जोड़ा गया। उनकी पोस्ट को लाखों-करोड़ों लाइक्स मिलना आम बात हुई।

# मियां मुसलमान विवाद पर असम सीएम को हाईकोर्ट का नोटिस

गुवाहाटी, वार्ता

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंता बिस्वा सरमा के मियां मुसलमान वाले बयान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। ये नोटिस राज्य में माइनॉरिटी कम्युनिटी के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया गया।

याचिका में कहा गया था कि सीएम सरमा के हेट स्पीच के वीडियो वायरल होने के बावजूद, असम पुलिस ने खुद से एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसमें दावा किया गया है कि सीएम के खिलाफ कार्रवाई न करने से सजा से बचने का माहौल और डरावना असर होता है। असमिया स्कॉलर डा. हिरेन गोहेन और दो अन्य लोगों ने इसे दायर किया था। इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने पिटीशनर्स से कहा था कि वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। मामले की सुनवाई के बाद, चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस अरुण देव चौधरी की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार, असम सरकार, डीजीपी और मुख्यमंत्री को नोटिस जाकी किया। कोर्ट ने अंतरिम राहत की अर्जी पर भी नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस स्टेज पर भाजपा को नोटिस जारी करना जरूरी नहीं है। एक पिटीशनर की ओर से पेश हुए सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस व्यक्ति के काम की एक जैसी, लगातार और आदतन प्रकृति को देखिए। वह अपने पद की शपथ और आर्टिकल 14, 15 के हर जाने-माने नियम, प्रस्तावना के शब्दों, सेक्युलरिज्म और भाईचारे और बीएनएस के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। सिंघवी ने कहा कि जब कोई पब्लिक ऑफिस की शपथ लेता है, खासकर राज्य का सीएम, तो ऐसे मामले मंजूर नहीं हैं। सिंघवी ने 2023 में छत्तीसगढ़ में सरमा की एक कथित टिप्पणी का जिक्र किया।

**याचिका में हिमंता को हेट स्पीच देने से रोकने की मांग की गई थी, कोर्ट ने केंद्र और असम डीजीपी को भी नोटिस भेजा**

## दिल्ली हाईकोर्ट का सैनिकों के हक में फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन को सिर्फ यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि बीमारी 'लाइफस्टाइल डिसऑर्डर' है या वह पीस एरिया में तैनाती के दौरान हुई।

हाईकोर्ट ने कहा कि गैर-ऑपरेशनल क्षेत्रों में भी सैन्य सेवा तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। बता दें कि सेना में 'पीस पोस्टिंग' का मतलब है कि सैनिक या अधिकारी की पोस्टिंग बॉर्डर पर नहीं बल्कि शांत और सुरक्षित शहरों या छावनियों में होती है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। वे हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में।

- कहा: लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बताकर दिव्यांगता पेंशन नहीं रोक सकते, सैन्य सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण

# ईडी ने तीन करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति की कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक मामले में 3.35 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के नागपुर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके परिवार के सदस्यों की कुर्क की गई संपत्तियों में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 10.37 एकड़ है। पीएमएलए जांच नागपुर के धंतोली और सीताबल्डी पुलिस स्टेशनों में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके सहयोगियों के खिलाफ उनकी कथित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के लिए दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी। जांच में यह खुलासा हुआ कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनकी पत्नी श्रीमती खुशी सचिन पांडे ने नागपुर में दो संपत्तियों में कोई हिस्सेदारी न होने के बावजूद, उन संपत्तियों को 2.5 करोड़ रुपये में बेचने के लिए शिकायतकर्ता अमित कोठारी के साथ जानबूझकर समझौता किया और 2-2 करोड़ रुपये नकद प्राप्त किए। बाद में जब शिकायतकर्ता के पक्ष में संपत्तियों को स्थानांतरित करने वाला बिक्री विलेख (डीड) निष्पादित नहीं किया गया, तो आरोपियों ने समझौता किया।

- जब्त संपत्ति में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल

**तुरन्त आवश्यकता**
इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177



# दामाद ने सास-ससुर, पत्नी को नशीला पदार्थ सुंघाया

## एक करोड़ के जेवर लेकर फरार, पुलिस जांच में जुटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कलयुगी रिश्तों और विश्वासघात की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। एक दामाद ने अपने ही ससुराल वालों को नशीला पदार्थ सुंघाकर घर में रखे भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मोहल्ला कैथला निवासी संतोष वर्मा पुत्र कृष्ण गोपाल वर्मा ने बताया कि उनकी इकलौती पुत्री मूक-बधिर है। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उन्होंने उसका विवाह हल्दौर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से किया था। शादी के बाद उनका दामाद उन्हीं के साथ रहने लगा था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद उन्होंने उसके खराब चाल-चलन और बुरी आदतों के कारण उसे घर से निकाल दिया था।

करीब आठ दिन पहले दामाद ने वापस आकर अपनी गलतियों के लिए माफी मांगी और साथ रहने की गुहार लगाई थी। जिसके बाद उन्होंने मानवता के नाते उसे दोबारा घर में रख लिया था, लेकिन उन्हें इस बात का अंदेशा नहीं था कि वह किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में है। बताया जाता है कि बीती रात दामाद ने धोखे से अपने सास-ससुर और अपनी मूक-बधिर पत्नी को कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया। जब सभी अचेत होकर गहरी नींद में सो गए, तो आरोपी ने घर की तिजोरी खंगाल डाली। पीड़ित संतोष वर्मा के अनुसार दामाद घर से करीब 500 ग्राम सोने के 2 कंगन, 2 चेन, मंगलसूत्र, 26 अंगूठियां तथा लगभग 40 किलोग्राम चांदी का सामान लेकर फरार हो गया है। गुरुवार की प्रातः जब परिजनों को होश आया और घर का सामान बिखरा देखा, तो उनके होश उड़ गए। अलमारी से करोड़ों के जेवर गायब थे और दामाद फरार था। सूचना मिलते ही सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पिछले सालों से अलग होगा इस वर्ष का सूखे रंग का जुलूस

## होली मिलन कार्यक्रम एक मार्च को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** होली पर्व पर हवन होली रंग गुलाल समिति के नेतृत्व में निकलने वाले हवन गुलाल जुलूस की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए बीती रात समिति की एक बैठक संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता के आवास पर अध्यक्ष प्रमोद चौहान की अध्यक्षता व मंत्री दीपक अरोड़ा के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक में समिति के संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों व सदस्यों ने विचार विमर्श कर जुलूस की व्यवस्थाओं व तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष द्वारा जुलूस की जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जुलूस में गुलाल के साथ-साथ फूलों का प्रयोग भी किया जायेगा। जुलूस में ऊंट, डीजे, ढोल, ताशे, गुलाल के साथ-साथ हास्य विनोद के लिए अन्य चीजों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंनें कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूस सांप्रदायिक सौहार्द के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पूरे जोश व उत्साह के साथ निकाला जायेगा।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष होली रंग गुलाल समिति के संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों, सदस्यों व विशेष आमंत्रित सदस्यों का होली मिलन समारोह एक मार्च 2026 को रॉयल रिजॉर्ट नगीना में आयोजित किया जायेगा।

बैठक में समिति के संरक्षक प्रभातचंद गुप्ता, अनिल बंधु, सुशील गुप्ता व विनोद अग्रवाल, समिति के उपाध्यक्ष सौरभ मित्तल व शलभ गोयल, सचिव दीपक अरोरा, कोषाध्यक्ष विनय अग्रवाल, प्रचार मंत्री अभिषेक अग्रवाल, सचिन शर्मा, ओमपाल सैनी, धर्मेंद्र राठी, लवी मित्तल, अरुण शर्मा व पवन काम्बोज, विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष शीतल अग्रवाल, विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, एलआरएस एकडमी के प्रबंधक संजीव अग्रवाल, भाजपा नेता रोहित रवि, प्रदीप गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, विकास शर्मा, मुकेश अग्रवाल, डॉ. बालेश विश्नोई, मोहित गर्ग, बृजमोहन विश्नोई, शरद गर्ग, विकास अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, सुनील कुमार, शलभ अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सुशील कुमार, हर्ष गोयल, मोहित गोयल, श्वेतकमल गोयल, विवेक राजवंशी, अनमोल कंसल, आदित्य चौहान, गर्वित मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग



**किरतपुर।** क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी यामीन ने थाना पुलिस को तहरीर देकर ग्राम के ही जुल्फिकार और विकार पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि गुरुवार को वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। यामीन ने आरोप लगाया कि दोनों आरोपी पहले भी गौकशी के मामलों में जेल जा चुके हैं और हिस्ट्रीशीटर बताए जाते हैं। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### भज्जावाला में टीकाकरण अभियान



**अफजलगढ़।** ग्राम भज्जावाला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रुबेला तथा खसरा नामक संक्रामक बीमारी की रोकथाम के लिए निःशुल्क टीकाकरण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम भज्जावाला के प्राथमिक विद्यालय में टीकाकरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. सर्वेश निराला के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत कक्षा एक से कक्षा पांच तक बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत मदरसों, प्राथमिक विद्यालय तथा प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का अफजलगढ़ विकासखंड में कुल 4400 बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में एएनएम आबिदा खातून, प्रधानाध्यापिका राजो देवी, आंगनबाड़ी सहायिका हेमलता देवी का सहयोग रहा।

### बाइक फिसलने दंपत्ति घायल

**नगीना।** द्वारिकेश शुगर मिल बूंदकी के पास बाइक का संतुलन बिगड़ने से ग्राम किरतपुर निवासी 52 वर्षीय रूप सिंह पुत्र जगदीश सिंह व उनकी पत्नी ज्योति घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रेफर कर दिया।

### दुकानों का स्वामित्व विवाद फिर गहराया

**स्योहारा।** नगर के जुमेरात बाजार क्षेत्र में स्थित एक भूमि पर दुकानों के संचालन को लेकर विवाद एक बार फिर तूल पकड़ता नजर आ रहा है। प्रशासन द्वारा पूर्व में उक्त भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए चेतावनी बोर्ड लगाकर खोखा व दुकानों को बंद कराया गया था। लेकिन कुछ दिनों बाद पुनः दुकानों के खुलने से मामला चर्चा में आ गया है। सेवा समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने इस पर आपत्ति जताते हुए उच्च स्तर पर शिकायत करने की बात कही है। समिति का कहना है कि उक्त भूमि संस्था की है तथा बिना अनुमति दुकानों का संचालन नियमों के विरुद्ध है। इस संबंध में डॉ. विनीत देवरा का दावा है कि संबंधित भूमि समिति की संपत्ति है और प्रशासन ने पूर्व में भी कार्रवाई करते हुए दुकानों को बंद कराया था। उनका कहना है कि समिति की संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा व्यावसायिक गतिविधि करना अनुचित है। वहीं भूमि से जुड़े कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस समिति के नाम पर स्वामित्व का दावा किया जा रहा है, वह काफी समय पहले समाप्त हो चुकी है। उनके अनुसार समिति के समाप्त होने के बाद संपत्ति मूल मालिक के अधिकार में आ गई थी और विधिक प्रक्रिया के तहत इसका विक्रय भी किया जा चुका है। उधर इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि दुकानों के खुलने के मामले में संबंधित पक्ष द्वारा डीएम कार्यालय में भी पत्राचार किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रशासन उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर ही कार्रवाई करेगा और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार उचित कदम उठाए जाएंगे।

### रात के अंधेरे में निर्माणाधीन दीवार गिराई



**स्योहारा।** ग्राम चकमहदूद सानी में बीती रात कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों द्वारा एक निर्माणाधीन दीवार गिराने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। बताया जा रहा है कि दीवार गिराने से संबंधित सीसीटीवी फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जिनमें एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ मौके पर दिखाई दे रहा है। घटना को लेकर कुछ ग्रामीणों ने थाना परिसर पहुंचकर तहरीर भी देने का प्रयास किया गया था। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत के बाद समझौता होने की बात सामने आई। इसके बावजूद ग्रामीणों का कहना है कि यदि भूमि को लेकर कोई विवाद था तो कानूनी प्रक्रिया के तहत आपत्ति दर्ज कराई जानी चाहिए थी न कि रात के समय इस प्रकार दीवार गिराकर कानून हाथ में लिया जाता। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त भूमि के आसपास अन्य भूमिधारकों से भी कुछ लोगों द्वारा अवैध वसूली किए जाने की चर्चाएं पहले से चल रही हैं। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक नजर

### युवक को सांप ने डसा

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद चमन निवासी सत्यवीर सिंह 30 वर्ष पुत्र विजय कुमार के पैर में उस समय काले सांप ने डंस लिया जब वह गांव के बाहरी छोर पर अपने घेर में काम कर रहा था। सांप के डंसने के बाद युवक को नींद आने, घबराहट और सीने पर जलन की शिकायत होने लगी, हालत बिगड़ने पर उसके बड़े भाई अजय कुमार ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया जहां पर चिकित्सक द्वारा स्नेक वेनम एन्टीसीरम इंजेक्शन ड्रिप द्वारा लगाकर इलाज प्रारंभ कर दिया। इलाज के दौरान उसकी हालत में सुधार होता गया। सीएचसी अफजलगढ़ के वरिष्ठ फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सांप के डंसने के बाद कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए जैसे सांप के डंसने के बाद तेज भागना नहीं, घबराना नहीं, बन्द लगाना नहीं व ब्लैड आदि से कट नहीं लगाना चाहिए। सांप के डंसने के तुरंत बाद झाड़-फूंक कराने के चक्कर में न पड़कर सीएचसी या पीएचसी में भर्ती कर उपचार कराया जाए।

### भूमि पर कब्जे का प्रयास

**बिजनौर।** कस्बा झालू की एक महिला ने अपनी बैनामे की भूमि को होलिका दहन की जमीन बताकर जबरन कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़िता ने प्रतिपक्षी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला रामलीला चौधरियान, आर्य समाज स्कूल के निकट रहने वाली प्रार्थिनी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उक्त स्थान पर स्थित भूमि उनके नाम बैनामे की है, जिस पर उन्होंने अपना आवास बना रखा है। उन्होंने बताया कि उनकी भूमि के दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर होलिका दहन की भूमि है, जिसे उनके परिवार द्वारा पूर्व में छोड़ा गया था। पीड़िता ममता ने आरोप लगाते हुए कहा कि ज्ञानेश्वर सिंह जो अपने को विश्व हिन्दू परिषद का सदस्य बताता है, होलिका दहन स्थल की आड़ में उनकी बैनामे की भूमि को भी होलिका दहन की जमीन बताते हुए अवैध कब्जा करना चाहता है। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो जाता है और जान से मारने की धमकी दे रहा है। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी भी समय कोई गंभीर घटना घटित हो सकती है। महिला ने जिलाधिकारी से प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने तथा उसे उनकी भूमि पर अवैध कब्जा करने से रोकने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

### भाकियू कार्यकर्ताओं में हर्ष



**हल्दौर।** मौहल्ला तोल्लावाला में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। गंगा एक्सप्रेसवे से जनपद को जोड़ने की मंजूरी मिलने की सूचना पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ने के बाद जनपद के विकास को नई दिशा मिलेगी। पर्यटन, कृषि और उद्योग क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा। किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सहूलियत होगी, जिससे समय और परिवहन लागत दोनों में कमी आएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने कहा कि एक्सप्रेसवे के माध्यम से क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय कारोबार को मजबूती मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बैठक में विपिन चौधरी, अशोक सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, पंकज सिंह, अनुज चौहान, राजन सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू ने मिठाई खिलाकर मनाई खुशी

## गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से निकलने पर जिले का होगा विकास : अतुल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आखिरकार गंगा एक्सप्रेसवे के बिजनौर से होकर गुजरने की उम्मीद जग गई है। गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से होकर निकाला जाएगा। बिजनौर से गंगा एक्सप्रेसवे निकलने की सूचना मिलने पर भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने शास्त्री चौक पर ढोल नगाड़े बजाकर और एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनाई। गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से होकर गुजरने से जिले का विकास होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

बिजनौर से गंगा एक्सप्रेसवे निकाले जाने की मांग को लेकर भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया था। उनके नेतृत्व में बिजनौर से कई लाख की संख्या में मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर गंगा एक्सप्रेसवे की मांग की गई थी। इतना ही नहीं एक्स पर ट्वीट किए गए थे। गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से निकाले जाने पर भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने शास्त्री चौक पर इकट्ठा होकर खुशी मनाई। ढोल नगाड़े बजाकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। साथ ही राहगीरों को भी मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान किसान नेता व प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा कि जिले से गंगा एक्सप्रेसवे निकलने से बिजनौर का विकास होगा। यात्रा सुलभ होगी, तो वहीं गंगा एक्सप्रेसवे के बिजनौर से निकलने पर नए-नए उद्योग लगेंगे और जिले के युवाओं को रोजगार मिलेंगे। एक-दूसरे को मिठाई खिलाने में अतुल कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, डैनी जटलान जिला उपाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष शुभम, प्रचार मंत्री नदीम, कुलवीर सिंह, मयंक, कपिल, देवानंद भुईयार, रूबल नावेद आदि मौजूद रहे।

# कुंवर सत्यवीरा कॉलेज में खेल स्पर्धा 2026 का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के विशाल प्रांगण में तीन दिवसीय खेल स्पर्धा का शुभारम्भ किया गया। स्पर्धा का शुभारम्भ रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन, संस्था निदेशक प्रो. डॉ. अमित कुमार बंसल व डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा ने खिलाड़ियों का परिचय जानकर संयुक्त रूप से किया।

क्रीड़ा इंचार्ज डॉ. अभिषेक चौधरी ने बताया कि क्रिकेट का प्रथम मैच सीएसई और सीईबीटी के बीच खेला गया, जिसमें टीम सीईबीटी 20 रन से विजयी रही। आयान अहमद ऑफ दा मैच रहे। इस मैच में गौरव गुप्ता व डॉ. अजय कुमार ने अंपायर के रूप में निर्णायक की भूमिका निभाई। इसी क्रम में दूसरी क्रिकेट टीम बीबीए और बीसीए के बीच खेला गया। जिसमें टीम बीसीए आठ विकेट से विजयी रही। जिसमें प्रिंस पाल मैन ऑफ दा मैच रहे। इस मैच में मनोज कुशवाहा व ललित राठी ने अंपायर के रूप में निर्णायक की भूमिका निभाई।

वालीबॉल में प्रथम मैच टीम एमबीए और बीसीए के बीच हुआ। जिसमें टीम बीसीए सेमी फाइनल में पहुंचे। इसी प्रकार दूसरा मैच सीईबीटी और बीबीए के बीच हुआ। जिसमें टीम सीईबीटी सेमी फाइनल में पहुंचे। इसी प्रकार तीसरा मैच सीएसई और सीईबीटी के बीच हुआ, जिसमें टीम सीएसई सेमी फाइनल में पहुंचे। चार मैच एमईईसीईईई और बीसीए के बीच हुआ। जिसमें बीसीए सेमी फाइनल में पहुंचे। फाइनल मैच सीएसई और बीसीए के बीच हुआ। जिसमें बीसीए विजयी रहा। बेडमिंटन में छात्र सिंगल टीम में कार्तिक राजपूत, उत्तम कुमार, वंश राजपूत, अभिषेक कुमार, सेमी फाइनल में पहुंचा। छात्र डबलस में कार्तिक राजपूत और महेश, अभिषेक कुमार और प्रखर सेमी फाइनल में पहुंचे। कैरम इवेंट छात्रा सेमी फाइनल पल्लवी चौधरी, रुनझुन में रहा। जिसमें पल्लवी चौधरी विजयी रही। इसी प्रकार छात्रा सेमी फाइनल टीम एक में खुशी, तनु अग्रवाल और टीम दो में कनिष्क राठी, उन्नति सिंह के बीच रहा। जिसमें खुशी, तनु अग्रवाल विजयी रही।

अंत में कार्यक्रम में संस्था निदेशक प्रो. डॉ. अमित कुमार बंसल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जूनियर और सीनियर के बीच मैत्री भाव उत्पन्न करते है और सद्भाव को बढ़ावा देते है। उन्होंने क्रीड़ा इंचार्ज डॉ. अभिषेक चौधरी सहित स्टाफ के सभी सदस्यों को स्पर्धा के सफल कार्यक्रम हेतु बधाई दी।

# पासपोर्ट सेवा केंद्र प्रभारी को व्यापार मंडल ने दी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

धामपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, धामपुर के तत्वावधान में नगीना पासपोर्ट सेवा केंद्र के सेवा केंद्र प्रभारी एवं वेरिफिकेशन ऑफिसर एस. के. पांडे के सम्मान में विदाई एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। उनके नगीना से मुख्य पासपोर्ट सेवा केंद्र, बरेली स्थानांतरण पर व्यापारियों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने एस. के. पांडे के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में आम नागरिकों एवं व्यापारियों की पासपोर्ट संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान किया, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिली।

व्यापार मंडल के मुरादाबाद मंडल प्रभारी/अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी ने कहा कि उनका एस. के. पांडे से लगभग 12 वर्षों से परिचय है। उन्होंने कहा कि पांडे जी जैसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले अधिकारी बहुत कम देखने को मिलते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए एस. के. पांडे को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की विचारधारा से अवगत कराया तथा व्यापारी हितों के लिए संगठन द्वारा किए जा रहे संघर्षों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा एस. के. पांडे व उनके सुपुत्र चिराग पांडे को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष एस. पी. सलूजा, शिवेंद्र अग्रवाल, असलम फरीदी, सुहैल डिजाइनर, सलमान फरीदी, मंजीत सिंह सलूजा, इरशाद मंसूरी, श्यान शम्सी, नवीन अग्रवाल, मोहम्मद आसिफ, अजित चावला, शोएब मैक्स, सौरभ अग्रवाल, अशोक दुआ आदि मौजूद रहे।

# दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना लोकतंत्र का मूल आधार : राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

राधाकृष्णन ने गुरूवार को श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालयों को भले ही बुनियादी ढांचे और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता हो, लेकिन उनकी सच्ची विरासत उनके स्नातकों के चरित्र और योगदान में झलकती है। उन्होंने 1948 में स्थापित कश्मीर विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत और बढ़ते अकादमिक प्रभाव की सराहना की। उन्होंने छात्रों से निरंतर अनुकूलन करने, नए कौशल हासिल करने और नवाचार को अपनाने का आग्रह किया। भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवप्रवर्तक के रूप में उभरने पर जोर देते हुए उन्होंने युवाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वदेशी नवाचारों को आगे बढ़ाने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों जिनमें श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विस्तार और चेनाब रेल पुल जैसी महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं, उन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल नए अवसर पैदा करती हैं और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रीनगर स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत देश का सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरेगा।

# रेल यात्रियों को विवादों में दावा करने की होगी ऑनलाइन सुविधाः वैष्णव

**नई दिल्ली, वार्ता**



रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान हादसे, अनहोनी घटनाओं अथवा सामान के नुकसान या चोरी आदि के मामलों में क्षतिपूर्ति के दावों के लिए इलेक्ट्रानिक सुविधा मिलेगी जिससे कोई यात्री ऐसे किसी भी मामले में रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आसीटी) के समक्ष कहीं से भी दावा कर सकेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को 52 सप्ताह में 52 सुधार के संकल्प की दिशा में दो नए सुधारों की घोषणा की जिसमें रेल यात्रियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित दावे और निपटान की इलेक्ट्रानिक रेलवे दावा न्यायाधिकरण (ई-आरसीटी) की सुविधा शामिल है। रेलमंत्री ने आज घोषित दूसरे सुधार के अंतर्गत स्टार्टअप और नवप्रवर्तों को रेलवे के समक्ष यात्री सुरक्षा, संरक्षा, रेल-ट्रैक निगरानी आदि किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर प्राद्योगिकी समाधान या विचार प्रस्तुत करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म-'रेलटेक डिजिटल' का अनावरण किया। रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान घटना-दुर्घटना या रेलवे के साथ किराए अथवा अन्य विवाद के संबंध में कहीं से दावा करने की ई-आरसीटी सुविधा के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि आनलाइन दावे की सुविधा चरणबद्ध तरीके से 12 महीने में आरसीटी की सभी शाखाओं में लागू कर कर दिया जाएगा। इस प्रौद्योगिकी आधारित सुधार से आसीटी के देश भर में सभी 23 शाखाओं को दावों की प्रक्रिया और निस्तारण की डिजटलीकृत सुविधाएं कर दी जाएगी। इस अवसर पर आरसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति कंवलजीत सिंह अहलुवालिया भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल के लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव को बधाई दी और कहा कि उनके पास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भी है जिसके चलते यह सुधार तेजी से होने जा रहा है । उनके नेतृत्व की प्रसंसा करते हुए श्री अहलुवालिया ने कहा कि एआई आधारित ईआरसीटी प्रणाली से रेलवे में लंबित दवों का तेजी से सामाधान करने में बड़ी मदद मिलेगी। रेलवे का कहना है कि ई-आरसीटी चौबीसों घंटे ई-फाइलिग और स्वचालित चेतावी के साथ दावों में तेजी, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी। वैष्णव ने 'रेलटेक' डिटिटल प्लेटफार्म को को 'स्टार्ट द्वारा, स्टार्टअप के लिए खुला मंच बताते हुए कहा कि रेलटेक नीति का मसौदा स्टर्टअप इकाइयों ने ही बना कर दिया था। उन्होंने रेलटेक डिजिटल मंच को बटन दबा कर प्रारंभ करते हुए कहा कि यह सतत खुला रहेगा। इस वेबसाइट पर आप अपने विचार, प्रौद्योगिकी समाधार कभी भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले श्री वैष्णव ने 14 परवरी को देश के विभिन्न हिस्सों में 500 कार्गो टर्मिनल बनाने तथा बिना आरक्षण वाले डिब्बों में आरक्षित डिब्बों की तरह सफाई की व्यवस्था करने की घोषणा की थी। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से बात. चीत में कहा कि रेल टेक नीति के तहत एक रेल टेक वेबसाइट बनाई जाएगी, जहां कोई भी नवप्रवर्तक अपना आइडिया सीधे रेल मंत्रालय और सरकार के दो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह नीति रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और बायोटेक क्षेत्र की सफल नीतियों से सीख लेकर तैयार की गई है।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

नौवां रोजा वक्त इफ्तार 27 फरवरी शाम 6:18
दसवां रोजा वक्त सहरी 28 फरवरी सुबह 5:20

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र


# रूचि व रमेश आमने-सामने

## फरीदपुर काजी की भूमि के स्वामित्व को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बैराज मार्ग पर स्थित बेशकीमती भूमि के स्वामित्व को लेकर मुरादाबाद की सपा सांसद कुंवरानी रूचि वीरा एवं सपा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. रमेश तोमर आमने-सामने आ गए है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विवाद की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है और तब तक मौके पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए है।



प्राप्त समाचार के अनुसार बैराज मार्ग पर ग्राम फरीदपुर काजी में बेशकीमती भूमि है। इस संबंध में मुरादाबाद की सपा सांसद व स्थानीय ग्राम धर्मनगरी की निवासी कुंवरानी रूचि वीरा ने 31 दिसंबर, 25 को जिलाधिकारी जसजीत कौर को एक पत्र दिया था। जिसमें कहा गया था कि उनकी व उनके पारिवारिक सदस्य उदयन वीरा, अमिताभ वीरा एवं शशांक वीरा की मौजा फरीदपुर काजी में खाता संख्या 24, खाता संख्या 119, खाता संख्या 512 व खाता संख्या 642 में कृषि भूमि है। पत्र में कहा गया था कि इस कृषि भूमि को चकबंदी एवं तहसील विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नक्शे के आधार पर पैमाइश करा कर कब्जा परिवर्तन कराने का कष्ट करें। इस पत्र पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एसडीएम सदर, एसओसी चकबंदी एवं सीओ सिटी को टीम भेज कर नियमानुसार तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद टीम ने मौके पर जा कर जांच की थी और वहां सांसद रूचि वीरा पक्ष के द्वारा अपनी भूमि में खंबे व तार लगा दिए गए थे।

इस बीच आज सपा नेता डॉ. रमेश तोमर के पुत्र रजनीश तोमर अपने साथियों व सपा के कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस भूमि को सावित्री देवी ट्रस्ट की सम्पत्ति बताया। आरोप है कि उनके द्वारा खंबे उखाड़ दिए गए।

सूचना मिलते ही सपा सांसद रूचि वीरा भी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर तकरार हुई। मौके पर बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी भी पहुंच गए। डॉ. रमेश तोमर के पुत्र रजनीश तोमर ने चकबंदी विभाग के आदेश को गलत बताया है। मामले की जांच के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया है।

# धामपुर के चर्चित पुखराज हत्याकांड में दो को उम्रकैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेंद्र कुमार ने धामपुर के चर्चित पुखराज हत्याकांड में आरोपी जयदीप और पिंटू चौहान को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और 25-25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लेकिन सजा सुनाए जाने के बाद दोनों आरोपियों ने अदालत में ही जज को जान से मारने की धमकी दे दी। साथ ही पीड़िता को भी धमकाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जज ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा बढ़ाने के लिए पत्र भेजा है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पवार के अनुसार रेनू ने थाना धामपुर में दर्ज रिपोर्ट में बताया था कि 19 मई 2024 को उसके पिता पुखराज सिंह पुत्र भोपाल सिंह निवासी ग्राम मटोरा दर्गा खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान कार सवार युवकों ने उन्हें पकड़कर सड़क पर खींच लिया और कार से कुचल कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंच कर कार

### अभियुक्तों ने जज को दी धमकी

सवार आरोपियों जयदीप पुत्र राजेंद्र निवासी शिमला थाना शिवाला कलां, पिंटू चौहान और ऋषिपाल की पहचान की थी। पुलिस ने विवेचना के बाद जयदीप और पिंटू चौहान के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया।

कोर्ट में मृतक की पुत्री अंजलि ने बयान दिया कि उसकी शादी जयदीप के भाई प्रदीप से हुई थी। ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था, जिस पर उसने मुकदमे दर्ज करा रखे थे। उसके पिता पुखराज मुकदमों की पैरवी कर रहे थे, जिससे आरोपियों से रंजिश हो गई और इसी के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। वहीं कोर्ट परिसर में दी गई धमकियों के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# गौरव कुमार जंघाला प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जनपद के ग्राम स्वाहेड़ी निवासी गौरव कुमार जंघाला को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने गौरव कुमार जंघाला को प्रदेश उपाध्यक्ष, पश्चिमी उत्तर प्रदेश पद पर मनोनीत किया गया है। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि गौरव कुमार की सक्रियता, मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। संगठन ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वह चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की नीतियों व कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के किसान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और गौरव कुमार को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने गौरव कुमार जंघाला को बुके भेट कर स्वागत किया।


गौरव कुमार जंघाला ने सभी शीश नेतृत्व का आभार प्रकट किया है।

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद


अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


## एक नजर

### एम फार्मा प्रथम सेमेस्टर में वंदना प्रथम



**बिजनौर।** एकेटीयू द्वारा एम फार्मा प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार सैनी ने बताया कि कृष्णा फार्मेसी कॉलेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमें वंदना वर्मा 8.47 एस.जी.पी.ए. सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्ष चौहान ने 8.46 एस.जी.पी.ए. द्वितीय एवं साक्षी रानी 8.15 एस.जी.पी.ए. तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन कर बधाई दी। छात्रों ने इस सफलता के लिए अपने माता पिता एवं अपने गुरुजनों का सहयोग बताया। फार्मेसी के प्रवक्ता शहीर अहमद, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, मौहम्मद खालिद, दीपक कुमार गुप्ता, नीरज चौहान, डॉ. ऐमन सिफत, पियूष कुमार एवं रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा ने छात्रों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

### खेड़ीजट में दो बंद मकानों में चोरी



**नहटौर।** क्षेत्र के गांव खेड़ीजट में चोरों के हौंसले बुलंद हैं। चोरों ने गांव के दो बंद मकानों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। राजेश वाल्मीकि अपने परिवार के साथ देहरादून गए हुए थे। वहीं, गांव के ही दूसरे निवासी रोताश सैनी भी अपने परिवार सहित काम के सिलसिले में दिल्ली में थे। दोनों घर बंद थे, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरों के ताले और अलमारियां खंगाल डाली। गुरुवार की सांय अचानक ग्रामीणों ने ताले टूटे देखे। अंदर जाकर देखा तो कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पीड़ितों के घर लौटने के बाद ही चोरी हुए कुल माल का सटीक आंकलन हो पाएगा। हल्का दरोगा संयम यादव का कहना है कि सूचना पर मौके पर पहुंचकर जानकारी ली गई है। जांच की जा रही है।

### उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



**नहटौर।** नहटौर डिग्री कॉलेज के सभागार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान/जनप्रतिनिधि एवं प्रधानाध्यापक/शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, डीबीटी, निपुण भारत मिशन, बालिका शिक्षा तथा विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उदित चौधरी ने की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह, सुखवीर सिंह, हेमराज सिंह एवं अभिषेक भटनागर ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक रामअवतार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में थम्मन सिंह, सुधीर कुमार, कृष्णपाल, शोभांजलि, सलोनी रानी आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, ग्राम प्रधान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 251 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे



**हल्दौर।** गंज मार्ग स्थित रायल बैंक्वेट हॉल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य समारोह में 251 युवक-युवतियों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार, उनकी पत्नी एवं महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी, ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह तथा बीडीओ सीपी पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गायत्री परिवार के आचार्यों पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज एवं बलवीर सिंह ने 201 हिंदू जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया, जबकि मौलाना अयूब ने 50 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़वाया। पूरे समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के एडीओ रवि शर्मा, एडीओ ग्राम पंचायत सुशील कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कुमार, परवेंद्र सिंह, राहुल कुमार, प्रधान नरपाल सिंह, पंडित महेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, एसटी अरेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंच संचालन अर्जुन कुमार ने किया।

# कार नदी में गिरी, दो की मौत

## चार गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** दर्दनाक हादसे में दो की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात्रि बोलेरो कार यूके15टीए0317 में सवार होकर छह व्यक्ति ऋषिकेश से नजीबाबाद शादी में शामिल होने आए थे। वापस जाते समय बोलेरो कार अनियंत्रित हो कर नहर की पटरी हरिद्वार बाईपास पर मालन नदी के पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे गिर गई। जिसमें विशाल (25 वर्ष) पुत्र



कालीचरण, मोहित (28 वर्ष) पुत्र राजू, विशाल (35 वर्ष) पुत्र सुनील कुमार, अंकित (35 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र निवासीगण मुनी की रेती, जनपद टिहरी गढ़वाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि सतीश (45 वर्ष) पुत्र चरण दास व सचिन उर्फ सत्य (30 वर्ष) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा चारों घायलों को सीएचसी समीपुर ले जाया गया। जहां से डॉक्टर द्वारा उक्त चारों को एम्स, ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है तथा दोनों मृतकों के शवों का पंचायतनामा भरकर जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है।

घटना के संबंध में थाना नजीबाबाद पर कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। घटनास्थल पर राहगीर विजेंद्र कुमार एड. ने मांग कि है कि रास्ते में लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए तथा कैमरे लगाए जाएं। जिससे भविष्य में कोई ऐसी घटना ना घटे। बताया जा रहा है कि सड़क से नदी की गहराई 40 से 50 फीट है। काफी ऊंचाई से नदी में कार गिरने से उसके परखच्चे बिखरे देखे गए।

# सात रोजा तरावीह में कुरान मुकम्मल होने पर दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गांव मानियावाला में अल हाज शेख नईम उल्लाह के निवास पर सात रोजा तरावीह में कुरआन ए करीम मुकम्मल होने पर दुआएं मांगी गई।

बीती रात सात रोजा तरावीह में कुरआने ए करीम को हजरत मौलाना नफीस अहमद (उस्ताद मदरसा इशाअतुल उलूम) ने सुनाया व कारी अजीम अहमद ने सुना। इस मौके पर मौजूद लोगों को खिताब करते हुए, हजरत मौलाना नफीस अहमद व हजरत मौलाना मौहम्मद उमैर ने



कुरआन ए पाक सुनाने और सुनने की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कुरआन के बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज में फैली तमाम बुराइयों से दूर रहने, आपसी भाईचारा, मोहब्बत का पैगाम देते हुए अपने बच्चों को तमाम जरायमपेशा कामों और बुराई से दूर रहने की हिदायत दी।

आखिर में मौलाना नफीस अहमद ने पूरे आलम में अमन शांति, भाईचारे, इख्लास, और गुनाहों की तलाफी व सही रास्ते पर चलने की हिदायत के लिए दुआ कराई।

इस नूरानी मौके पर हजरत मौलाना नफीस अहमद, हजरत मौलाना मौहम्मद उमैर, कारी अजीम अहमद के अलावा रियासत अल्लाह, जाहिद अल्लाह, नदीम उल्लाह, शेख मौहम्मद यूसुफ, मौहम्मद अकरम, मौहम्मद गुफरान, कारी अब्दुल्लाह नायक आदि मौजूद रहे।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने 2027 की जनगणना को लेकर भेजे सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने वर्ष 2027 में प्रस्तावित राष्ट्रीय जनगणना को लेकर जनगणना आयुक्त एवं भारत के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र भेजकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। सांसद ने जनगणना की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समावेशी और सामाजिक न्याय के अनुरूप बनाने की मांग की है।

अपने पत्र में सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा है कि अब तक ओबीसी वर्ग की अलग से गणना नहीं की गई है और जातिगत जनगणना की स्पष्ट पद्धति भी घोषित नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि वर्ष 2027 की जनगणना में ओबीसी सहित सभी जातियों की अलग-अलग गणना सुनिश्चित की जाए, जिससे नीति निर्माण में वास्तविक सामाजिक स्थिति सामने आ सके।

सांसद ने विमुक्त जनजातियों (Denotified Tribes) का भी विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व की जनगणनाओं में केवल



## ओबीसी, विमुक्त जनजातियों की अलग से गणना व अल्पसंख्यकों का सटीक आंकड़ा जुटाने की मांग

अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची तक ही आंकड़े सीमित रहे हैं, जबकि एसटी सूची से बाहर रहने वाली विमुक्त जनजातियों की वास्तविक स्थिति आज भी उपेक्षित है। उन्होंने कहा कि इन समुदायों की अलग से गणना किए जाने से दशकों से चले आ रहे सामाजिक अन्याय को दूर करने की दिशा में ठोस पहल संभव होगी। धर्म आधारित आंकड़ों को लेकर भी सांसद ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सामा. जिक-राजनीतिक परिस्थितियों में यह आवश्यक हो गया है कि जनगणना में देश के विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों की जनसंख्या, धर्म, जाति एवं जनजाति का सटीक, निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से आंकलन किया जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंच सके। पत्र में सांसद ने यह भी उल्लेख किया कि जनगणना केवल एक सांख्यिकीय प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह नीति निर्धारण, संसाधनों के वितरण और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व की आधारशिला है। इसलिए जनगणना की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और पेशेवर दक्षता सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपेक्षा जताई कि जनगणना आयुक्त के नेतृत्व में यह कार्य संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप निष्पक्षता एवं उच्च प्रशासनिक मानकों के साथ संपन्न होगा। साथ ही उन्होंने 2027 की जनगणना को सामाजिक न्याय की दिशा में एक निर्णायक कदम बनाने का आह्वान किया।

## पंचायत सचिव पर अवैध वसूली का आरोप

**नहटौर।** ग्राम पंचायत धनुपुरा अम्बर (धनुपुरा मच्छमार) की ग्राम प्रधान फरीन परवीन, ग्रामीण तहा. जुद्दीन, अलाउद्दीन, मोमीन, राशिद अली, मौ.अकरम, मौ.उमर, मौ. जुनैद, अकबर अली, रुखसार, वकीला आदिने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें एसआईआर फॉर्म भरने के लिए 'परिवार रजिस्टर की नकल' की आवश्यकता पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात पंचायत सचिव मोहन कुमार नकल देने के नाम पर प्रति व्यक्ति 150, 200 और यहाँ तक कि 600 रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने निर्धारित सरकारी शुल्क पर नकल देने का आग्रह किया तो सचिव ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया। पंचायत सचिव की कार्यशैली से परेशान ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सचिव मोहन कुमार ने आरोपों को निराधार बताया है। शपथ-पत्र के माध्यम से परिवार रजिस्टर की नकल दी जा रही है।

# डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विजिट कार्यक्रम

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संग होली मिलन समारोह में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** इनरव्हील क्लब रॉयल, डिस्ट्रिक्ट 310 के अंतर्गत आधिकारिक डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शालिनी गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में उनका भव्य स्वागत किया गया। क्लब की सदस्यों ने पुष्पगुच्छ व सम्मान प्रतीक भेंट कर अतिथि का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए पंडित संजय मिश्रा की पुत्री के विवाह के लिए एक सोफा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। यह सहयोग क्लब की सेवा भावना और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

इस अवसर पर मानसिक



स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एक प्रेरणादायक सेमिनार एवं संबोधन का आयोजन भी किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने पर विस्तार से प्रकाश डाला। उपस्थित महिलाओं ने इस विषय पर अपने विचार साझा करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।

कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में केक कटिंग समारोह भी आयोजित किया गया। अंत में आगामी होली पर्व को लेकर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा ज्योति अग्रवाल, सचिव सोनिया कर्णवाल, सरिता गोयल, योजना गुप्ता, शालिनी गुप्ता, शालिनी मित्तल, सोनिका गुप्ता, याशिका गुप्ता, प्रतिभा अग्रवाल, शिप्रा गुप्ता, शोभा रस्तोगी, प्रीति अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, सोनिया गुप्ता, रचना गुप्ता, श्वेता मल्होत्रा एवं प्रियंका अग्रवाल सहित सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का सफल आयोजन क्लब की एकजुटता और समाज सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

## एक नजर

### नशा मुक्ति हेतु अभियान चलाया




**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में चल रहे शिविर के छठे दिन ग्राम मुस्तफाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक डा. शिवाली राजपूत के नेतृत्व में नशा मुक्ति हेतु अभियान चलाया गया। स्वयंसेवियों ने डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से नशा नहीं करने की अपील की। उनका कहना था कि नशा एक बुरी प्रवृत्ति है। उसके सेवन से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। नशीले पदार्थों का सेवन गंभीर, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याओं का कारण बनता है। उनका कहना था कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए युवाओं तथा महिलाओं को आगे आना होगा। तभी भारत नशा मुक्त राष्ट्र बन सकता है। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई का शिविर ग्राम सरकथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा तथा विवेक कुमार के नेतृत्व में चल रहा है। शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार शर्मा, डा. शिवाली राजपूत, नीशु देवल, रुक्मणी, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, डा. ओमपाल त्यागी, राकेश चौहान, डा. वरुण कुमार, प्रदीप कुमार, मंसाराम, सचिन कुमार, राजेंद्र सिंह, सोनू कुमारश छाया राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### एक्सप्रेसवे के बिजनौर से निकलने पर हर्ष



**चांदपुर।** शिवसेना बिजनौर की एक बैठक आज बसंती देवी धर्मशाला में हुई जिसमें शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कह कि समाचार पत्र के माध्यम से प्राप्त बिजनौर से गंगा एक्सप्रेसवे निकाले जाने की सूचना प्राप्त हुई यह बिजनौर वासियों के लिए हर्ष का विषय है। शिवसेना ने गंगा एक्सप्रेसवे की मुद्दे को बड़ी प्रमुखता से धरना प्रदर्शन के माध्यम से मांग को उठाया था। जिसमें शिवसेना को कई संगठन, बार एसोसिएशन चांदपुर, श्री कृष्ण सेना, व्यापार संगठन, सफाई कर्मचारी संगठन, खिलाड़ी संगठन, जाट संघर्ष समिति आदि कई संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर वासियों को मिलने जा रहा है। इस दौरान शिव सैनिकों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। चौधरी वीर सिंह ने कहा कि बिजनौर वासियों की हक की लड़ाई शिवसेना इसी तरह लड़ती रहेगी और बिजनौर वासियों के साथ किसी तरह का छल नहीं होने दिया जाएगा लेकिन बाहरी नेताओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस दौरान पंडित नरेश शर्मा, विजय मोहन गुप्ता, ऋतुल शर्मा, मुकेश, दिनेश तोमर आदि मौजूद रहे।

### रोटावेटर में फंसने से किसान का पैर कटा

**नांगल सोती।** गांव तिसोतरा निवासी किसान सत्येंद्र सिंह (40 वर्ष) बीती रात्रि घर के समीप ही अपने खेत की जुताई कर रहा था। किसान ट्रैक्टर रोककर रोटावेटर में कुछ कार्य करने लगा जिससे उसका दायां पैर रोटावेटर में फंस गया।जब पैर कूल्हे तक पहुंच गया तब जाकर रोटावेटर रुका। हादसे में किसान का पैर शरीर से अलग हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान का बिजनौर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है।

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्र इन्तेजार अहमद व पुत्रवधू गुलशन पत्नी इन्तेजार का आचरण व व्यवहार मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ठीक नहीं है। ये दोनों मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने व मेरे परिवार ने पिछले एक वर्ष से इन दोनों से सभी तरह के सम्बंध विच्छेद कर लिये है और मैंने इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन्तेजार व उसकी पत्नी गुलशन के किसी भी गलत कार्य व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**अन्सार अहमद पुत्र अलीबख्श मौहल्ला नई सराय, कस्बा परगना व तहसील धामपुर (बिजनौर)**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. बिजनौर के यहां श्रीमती शर्मिष्ठा पत्नी मुनीश कुमार गुप्ता निवासी शेखपुर गढु हिमालयन कॉलोनी नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने अपने भवन नीर्मित 58.52 वर्ग मी. के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है जिसे श्रीमती शर्मिष्ठा पत्नी मुनीश कुमार गुप्ता ने अब्दुल गफूर, जहूर अहमद, जमीर अहमद, मौ. शाहिद पुत्रगण अली बक्श तथा शकीला पत्नी अब्दुल वाहिद तथा नाबालिग मौ. हामिद व मौ. वासिम पुत्रगण अब्दुल वाहिद द्वारा संरक्षिका माता शकीला पत्नी अब्दुल वाहिद से दिनांक 17.05.1994 को बही सं. 1 जिल्द संख्या 266 पृष्ठ 23/28 क्रम सं. 1926 पर खरीदा था जिस किसी व्यक्ति, बैंक, उत्तराधिकारी तथा वितीय संस्था को उपरोक्त के संबंध में आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क कर सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

# माधव गौ सेवा समिति का वार्षिक अधिवेशन

## गौ सेवकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम स्थित माधव गौ सेवा समिति का वार्षिक अधिवेशन गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अधिवेशन में समिति द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान संचालित गौ संरक्षण, उपचार शि. विरों, चारा वितरण, टीकाकरण अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नसीर दिवाला स्थित माधव गौ सेवा समिति का वार्षिक अधिवेशन में समिति पदाधिकारियों ने बताया कि बीते वर्ष घायल, बीमार और बेसहारा गौवंश की सेवा के लिए विशेष अभियान चलाए गए। ग्रामीणों के सहयोग से आपातकालीन उपचार व्यवस्था, पशु चिकित्सकों की टीम तथा अस्थायी आश्रय की व्यवस्था की गई। साथ ही पशुपालकों को जागरूक करने के लिए ग्राम-ग्राम संपर्क अभियान भी चलाया गया।

अधिवेशन के दौरान उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले गौ सेवकों को मंच से सम्मानित किया गया। डॉ. नवनीत, डॉ. कैलाश, गौतम गिरी, डॉ. दिनेश भारद्वाज सहित अन्य कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि निःस्वार्थ सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान समाज में सकारात्मक संदेश देता है और युवाओं को भी सामाजिक कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष सत्र आयोजित



किया गया। विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित टीकाकरण एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए अभिभावकों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बालक ही स्वस्थ समाज की नींव होते हैं। अध्यक्षता कर रहे शरदचन्द्र शर्मा ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल गौ सेवा तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना विकसित करना भी है। संचालन मोहन सिंह ने किया। विभाग प्रचारक क्रांति कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए गौ सेवा को भारतीय संस्कृति और सामाजिक दायित्व का अभिन्न अंग बताया तथा ग्रामीण समाज से संगठित होकर पशु संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि के रूप में धामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा उपस्थित रहे। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के संगठित प्रयास समाज को नई दिशा देते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पशु संरक्षण से जुड़े कार्यों में प्रशासन और जनप्रतिनिधि हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर डॉ. मंजू चौधरी, अनिल कुमार गोयल, हरपाल सिंह, रेखा रानी, सतीश कुमार, पुनीत कुमार, राकेश अग्रवाल, दीपक गोयल, शरद पाल (अपर जिला न्यायीक अधिकारी), डॉ. पी.के. कोहली, शूरवीर सिंह (डायरेक्टर), धर्मवीर, नीरज चौहान, डॉ. अमित चौहान, संजीव राजपूत, डॉ. लोकेश चौहान (मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी), रामवीर, रंजीत सिंह द्वारा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ग्रामीण एवं गौ सेवक उपस्थित रहे।

**कार्यालय : नगर पालिका परिषद स्योहारा, जनपद-बिजनौर।**

पत्रांक: 2319/E-TENDER/NPPS/2025-26 DATE: 26.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, स्योहारा, जनपद बिजनौर 15वां वित्त आयोग के निर्दिष्ट अनुदान के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 18.03.2026 के अपरान्ह 03.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 18.03.2026 को ही अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा से संबंधित कोई भी जानकारी कार्य दिवस में निकाय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय/ अधिशासी अधिकारी, में निहित है तथा लिए गए निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

**(विजेन्द्र सिंह पाल)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

**(फैसल वारसी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद स्योहारा**
**जनपद बिजनौर**

# महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच की धामपुर में दबिश

## सराफा बाजार से दो संदिग्ध हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाराष्ट्र में हुई चोरी की एक बड़ी घटना के मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बार फिर धामपुर में दबिश दी। गुरुवार को मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम धामपुर के फल चौक स्थित सराफा बाजार पहुंची, जहां से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए साथ ले गई।

बताया गया है कि यह कार्रवाई महाराष्ट्र में दर्ज एक पुराने चोरी के मामले से जुड़ी हुई है। क्राइम ब्रांच को पहले हिरासत में लिए गए कुछ आरोपियों से पूछताछ के दौरान अहम सुराग मिले थे, जिनकी निशानदेही पर धामपुर में यह दबिश दी गई। टीम के प्रभारी सुनील जनशौर्य ने बताया कि मामले की जांच कई कड़ियों में चल रही है और इसी सिलसिले में धामपुर से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

सुनील जनशौर्य के अनुसार, पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। जांच अभी प्रारंभिक चरण में है, इसलिए फिलहाल ज्यादा विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पूछताछ में ठोस साक्ष्य सामने आते हैं तो आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई से सराफा बाजार में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों में अचानक पहुंची बाहरी पुलिस टीम को लेकर चर्चा का माहौल रहा। हालांकि स्थानीय पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर नजर बनाए रखी और सहयोग किया।

सूत्रों के अनुसार, महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच इस मामले में प्रदेश के अन्य जिलों में भी दबिश दे सकती है। पुलिस टीम की सक्रियता से यह संकेत मिल रहे हैं कि मामला संगठित गिरोह से जुड़ा हो सकता है, जिसकी जड़ें उत्तर प्रदेश तक फैली हुई हैं। फिलहाल दोनों संदिग्धों से कोतवाली धामपुर में पूछताछ जारी है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# प्रियंका का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल में सत्र 2025-26 के कक्षा 9 वीं और 11वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यार्थियों को उनके माता-पिता/अभिभावकों की उपस्थिति में प्रियंका मॉडर्न स्कूल के जूनियर विंग में रिपोर्ट-कॉर्ड वितरित किये गये। इस वर्ष भी विगत वर्षों की भांति प्रियंका मॉडर्न स्कूल के कक्षा-9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने शानदार कीर्तिमान स्थापित कर स्कूल को गौरवान्वित किया है।



## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

इस वर्ष कक्षा-11 में पीसीएम ग्रुप में स्नेहा चौहान ने 95.6% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी ग्रुप में सूर्या गहलौत ने 91.8% और वंशिका सैनी ने 90.3% अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पीसीबी ग्रुप में जतिन चौहान 88.3% खुशी राजपूत 84.9% और वैष्णवी ने 81.4% अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स ग्रुप में जानवी अरोड़ा ने 92.3% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वास्तिक अग्रवाल ने 91.6% और परी कपूर ने 91.4% अंक पाकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा-9 में प्रणवी राठी ने 94.7% अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वंश चौहान 94.6% अंक के साथ दूसरे और अर्जुन अहलावत 93.4% अंक अर्जित कर तीसरे स्थान पर रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर व्यक्ति बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकता है। प्रधानाचार्य ने उपस्थित प्रबन्धन वर्ग, अभिभावकों और शिक्षकों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के मागदर्शन और सहयोग से हम निरन्तर सफलता की ओर बढ़ रहे हैं। उनके द्वारा आगामी एक सप्ताह के भीतर ही कक्षा-9 और 11 के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु विधिवत् कक्षाओं के संचालन की बात भी बताई गई। प्रबन्धन वर्ग की ओर से निदेशक प्रियंकर राणा और प्रशासिका अदिती सिंह ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। परीक्षा प्रभारी तबरेज खान व उनकी टीम एसके देवरा, रूपराज सिंह, कमल भट्ट, कामेन्द्र चौहान, रीता राणा, किरन शर्मा, हेमा सिंह, सलोनी अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### कृष्णा में सीएमई कार्यक्रम



**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल में एक दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल के संस्थापक राजीव कुमार, अध्यक्ष मनोज कुमार एवं निदेशक पवन कुमार की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वैद्य संदीप उपस्थित रहे। उन्होनें अपने व्याख्यान में आयुर्वेद में औषधियों की महत्व, द्रव्यों के गुण धर्म निर्माण प्रक्रिया, व्यावहारिक उपयोग और शास्त्रीय सिद्धान्तों को समझाया। वैद्य जी ने विद्यार्थियों को सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों से बीपीएच (गुदूद रोग) के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की और विशेष रूप से बिजनौर जनपद को बीपीएच (गुदूद रोग) मुक्त बनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा की। साथ ही इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल के समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। डा. अजीत कुमार, डा. तमन्ना, डा. अमोल, डा. सुनीता, डा. इमरान, डा. बुश्रा, डा. शालिनी, डा. गौरव, डा. मुदित, आचार्य अरविंद एवं डा. शिखा का मुख्य योगदान रहा। मंच का संचालन संस्थान के डीन एकेडमिक डा. विशाल ने किया और वासु फार्मासुटिकल कम्पनी के पंकज त्यागी और गौरव वर्मा का भी इस कार्यक्रम में विषेश योगदान रहा।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक



**धामपुर।** लोकल व्यापार को बढ़ावा देने का संदेश में दुर्गा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा 'अपना बाजार, अपना सामान' विषय पर जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह नुक्कड़ नाटक शहर के प्रमुख स्थानों भगत सिंह चौक, बड़ी मंडी तथा पुराने धामपुर की चुंगी पर प्रस्तुत किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन खरीदारी के बजाय अपने स्थानीय बाजार से सामान खरीदने के लिए प्रेरित करना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन से छोटे दुकानदारों और स्थानीय रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। भावपूर्ण अभिनय और सशक्त संवादों के जरिए यह भी बताया गया कि लोकल बाजार से खरीदारी करने से न केवल स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलती है, बल्कि अपने ही क्षेत्र की आर्थिक उन्नति होती है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और इस सामाजिक संदेश को सराहनीय पहल बताया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि 'अपना बाजार, अपना सामान' अपनाकर हम अपने ही शहर और समाज को मजबूत बना सकते हैं। इस नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में हंशिका चौहान, शगुन, दीपाली राजपूत, अनुष्का शर्मा, संयम, अरशियान, शादान, सुमित, भाव्या, अदीबा, इति श्री, सोबिया, जैबा, यामन, सुनिधि और जुनैरा शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका आयशा तथा शिक्षक मोहित एवं कार्तिक मुद्गल के मार्गदर्शन में किया गया।

### रंग एकादशी के सदस्य सम्मानित



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक निर्मला कौशिक, संगठन मंत्री डॉ. राजमोहन विश्वास आदि सदस्यों द्वारा धामपुर की ऐतिहासिक आदर्श होली हवन समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र भटनागर, महामंत्री बिल्लू शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकित सैनी, सयंम जैन, सचिन पंडित, तपिश शर्मा, आशीष शर्मा, शुभम छाबड़ा, प्रथम चौहान आदि कार्यकर्ताओं व रंग एकादशी समिति के अध्यक्ष विभु बंसल, महामंत्री पवन अग्रवाल एडवोकेट को हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति द्वारा सम्मान पत्र भेंट कर सनातन सारथी सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आदर्श होली हवन समिति के व रंग एकादशी के कार्यकर्ताओं द्वारा धामपुर की ऐतिहासिक होली के बारे में बताया। समिति के संगठन सचिव डॉ. राजमोहन विश्वास ने बताया कि समिति द्वारा ऐतिहासिक होली हवन जुलूस व रंग एकादशी जुलूस जो की धामपुर की शान है, उसके लिए आदर्श होली हवन समिति व रंग एकादशी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के समापन में समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक द्वारा सभी को गुलाल का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### नहर में गोवंश के शव मिले




**नजीबाबाद।** सरवनपुर नहर में गौवंशीय पशुओं के शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पशु चिकित्सक को बुलाया गया। नजीबाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को सरवनपुर नहर और उसके आसपास गौवंश के शव व अवशेष मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जांच के दौरान इसकी पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि गौवंश की मौत के बाद उनके शवों को यहां फेंका गया था। पोस्टमार्टम के बाद सभी गौवंश के शवों और अवशेषों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नहर में कूदे युवक का शव छह दिन बाद मिला

## पांच दिन से चल रहा था सर्च अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** छह दिन पूर्व खो बैराज नहर में कूदे युवक का शव छठे दिन स्योहारा-धामपुर मार्ग स्थित पुल के नीचे से बरामद हुआ। शव मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

गौरतलब है कि 21 फरवरी को शेरकोट खो बैराज पुल से धामपुर निवासी योगेश (25 वर्ष) ने खो नहर में छलांग लगा दी थी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और खोजबीन शुरू कर दी गई थी। युवक की तलाश के लिए 23वीं बटालियन पीएसी मुरादाबाद की टीम द्वारा लगातार पांच दिनों तक सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन शुरुआती दिनों में कोई सफलता हाथ नहीं लगी। छठे दिन बृहस्पतिवार को सुबह दस बजे स्योहारा-धामपुर मार्ग स्थित पुल के नीचे नहर में युवक का शव दिखाई दिया, जिसे बाहर निकालकर कब्जे में लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए। शव की पहचान योगेश सैनी के रूप में होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह दस बजे लगभग योगेश सैनी का शव बरामद किया गया हैं तथा तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।



# छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई बड़े मिलावटखोर बेखौफ

## खाद्य विभाग पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। दो दिन पहले विभाग की टीम ने नगर की दो किराना दुकानों पर छापा मारकर खाद्य पदार्थों के सैंपल भरने की कार्रवाई की, लेकिन नगर में बड़े पैमाने पर हो रही मिलावट पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई।

नगर में खुलेआम रसगुल्ले, सिंथेटिक दूध, नकली मिठाइयों और मिर्च-मसालों में मिलावट की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन मिलावटखोरों के खिलाफ कोई प्रभावी जांच या कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या विभाग की कार्रवाई केवल छोटे दुकानदारों तक ही सीमित है? क्या बड़े स्तर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करने से विभाग बच रहा है? कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अगर खाद्य सुरक्षा विभाग वास्तव में मिलावट के खिलाफ गंभीर है तो नगर व क्षेत्र में चल रहे सिंथेटिक दूध और नकली मिठाइयों के कारोबार पर भी सख्त अभियान चलाया जाना चाहिए।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि विभाग केवल औपचारिक कार्रवाई करने के बजाय पूरे क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाए, ताकि मिलावटखोरों पर लगाम लग सके और लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके।

नागरिकों का कहना है कि क्या कार्रवाई सिर्फ छोटे दुकानदारों तक ही सीमित है? नगर में बड़े स्तर पर मिलावट की शिकायतें होने के बावजूद कार्रवाई छोटी दुकानों तक ही क्यों सिमट जाती है? बड़े मिलावटखोरों पर आखिर डंडा कब चलेगा। सिंथेटिक दूध और नकली मिठाइयों के कारोबार पर छापा क्यों नहीं मारा जाता है।

## एक नजर

### वैज्ञानिक विधियों को अपनाने पर जोर



**शेरकोट।** सहकारी गन्ना विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र में गन्ने की पैदावार बढ़ाने तथा रोगमुक्त गन्ना बीज के प्रयोग को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई। मौहल्ला समना सराय स्थित शेरकोट सर्किल के डायरेक्टर रणजीत सिंह के आवास पर बैठक में अधिकारियों ने किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित बीज का उपयोग करने, समय से बुवाई करने तथा गन्ने में लगने वाले प्रमुख रोगों की रोकथाम के लिए वैज्ञानिक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। गन्ना महाप्रबंधकों ने बताया कि यदि किसान रोगमुक्त बीज एवं आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें तो उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को उन्नत प्रजातियों की जानकारी दी जाएगी और उन्हें अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गन्ना क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए उत्पादन बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में अमित पांडे (एस.सी.डी.आई.), विनोद कुमार सिंह (सचिव, गन्ना समिति धामपुर),शूरवीर सिंह (डायरेक्टर, बिरला ग्रुप),राजवीर सिंह गहलौत (डायरेक्टर, जिला सहकारी संघ बिजनौर),उमेश बिसेन (गन्ना महाप्रबंधक,द्वारकेश शुगर मिल अफजलगढ़), सतीश चौहान (पूर्व सभासद),शिव कुमार (मंडल महामंत्री, शेरकोट मंडल), चंद्रप्रकाश उर्फ बिट्टू चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता डायरेक्टर रणजीत सिंह व संचालन रोहिताश सिंह ने किया।

### दो दिवसीय पंजीकरण अभियान



**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ एवं डॉ. उदिता राजपूत के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा संचालित माय भारत पोर्टल पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं का पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया गया। इस प्रक्रिया को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### रमजान में अभी तक नहीं जागे समाजसेवी



**चांदपुर।** रमजान शरीफ के पावन महीने में जहां रोजगारों के रोजे अच्छे चल रहे हैं। हालांकि बाजारों में महंगे फल बिक रहे हैं, फिर भी रमजान के इस महीने में ऊपर वाले की रहमत बरस रही ह। लेकिन न जाने क्यों इस रमजान के महीने में वह समाजसेवी भी जो अपने आप को अखबारों की सुर्खियों में समाजसेवी लिखवाते नहीं थकते चुप्पी साधे हुए हैं या फिर कोई फ्री की समाज सेवा करने को तैयार नहीं है। लेकिन उन लोगों के बारे में सोचना चाहिए जो हर रमजान के महीने में फ्री की और हराम की खाने को उतावले हुए फिरते है। इस बारे मे चांदपुर में चर्चा जोरों पर है कि इस बार किसी भी समाजसेवी ने सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी नहीं कराई, जिसमें ऐसे खाऊ पीर भाईयों का भी भला हो जाता है जो पूरे रमजान इस उम्मीद पर कायम रहते हैं कि कहीं से रोजा इफ्तार की दावत आए और वह दो दिन पहले खाना छोड़ दें। लेकिन ऐसा अभी तक तो नजर नहीं आ रहा। आने वाले दिनों में शायद एक दो समाजसेवी की आंखें खुले और वह सामूहिक रोजा इफ्तारी करा पाये, अन्यथा तो इस बार भी खाऊ पीर भाईयों की दाल गलने वाली नहीं लग रही है। गौरतलब है कि चांदपुर में अनेक समाजसेवी पिछले 2 वर्षों से हर रमजान में सामूहिक रोजा इफ्तार करने से बचते चले आ रहे हैं। हालांकि यहां यह भी स्पष्ट है कि अभी कोई चुनाव तो है नहीं जो कोई नेता या समाजसेवी खाऊ पीर भय्यो के लिए रोजा इफ्तार कराये।

# संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम

## मिशन कायाकल्प और निपुण भारत पर विशेषज्ञों ने विचार रखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ब्लॉक स्तरीय स्थानीय प्राधिकरण ग्राम प्रधानों के लिए एक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, ग्राम प्रधान जिलाध्यक्ष प्रशांत सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।



कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय जटपुरा बोंडा की छात्राओं ने भ्रूण हत्या पर एक नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद, एआरपी डॉ. राहुल वर्मा ने सरकार द्वारा संचालित मिशन कायाकल्प के 19 बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। एआरपी रितेश भाटिया ने निपुण भारत पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि एआरपी सूची राणा ने डीबीटी से प्राप्त होने वाली सुविधाओं पर आंकड़ों सहित प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ने परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों को ग्राम प्रधानों से अपेक्षित सहयोग का आश्वासन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने संपूर्ण गोष्ठी का सार प्रस्तुत करते हुए समीक्षात्मक बिंदुओं पर चर्चा की।

उन्होंने उपस्थित मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मंजू पचहरा, हर्षा पाल, किरण राजपूत, नीतू शर्मा, नीता तोमर, सुनील शर्मा, शिवम कुमार, ग्राम प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष राहुल हुड्डा, ग्राम प्रधान लाहक राकेश, देवेंद्र शर्मा, रामनाथ सिंह, महेंद्र सिंह, अभय राम, अमित त्यागी, भुवनेश्वरी, पीतांबर सिंह, जयप्रकाश और तनवीर अहमद सहित कई शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# उत्तम शुगर मिल ने 28 करोड़ का भुगतान किया

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने बताया कि गुरुवार को 13 फरवरी से 22 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 28 करोड़ का भुगतान किसानों को उनकी संबंधित समितियों को भेज दिया गया है। जल्द ही यह भुगतान समितियों के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में पहुंच जाएगा।

इसके साथ ही मिल ने अब 359.14 का भुगतान किसानों को समय पर कर दिया है। उन्होंने किसानों से अपील की सभी किसान अपना गन्ना मिल को ही बेचे और अपना बेसिक कोटा सुरक्षित रखे। साथ ही किसान ताजा और साफ सुथरा गन्ना लेकर ही मिल में आए ताकि मिल और किसानों का हित सुरक्षित रह सके। उन्होंने किसानों से रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 कदापि न बोने की अपील की।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची काशीरामपुर

## एसीएमओ के रवैये से ग्रामीणों में नाराजगी, तालाब की सफाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भागूवाला क्षेत्र के काशीरामपुर ग्राम में कैंसर के मामलों को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम का दौरा किया। हाल ही में एक महिला की कैंसर से मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों का माहौल है। आज सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) अरविंद कुमार विश्वकर्मा ग्राम पहुंचे, लेकिन उनके रवैये को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई।



ग्राम में पिछले कुछ समय से कैंसर के मामलों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही थीं। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई उच्च स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था। हाल में एक महिला की मौत के बाद यह मुद्दा और ज्यादा गरमा गया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम पहुंची। दौरे के दौरान एसीएमओ अरविंद कुमार विश्वकर्मा के साथ लेखपाल अजब सिंह और ग्राम सचिव महेश कुमार भी मौजूद रहे। टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बीमारी के संभावित कारणों पर चर्चा करते हुए ग्राम के तालाब की खराब स्थिति की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया।

ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल और ग्राम सचिव ने तालाब के किनारे जमा कूड़े को हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अगले दिन तक सफाई करने का समय दिया और चेतावनी दी कि यदि कूड़ा नहीं हटाया गया, तो जेसीबी मशीन लगाकर सफाई कराई जाएगी। अधिकारियों ने साफ-सफाई को बीमारी की रोकथाम के लिए जरूरी बताया।

उच्च अधिकारियों के दौरे और उनके रवैये को लेकर कई ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। आलम राठी, संसार राठी, होशियार सिंह, धनीराम सिंह, संजीव कुमार, शौकीन सिंह, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, चंद्रशेखर और प्रीतम सिंह सहित अन्य लोगों ने कहा कि गांव में कैंसर जैसे गंभीर मुद्दे पर ठोस जांच और स्वास्थ्य शिविर की जरूरत है।

ग्रामीणों ने मांग की कि ग्राम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाए और पानी व पर्यावरण की जांच कराई जाए, ताकि बीमारी के वास्तविक कारणों का पता चल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.

युवा भाजपा नेता

बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह

जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी

(ठेकेदार)

संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# सेवियां निर्माण स्थल व राइस मिल पर खाद्य सुरक्षा टीम ने मारा छापा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** होली पर्व के मद्देनजर मिलावट खोरी रोकने और मिलावट खोरों पर प्रभावी कार्रवाई को खाद्य सुरक्षा विभाग का छापामार विशेष अभियान जारी है। डीएम के निर्देश पर चल रहे जांच में प्रर्वतन दल की टीम ने राइस मिल और सैवियां निर्माण स्थल पर छापा मारकर नमूने एकत्र किए। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर आगामी होली पर्व के दृष्टिगत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में विगत रात्रि खग्गू सराय स्थित मौ. शाकिर की सेवैया निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। मौके पर खाद्य पदार्थो सेवैया एवं मैदा का नमूना लिया गया। एकत्र किए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही सेवई निर्माण में प्रयोग होने वाले श्री हरि ब्रांड मैदा के लगभग 173 बोरों में लेबलिंग व पैकिंग नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जब्त किया गया, जिसका निर्माण श्री हरि राइस एंड जनरल मिल, बहजोई द्वारा किया गया था। जबकि मिली सूचना के आधार पर गुरूवार को श्री हरि राइस एंड जनरल मिल बमनेटा, बहजोई पर छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर लगभग 447 बोरों में श्री हरि ब्रांड मैदा भंडारित पाया गया, जिस पर 'भ्रामक' 'खाद्य लाइसेंस संख्या' अंकित थी। अन्य पैकिंग, लेबलिंग नियमों का उल्लंघन पाया गया। टीम द्वारा मैदा का नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया व मौके पर भंडारित समस्त '447 किलोग्राम बोरों प्रत्येक 15' 'किलोग्राम को' 'जब्त' किया गया व नियमों के उल्लंघन व साफ सफाई संतोषजनक न पाए जाने पर नोटिस निर्गत किया गया। विभागीय टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, राजीव कुमार, अशोक कुमार, सुधीर कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**० नमूने किए एकत्र, जांच को भेजे जाएंगे प्रयोगशाला, हरि राइस मिल में भंडारित मिले 447 बोरे भ्रामक खाद्य लाइसेंस संख अंकित होने के आरोप**




सम्भल। डीएम के निर्देश पर मिलावट खोरी रोकने को चलाए जा रहे अभियान में राइस मिल पर छापमार कार्रवाई करती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम व राइस मिल में भंडारित मिले मैदा के कट्टे।

# फॉग महोत्सव में महिलाओं ने नृत्य कर बांधा समा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नारी उत्थान समिति के तत्वावधान में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने भजनों पर जमकर नृत्य किया और होली के रंग बिखेरे। उप नगरी सराय तरीन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत राधाकृष्ण को गुलाल का टीका लगाकर की गई, सीमा आर्या ओर रेखा आर्या ने दीप प्रज्वलित किया। जबकि सभी महिलाओं ने एक-दूसरे का स्वागत किया। साथ ही रंग मत डाले रे, होलिया में उड़े रै गुलाल जैसे भजनों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। महिलाओं ने अपने पारंपरिक फाग गीतों से समा बांधा दिया। महोत्सव का समापन फूलों की होली खेलकर किया गया। समिति की अध्यक्ष सीमा आर्या ने बताया कि महोत्सव में भक्ति और मस्ती का अनूठा संगम देखने को मिला। रंग मत डाल रे सांवरिया, होलिया में उड़े रे गुलाल, भर-भर मारो पिचकारी, राधा रानी रूप है तो रंग है बिहारी, फूलों में सज रहे वृंदावन बिहारी, जैसे सुमधुर फाल्गुनी भजनों पर महिलाएं खुद को थिरकने से नहीं रोक पाईं। इसके साथ ही शिव-पार्वती विवाह के प्रसंगों पर आधारित भजनों की प्रस्तुति ने पूरे प्रांगण को शिवमय कर दिया। महिलाओं ने इन भजनों पर सामूहिक रूप से मनमोहक नृत्य कर फाग महोत्सव का भरपूर आनंद लिया। जिसमें लटठमार और फूलों की होली के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर तरन्नुम अकील, अल्पना आर्या, प्रीति शर्मा, मिताली, गीता, जूही, संध्या, कुसुम आर्या, अंजू, रेखा आर्या, सिवी आर्या, प्रियंका, आशा, बबली, मीनाक्षी, मंजू, सुरभि, टण्डन, सुवि, कंचन शर्मा, मीनाक्षी सिंघल, दीपा शर्मा, गौरी, पूनम गर्ग, पूजा गुप्ता, नीरू चौधरी, वर्षा, सुनीता यादव, डा. लक्ष्मी शर्मा, सलौनी प्रजापति आदि महिलाएं मौजूद रही।

# तीन बच्चों को छोड़ प्रेमी के साथ गई विवाहिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** तीन बच्चों की मां के प्रेम प्रसंग का मामला पुलिस चौकी तक पहुंच गया। महिला ने अपने पति और तीनों बच्चों को छोड़ प्रेमी के साथ निकाह करके रहने की इच्छा जताई। दोनों पक्षों की सहमति के बाद महिला प्रेमी के साथ चली गई।

जानकारी के अनुसार, 21 फरवरी 2026 की रात करीब 1 बजे क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की पत्नी अचानक घर से चली गई। पति ने पत्नी के घर से चले जाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस जांच के दौरान पता चला कि महिला अपनी खाला के घर पर है। बुधवार को विवाहिता स्वयं थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी मंसूरपुर माफी पहुंची। उसने चौकी प्रभारी रोहित मलिक को बताया कि वह इकबाल पुत्र लियाकत के साथ निकाह करके जीवन व्यतीत करना चाहती है। पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी बुलाकर बातचीत कराई। पति ने कहा कि उसकी पत्नी अब उसके साथ नहीं रहना चाहती है। यदि वह अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। पति ने बताया कि उसकी शादी लगभग 10 वर्ष पहले हुई थी उसके तीन बच्चे हैं बड़ी बेटी 8 बर्ष, दो बेटे 6 वर्ष और चार वर्ष है। तीनों बच्चे उसके पास ही रहेंगे। विवाहिता ने भी बच्चों को अपने साथ ले जाने से इन्कार कर दिया। वहीं प्रेमी ने बताया कि वह एक दूसरे को पिछले करीब पांच महीनों से एक-दूसरे को जानते हैं और आपसी सहमति से निकाह करना चाहते हैं। उसने कहा कि परिवार की सहमति से वह महिला को अपने घर ले जा रहा है। मंसूरपुर माफी चौकी प्रभारी रोहित मलिक ने बताया कि महिला द्वारा प्रेम-प्रसंग और निकाह की इच्छा जताने पर दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए। मामला आपसी सहमति का पाए जाने पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दी गई। इसके बाद विवाहिता अपने प्रेमी और उसके परिजनों के साथ देर शाम करीब 10 बजे उसके घर चली गई।

# आरटीआई का उद्देश्य आम आदमी को मजबूती प्रदान करना

**०कांग्रेस आरटीआई प्रदेशाध्यक्ष ने ली बैठक**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कांग्रेस आरटीआई प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन कर आरटीआई के उददेश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

चौधरी सराय तरीन कैंपस पर अमित कुमार उठावल के सानिध्य मैं आयोजित आरटीआई विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विभाग पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने नवनियुक्त पदाधिकारी मंजर अब्बास जीतपाल सिंह वाहिद सैफी आदि का माला पहनकर स्वागत किया।जबकि आरटीआई विभाग एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आरटीआई के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आरटीआई का मकसद केवल अधिकारियों से आरटीआई डालना ही नहीं आरटीआई की जानकारी बूथ स्तर पर प्रत्येक नागरिक प्रत्येक ग्रामीण प्रत्येक वार्ड प्रत्येक ब्लॉक स्तर तक पहुंचाकर आम आदमी को मजबूती प्रदान करना है। आईटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार उठवाल ने कहा की कांग्रेस पार्टी 2005 में जमीनी स्तर पर आम आदमी को मजबूत करने के लिए आरटीआई कानून लेकर आई जिससे भ्रष्ट अधिकारियों एवं नेताओं में भय का माहौल वयाप्त हुआ तथा आम आदमी को मजबूती प्रदान हुई आरटीआई के द्वारा प्रत्येक नागरिक बड़े से बड़े अधिकारी से आरटीआई के जरिए यह मालूम करने की क्षमता रखता है कि उसके क्षेत्र में जो विकास हुआ उसमें कितना धन सरकार द्वारा दिया गया किसके ठेके में दिया गया एवं कितना कार्य जमीन पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की जी पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शर्मा शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद मुशीर खान तरीन मुनीश जोशी हम्माद मोबीन संजय सक्सेना दुष्यंत कुमार मनवीर जीतपाल सागर मोहम्मद कासिम वीर सिंह सागर मौअज्जम हुसैन मास्टर जयपाल सिंह वाइस सैफी संजय पाठक अकील अहमद मेहरान इरशाद हुसैन नौमान हैदर सुबोध शर्मा डा. फरहत बब्बू खान इफ्तिखार कुरैशी मेहताब आदि मौजूद रहे।




सम्भल- तरीन कैम्पस पर बैठक को सम्बोधित करतें कांग्रेस आरटीआई के प्रदेशाध्यक्ष।

## बाजार में बढ़ती भीड़ के चलते ई रिक्शा का संचालन किया गया वनवे

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन में प्रभारी यातायात दुष्यंत बालियान द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कस्बे में बाजार में भीड़ को देखते हुए ई रिक्शा का संचालन वन वे के रूप में किया गया। जबकि मुख्य बाजार के चौराहों एवं तिराहों पर यातायात पुलिस की डयूटी लगाई गई और बाजार में दुकानों के सामने से सड़क पर से अतिक्रमण हटवाया गया। साथ ही दोपहिया वाहन पर तीन सवारी और बिना हेलमेट के चलने वाले वाहनों का चालान किया गया!

## पोल लगाने को चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना कैला देवी क्षेत्र खिरनी चौकी ग्राम अझरा में जमकर लाठी डंडे चले। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जबकि पीड़ित ने थाना केला देवी एवं खिरनी चौकी में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।जुगल किशोर पुत्र रामेश्वर सिंह का आरोप है कि गांव का ही शिक्षामित्र राजकुमार पुत्र सुंदर सिंह व इसके दोनों पुत्र विशाल और सुमित मेरे खेत में खम्बा लग रहे थे

# जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण व मकानों की होगी गणना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति एवं जनगणना प्रथम-मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना जनपद स्तरीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रैट सभागार में प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने जनगणना की रूपरेखा के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला 27 फरवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम दिवस कलेक्ट्रेट सभागार, सम्भल में जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला एवं चार्ज स्तर के जनगणना पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य भारत की जनगणना की प्रक्रिया, जनगणना 2027 की विशेषताओं तथा अधिकारियों की भूमिका एवं उत्तरदायित्वों से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि जनगणना-2027 भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आंकड़ा संग्रह मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा तथा कार्यों की निगरानी सीएमएमएस पोर्टल द्वारा की जाएगी। पहली बार नागरिकों को स्व-गणना के माध्यम से वेब पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर भी दिया जाएगा, जिसका सत्यापन प्रगणकों द्वारा किया जाएगा। स्व-गणना की अवधि 7 मई से 21 मई होगी। जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना एचएलओ 22 मई से 20 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस चरण में सभी भवनों, जनगणना मकानों एवं परिवारों की पहचान कर आवासीय सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जिससे आगामी जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार किया जा सके। प्रशिक्षण में जनगणना अधिकारियों की भूमिका पर विशेष बल देते हुए बताया गया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं है, बल्कि यह देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण, आवास एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण का आधार है।

## एक नज़र इधर भी



सिरसी-निजी अस्पताल में भर्ती चेयरमैन कौसरी अब्बास का हालचाल जानते शुभ चिंतक

## चेयरमैन कौसर अस्वस्थ, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत चेयरमैन कमर दर्द से पीड़ित थे। उन्हे निजि अस्पताल में दिखाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर अन्य जॉच कराने के लिए भर्ती कर लिया। चेयरमैन कौसर अब्बास के बड़े भाई समर अब्बास ने बताया कि उन्हे कुछ दिनों से कमर दर्द की शिकायत थी। गत दिनों अधिक दर्द की शिकायत पर चेयरमैन को टीएमयू मुरादाबाद ले गए। जहां चिकित्सकां ने उनकी जांच कर अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी। कमर दर्द के कारणों के लिए अनेक प्रकार की जॉच कराई जायेगी। जॉच रिपोर्ट के बाद उपचार किया जायेगा। कसबा निवासियों, शुभचिंतकों व नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों ने भी उनके शीघ्र स्वास्थ होने की दुआ की है।

## गर्मी की आहट के साथ मच्छरों का संगीत शुरू

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सर्दी की विदाई और गर्मी की आहट के साथ गन्दगी से निकलकर मच्छरों ने संगीत की धुन सुनाना शुरू कर दिया है। जिससे कस्बेवासी चिन्तित दिखाई देने लगे है।

मौसम बदलने के साथ ही गर्मी की दस्तक के साथ मच्छरों ने रात के साथ दिन में भी भिन-भिनाना शुरू कर दिया है। लागों का कहना है कि मच्छरों का प्रकोप पर काबू पाने व संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर पंचायत को कीटनाश्क दवाओं के छिड़काव के साथ ही सड़कों व नालियों की सफाई व्यवस्था पर भी प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिये।

## ससुरालियों ने महिला व बेटे को पीटा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना क्षेत्र के गांव केवलपुर तिपेड़ा निवासी आशा पत्नी विजय सिंह ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसका पति विजय सिंह और सास सूरजमुखी आए दिन मारपीट करते हैं। महिला का कहना है कि 21 फरवरी की रात दोनों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इतना ही नहीं, बीच-बचाव करने आए उसके छह वर्षीय मासूम बेटे दीपक कुमार को भी नहीं बख्शा, जिससे उसके सिर में चोट आ गई। मारपीट में महिला को भी गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत पर बबराला पुलिस ने आरोपित पति विजय सिंह और सास सूरजमुखी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## झाड़ फूंक कराने के बहाने घर में घुसकर मारपीट

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** झाड़ फूंक कराने के बहान घर में घुसकर अज्ञात व्यक्तियों ने मारपीट की। शोर पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

थाना एचौड़ा कंबोह के गांव नहरौली निवासी फुरकान पुत्र लतापतत झाड़ फूंक का कार्य करता है। उसकी इंस्टाग्राम पर बहुत सारी वीडियो अपलोड है। जिससे उसके हजारों फालोअर हैं। उसके पास आठ अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन आये। फोन करने वालों ने कहा कि उन्हे कुछ परेशानी है।इसलिए तुमसे अपना इलाज करवाना है। अज्ञात लोग उसके घर आ गए। उनमें से एक व्यक्ति भूत प्रेत बाजी का ड्रामा करने लगा और उसके साथ मारपीट करने लगा। उसकी पत्नी बचाने आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोपी उससे कहने लगे कि इंस्टाग्राम से वीडियो हटा दो नहीं तो तुम्हें अंजाम भुगतना पड़ेगा। शोर मचाने आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर जान माल के सुरक्षा की गुहार लगायी है।

# होली पर सामान की कीमतों में उछाल

**०रसोई का बिगड़ रहा है बजट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** होलाष्टक शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही बाजारों में रौनक बढ़ी है, लेकिन देसी घी, रिफाइंड तेल और मेवों की कीमतों में भारी उछाल से गुझिया समेत त्योहार पर अन्य पकवान बनाना महंगा हो गया है।

बाजारों में होली की रंगत आ चुकी है। होलाष्टक शुरू होने के साथ ही त्योहार की खरीदारी में तेजी आ गई है। हालांकि, इस बार होली के पकवानों पर महंगाई का साया मंडरा रहा है। पिछले वर्ष के मुकाबले देसी घी, रिफाइंड तेल और सूखे मेवों की कीमतों में भारी उछाल है, जिससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। किराना व्यवसायी संजीव कुमार के अनुसार, रसोई के मुख्य सामान की कीमतों में पिछले साल की तुलना में बड़ा अंतर आया है। देसी घी, जो पिछले साल 560-650 रुपये प्रति किलो था, इस बार 680-750 रुपये तक पहुंच गया है। वहीं, रिफाइंड तेल 110-115 रुपये से उछलकर 140-150 रुपये प्रति लीटर के भाव पर बिक रहा है। मेवा के भी दाम चरम पर हैं।

## शांतिभंग में तीन किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आपस में विवाद कर शांति के लिए खतरा तीन को पुलिस ने धर दबोच लिया।

## रजिस्ट्री में पैन का रियल टाइम ऑन लाइन सत्यापन हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अब रजिस्ट्री कार्यालय में पैन कार्ड का रियल-टाइम आनलाइन सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्री कार्यालयों में नए सॉफ्टवेयर सिस्टम को लागू किया गया है। पहले पुराने सिस्टम के तहत जिनके पास पैन कार्ड नहीं होता था, वे फार्म 60 भरकर रजिस्ट्री करवा लेते थे। अब नए सिस्टम के माध्यम से यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और वास्तविक समय में सत्यापित होगी, जिससे पैन संबंधित गड़बड़ियों और धोखाधड़ी की संभावना कम होगी। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, यह कदम संपत्ति लेनदेन में पारदर्शिता बढ़ाने और कर संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# आत्म रक्षा के प्रशिक्षण के साथ कराया गया योगा

**०कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को किया प्रशिक्षित**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बोलिकाओ को आत्म रक्षा के साथ योग का भी प्रशिक्षण दिया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रजपुरा व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही योगाभ्यास कराया गया। जिससे कि वह स्वस्थ रहने के साथ साथ विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें, ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा, सृष्टि ने सभी बालिकाओं को फ्रंट किक, फ्रंट पंच, हुक पंच, एल्बो अटैक, पॉम अटैक ताड़ासन, वृक्षासन का अभ्यास कराया। ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं सभी छात्राएं बहुत ही मेहनती है, ग्रामवासियों ने भी सरकार की इस योजना की तारीफ की कहा कि अब हमारे गांव की बालिकाएं भी अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हो गई हैं। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी।



सम्भल- कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को प्रशिक्षित करते।

# जिलाधिकारी ने गुन्नौर तहसील समेत विकास खंड और थाने का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल/बबराला।** जिलाधिकारी ने तहसील गुन्नौर एवं विकास खण्ड गुन्नौर एवं थाना गुन्नौर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित राजस्व निरीक्षक के कक्ष का फीता काटकर उदघाटन किया।

गुरूवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया तहसील गुन्नौर का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान डीएम ने तहसील परिसर में नवनिर्मित राजस्व निरीक्षक कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया जबकि पटल से संबंधित कार्यो की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यालय पूर्ति निरीक्षक कार्यालय चकबंदी अधिकारी का निरीक्षण कर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय को एक सप्ताह में व्यवस्थित रूप में तैयार किया जाए एवं साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण करते हुए 3 वर्ष एवं 5 वर्ष से ऊपर के वाद के विषय में जानकारी लेकर विरासत एवं धारा 67 से संबंधित रजिस्टर की जांच की। इसके अलावा पुरानी फाईल चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विकासखण्ड गुन्नौर का निरीक्षण में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय को देख कर पुनर्निर्माण किये गये सहायक विकास अधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया। इसके साथ परिसर स्थित सड़क मरम्मत तथा जर्जर भवन के मूल्यांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना गुन्नौर कें निरीक्षण में भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर तथा जमानत रजिस्टर, मिशन शक्ति निरीक्षण, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर, एण्टी रोमियो रजिस्टर को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जबकि शस्त्र लाइसेंस से संबंधित जानकारी लेकर जिनके शस्त्र जारी हैं उनमें कितने लोगों पर मुकदमे चल रहे हैं उसकी सूची सात दिनों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने थाना के एस आई रोहित द्वारा दादरी से गुम होकर जनपद में आ गये बच्चे के सोशल मीडिया के माध्यम से उसके माता पिता का पता लगाने की सराहना की। साथ ही थाना स्तर पर सकारात्मक समाचार जोकि घरों को जोड़ने से संबंधित हों या दो विवादों के समाधान के हों या फिर लापता को ढूंढने से संबंधित हों उससे संबंधित सकारात्मक समाचार को सोशल मीडिया के मायम से प्रचारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार गुन्नौर तथा खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमल कांत आदि मौजूद रहे।



बबराला- विकास खंड गुन्नौर का निरीक्षण कर दिशा निद्रेश देते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा पुत्र शाहनवाज गलत संगत में पड़ गया है और मेरा कहना नहीं मानता है घर में लड़ाई झगड़ा करता है। इसलिए मैने अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। तथा मैं व मेरा परिवार शाहनवाज के किसी भी कृत्य, लेन-देन के जिम्मेदार नहीं हैं। मैने शाहनवाज से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं।

**छिददा पुत्र नबी जान**
नि. मुकर्रबपुर तहसील व जिला सम्भल।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा पुत्र मतीन गलत संगत में पड़ गया है। मेरा पुत्र गाली-गलौच कर अपनी बहिनों व बहनोईयों को धमकी देता है। मेरे व मेरे परिवार से रूपयें की मांग करता है। न देने पर आमादा फसाद होता है। मैने अपने पुत्र को बहुत समझाया मगर मतीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने अपने पुत्र मतीन को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया है।अब मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का उक्त मतीन से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा है। मतीन अपने किसी भी कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**फरीदा बेगम पत्नी स्व. मोबीन उर्फ छोटू**
नि. नि. मौहल्ला गिन्नौरी सिरसी तह. व जिला सम्भल।

# पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने खाया जहर, अस्पताल में कराया गया भर्ती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र के लाइन पार ढक्का निवासी एक युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार लाइन पार ढक्का निवासी फैजान पुत्र इसरार का निकाह 17 मार्च 2024 को हुआ था। परिजनों का कहना है कि शादी के बाद से ही दांपत्य जीवन में विवाद चल रहा था। इसी तनाव के चलते युवक ने कथित रूप से सल्फास



का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताई है।बताया जा रहा है कि फैजान पेशे से सैलून का काम करता है और अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके छह माह का एक बेटा जेहान भी है। घटना के बाद परिवार में रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन युवक के जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं।सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि अभी युवक का उपचार प्राथमिकता पर है, उसके बाद बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस घटना से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी बातचीत से होना चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में अज्ञात बाइक चालक पर मुकदमा

**बिलारी।** 19 फरवरी को बिलारी सिरसी रोड पर फ्लाईओवर पर स्कूटी सवार को तेज रफ्तार बाइक चालक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसमें स्कूटी सवार की मौत हो गई थी। इस मामले में अब मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के उदय नगर कॉलोनी निवासी संतोष देवी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कहा कि 19 फरवरी की शाम उसका बेटा पुनीत चौधरी गांव से खेती का काम करके वापस घर आ रहा था। तभी मिल के फ्लाईओवर पर गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जायंट्स ग्रुप चंदौसी सखी-सहेली ने जल संरक्षण पर आयोजित की गोष्ठी

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप चंदौसी सखी-सहेली द्वारा ग्रुप अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर के आवास पर जल संरक्षण विषय



पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व और इसके उपायों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिट डायरेक्टर अंजू राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर देते हुए कहा कि वृक्षारोपण से वर्षा में वृद्धि होती है और जल स्रोतों की पूर्ति में मदद मिलती है। प्रशासनिक निदेशक राजेश्वरी श्रीवास्तव ने कहा कि पानी बचाना जीवन बचाने के समान है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए। वहीं वित्त निदेशक कंचनवाला ने पानी की बचत के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए बताया कि जल की कमी से कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

उन्होंने जल संचय के प्रभावी उपाय भी बताए। ग्रुप अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर ने अपने संबोधन में जल को व्यर्थ न बहाने और इसके संरक्षण के लिए सभी को जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने पानी को फालतू न बहाने और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में रीता बुधियाल, नीरू गोयल, सरोज शर्मा, दीप्ति दुबे, पुष्पा वर्मा, चंचल गोयल, रेनू वार्ष्णेय, नीता, सरोज वार्ष्णेय, रेनू अग्रवाल, सोनी रस्तोगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# बोर्ड बैठक स्थगित, कर दरों में राहत संबंधी प्रस्तावों पर पड़ेगा असर



**बिलारी।** नगर पालिका परिषद बिलारी के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने जानकारी दी कि 27 फरवरी 2026 को प्रस्तावित बोर्ड बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि रमजान माह में शुक्रवार को बैठक रखे जाने को लेकर मुस्लिम सभासदों ने स्थगन की मांग की थी, जिस पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि यह बोर्ड बैठक विभिन्न करों की दरों में कमी तथा नगर विकास से जुड़े प्रस्ताव शासन को भेजने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में संपत्ति अभिलेखों में नामांतरण शुल्क कम करने, यूजर चार्ज घटाने और जल निकास कर समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण जनहित के प्रस्ताव पारित किए जाने थे। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विकास योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किए जाने थे। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बैठक निरस्त होने से जनहित से जुड़े संभावित फैसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि वर्तमान में 20 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति के नामांतरण पर 1 प्रतिशत दर से करीब 20 हजार रुपये शुल्क देना पड़ता है, जबकि प्रस्ताव पारित होने पर यह राशि घटकर लगभग 5 हजार रुपये रह जाती। उधर बैठक स्थगित होने के बाद सभासदों के बीच सुगबुगाहट तेज हो गई है और जनहित से जुड़े निर्णयों में देरी को लेकर चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं।

# नगर पंचायत महमूदपुर माफी की बोर्ड बैठक में पहली बार पहुंचे सपा विधायक

## सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान का चेयरमैन प्रतिनिधि और सभासदों ने फूलमाला पहनकर किया स्वागत

**अधिशासी अधिकारी और चेयरमैन प्रतिनिधि ने मक्का मदीना की तस्वीर पेश की, दिखी आपसी एकता की तस्वीर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** नगर पंचायत महमूदपुर माफी की बोर्ड बैठक में पहली बार विपक्ष के सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान पहुंचे। बैठक में नगर पंचायत के भाजपा प्रतिनिधियों व सत्ताधारी दल की सरकार के बीच आपसी समन्वय देखने को मिला। बैठक में महमूदपुर माफी को नगर पंचायत का प्रस्ताव रखने वाले बिलारी के प्रथम विधायक रहे मरहूम हाजी मोहम्मद इरफान को याद करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। उनके नाम पर महमूदपुर माफी में पार्क बनाए जाने का निर्णय लिया गया। सपा



विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय डिग्री कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज, खेल स्टेडियम की मांग रखी गई। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र की 28 सड़कों को शासन से मंजूरी मिली गई है, वहीं 6 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए 69 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कहा कि महमूदपुर माफी में मिलकर विकास के कार्य आपसी सहयोग के साथ कराए जाएंगे। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने इस दौरान मौजूद सभी लोगों को रमजान और होली के पर्व की शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

बैठक के अंत में चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सिंह सैनी और अधिशासी अधिकारी अरविंद ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को मक्का मदीना की तस्वीर देकर गंगा जमुना तहजीब की मिसाल पेश की और इस दौरान आपसी एकता और भाईचारा देखने को मिला। इस अवसर पर नगलिया मशकुला के पूर्व प्रधान युनुस सैफी, कमल सिंह, जुबेर अंसारी, बिजेंदर, दयाराम सिंह जावेद सिद्दीकी, मोहम्मद दानिश, हिलाल, जफीर, मोहम्मद रशीद , फहीम सलमानी, मोहम्मद फुरकान, संजय कुमार, निजाम, आकाश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### होली से पूर्व फरवरी माह का वेतन भुगतान करने की उठाई मांग

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने कहा कि इस वर्ष होली पर्व के साथ ही 1 मार्च से 4 मार्च तक अवकाश घोषित है, जिससे पर्व से संबंधित खर्चों और पारिवारिक आवश्यकताओं को लेकर सफाई कर्मचारी वर्ग आर्थिक अस्थिरता महसूस कर रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा संज्ञान लिया गया है और सरकार के विशेष सचिव महेंद्र कुमार भट्ट द्वारा 25 फरवरी 2026 को इस संबंध में शासनादेश जारी किया गया है। उन्होंने मांग की कि उक्त शासनादेश के आधार पर प्रदेश के समस्त अधिशासी अधिकारी और नगर आयुक्त नियत तिथि से पूर्व फरवरी माह का वेतन 28 फरवरी तक कर्मचारियों के खातों में भुगतान सुनिश्चित करें, जिससे कर्मचारियों को राहत मिल सके। मानिक लाल नागर ने बताया कि शासनादेश की छाया प्रति संलग्न करते हुए प्रदेश भर की नगरपालिकाओं, नगर पंचायतों और नगर निगमों में ज्ञापन देकर रिसीव कराया गया है, ताकि संबंधित अधिकारी जानकारी न होने का बहाना न बना सकें। संभल जिला महामंत्री विशाल वाल्मीकि ने बताया कि जिले की सभी नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में ज्ञापन की प्रतियां उपलब्ध करा दी गई हैं। चन्दौसी में जिला कोषाध्यक्ष अनिल राधे गुड्डू एवं नगराध्यक्ष सुमन भारती, सिरसी में नगराध्यक्ष चौधरी रामकिशोर, बहजोई में नगराध्यक्ष रितु चौहान, सम्भल में नगराध्यक्ष ममता रानी, नरौली में नगराध्यक्ष हरिओम तथा गवां में नगराध्यक्ष गुड्डू वाल्मीकि सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन की प्रतियां रिसीव कराई गई हैं।

### एसबीआई ने सीएसआर के तहत कम्पोजिट विद्यालय थरेसा जयसिंह का कराया उन्नयन

**चन्दौसी।** भारतीय स्टेट बैंक समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से सेवा भाव के साथ कार्य कर रहा है। यह बात भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय पंचम, रामपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार ने जिला संभल के ब्लॉक पवांसा स्थित कम्पोजिट विद्यालय थरेसा जयसिंह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रामपुर द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय थरेसा जयसिंह का उन्नयन कराया गया है। इस कार्य के तहत विद्यालय का रंग-रोगन, कंप्यूटर के लिए इन्वर्टर व सौर पैनल की व्यवस्था, छत के पंखे, 15 छात्रों के लिए बेंच, 80 लीटर का वाटर कूलर, आरओ सिस्टम, दो कार्यालय मेज, तीन कार्यालय कुर्सियां तथा एक प्रधानाध्यापक कुर्सी उपलब्ध कराई गई। इस उन्नयन कार्य पर लगभग पांच लाख रुपये की लागत आई है। इस अवसर पर एसडीएम चन्दौसी आशुतोष तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अल्का शर्मा, एसबीआई चन्दौसी के मुख्य प्रबंधक संदीप कुमार, शाखा प्रबंधक पवांसा पवन कुमार, एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रामपुर के प्रबंधक मनोज कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्य रश्मि यादव, सहायक अध्यापक रतिभान सिंह, नीरेश यादव, सत्यपाल सिंह, रेनु, चरण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# युवा शक्ति का प्रदर्शन, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने किया संगठन सशक्त करने का आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** युवा राष्ट्रीय लोकदल की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक मुरादाबाद में स्थित मानसरोवर पैराडाइज होटल में आयोजित की गई। बैठक में युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष, प्रखर वक्ता एवं युवाओं की बुलंद आवाज माननीय रविंद्र सिंह पटेल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि आदरणीय श्री रविंद्र सिंह पटेल जी ने चौधरी चरण सिंह चौक मुरादाबाद में भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एवं संघटनात्मक बैठक मानसरोवर पैराडाइज होटल में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल, संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह जी के



चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। अपने ओजस्वी संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल जी ने कहा कि युवा ही देश और प्रदेश की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि जब युवा संगठित होकर मैदान में उतरता है तो राजनीतिक परिवर्तन निश्चित होता है। राष्ट्रीय लोकदल सदैव किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, व्यापारियों और नौजवानों की आवाज रहा है और आगे भी युवाओं के रोजगार, शिक्षा, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें और चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को घर-घर पहुंचाएं।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संगठन विस्तार करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के महानगर अध्यक्ष पद पर पियूष चौहान की नियुक्ति की घोषणा की गई।

# टिमिट में 'हाउ टू राइट ए रिसर्च पेपर' कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** टिमिट में 'हाउ टू राइट ए रिसर्च पेपर विषय पर एक प्रभावी एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बीबीए छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य उन्हें शोध लेखन की वैज्ञानिक पद्धति और अकादमिक मानकों से परिचित कराना था। इस




कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। कार्यशाला में विद्यार्थियों को रिसर्च पेपर की संरचना, शोध समस्या का चयन, साहित्य समीक्षा, शोध पद्धति, डेटा विश्लेषण, निष्कर्ष लेखन, संदर्भ शैली तथा प्लेजरिज्म से बचाव जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, गुणवत्तापूर्ण जर्नल्स में शोध पत्र प्रकाशन की प्रक्रिया पर भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का समन्वयन शिक्षको द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध कार्य में मौलिकता, तार्किकता और अकादमिक अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों में शोध के प्रति जागरूकता एवं आत्मविश्वास विकसित करती हैं। उन्होंने आयोजन टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया और कहा कि शोध लेखन की समझ विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रो. जैन ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों से संस्थान में शोध संस्कृति को मजबूती मिलती है तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी का अवसर प्राप्त होता है। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। यह आयोजन टिमिट में अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# टीएमयू क्रॉसरोड्स प्रतियोगिता में मेरठ की विक्ट्री वाइपर्स विजेता

## नैतिकता एवम् सतत विकास की समझ विकसित करें युवा: प्रो. दीक्षित, श्रीमती नीलिमा बोलीं, भविष्य के प्रति युवाओं का नजरिया सकारात्मक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी की ओर से सस्टेनेबल फ्यूचर्स: नेविगेटिंग एथिकल एंड एनवायरनमेंटल डिलेमा पर हुई प्रथम अंतर-विश्वविद्यालय केस स्टडी प्रतियोगिता क्रॉसरोड्स 5.0 में देवान वीएस इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ के बीटेक स्टुडेंट्स-कृतिका तेवतिया, अर्पिता राजपूत, अकमल खान की टीम विक्ट्री वाइपर्स विजेता रही। टीएमयू के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के बीटेक-ईई के स्टुडेंट्स अंश शर्मा, कनिष्का, रिया जैन की टीम नेक्सस आर्किटेक्ट और मुरादाबाद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीटेक स्टुडेंट्स आदित्य पनेरू, श्रेया सिंह, चंद्र प्रकाश जोशी की टीम सस्टेन एक्स ने बराबर अंक हासिल करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीएमयू के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए स्टुडेंट्स खुशी जैन, संस्कार जैन, गुनगुन कात्याल की टीम डिसिजन आर्किटेक्ट्स तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व नर्सिंग बिल्डिंग के फिजियोथेरेपी लेक्चर थिएटर



में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग केस स्टडी प्रतियोगिता क्रॉसरोड्स 5.0 का शंखनाद हुआ। इस मौके पर कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित बतौर मुख्य अतिथि, डेंटल एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज की निदेशक गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके सिंह, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में सभी विजेताओं को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। टीएमयू के मैनेजमेंट कॉलेज के एमबीए स्टुडेंट्स दिव्यांशु, हर्ष पाठक, काश्वी धवन की टीम रोनिन, मुरादाबाद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के स्टुडेंट्स हर्षिता, याकृति, निष्ठा की टीम विजनरी वोल्ट और टीएमयू के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के स्टुडेंट्स नेही जैन, आयुषी बगड़ी, कनक विश्नोई की टीम सस्टनेज को मेरिट सहभागिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, आज के युवा पेशेवरों को केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि नैतिकता एवं सतत विकास की समझ भी विकसित करनी होगी। क्रॉसरोड्स जैसे मंच स्टुडेंट्स को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। डेंटल एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज की निदेशक गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन ने कहा, प्रतिभागियों ने जटिल समस्याओं पर संतुलित एवम् जिम्मेदार दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जो भविष्य के नेतृत्व की सकारात्मक झलक देता है। सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, सीटीएलडी का उद्देश्य अनुभवात्मक अधिगम एवं रोजगारोन्मुख कौशलों को बढ़ावा देना है, और क्रॉसरोड्स 5.0 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उल्लेखनीय है, प्रारंभिक चरण में देश भर से कुल 99 टीमों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के उपरांत 13 श्रेष्ठ टीमों ने फिनाले राउंड में अपनी जगह बनाई। चयनित टीमों ने समकालीन सामाजिक, पर्यावरणीय एवं व्यावसायिक चुनौतियों पर आधारित केस स्टडी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में विभिन्न यूनिवर्सिटीज एवम् संस्थानों के स्टुडेंट्स ने नवाचार, विश्लेषणात्मक सोच एवं नैतिक निर्णय क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। श्रीमती नीलिमा जैन और प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल रहे।

प्रतियोगिता में तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, टिमिट, सीसीएसआईटी, लॉ कॉलेज, विल्सोनिया डिग्री कॉलेज, श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी, गजरौला सहित विभिन्न संस्थानों की टीमों ने भी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर प्रतियोगिता की गुणवत्ता को नई ऊंचाई प्रदान की। संचालन सीटीएलडी की सीनियर सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर श्रीमती मणि सारस्वत ने किया।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सचिन कुमार गुत्ता व पुत्रवधू श्रीमती नेहा गुत्ता को गलत संगत / गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **ब्रह्मानंद गुप्ता पुत्र स्व0 रामेश्वर गुप्ता, निवासी डबल फाटक, दशहरा गली नंबर 1, पुल के नीचे, थाना कटघर जिला मुरादाबाद।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पैन कार्ड नंबर CWVPP8866J है जिसमें मेरे पिता का नाम त्रुटि वश मो. इसमाइल (Mohd. Ismail) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि मेरे पिता का नाम आधार के अनुसार मो. इसराइल है जो की सही है। भविष्य में मेरे पिता को मो. इसराइल (Mohd. Israil) के नाम से जाना व पहचान जाए।
**नन्हे पाशा (Nanhe Pasha) पुत्र श्री मो. इसराइल ग्राम बकैनिया माफी पोस्ट पाकबड़ा थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं० 8, महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**सिविल विविध वाद सं.** 77/2024
**तारीख पेशी: 10.03.2026**
आमिल शाह आयु लगभग 68 वर्ष पुत्र स्व. श्री वफाती निवासी मौहल्ला असालतपुरा निकट हरी चुग्गो वाली मस्जिद तहसील व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
2. शराफत हुसैन आयु लगभग 55 वर्ष, 3. रियासत हुसैन आयु लगभग 43 वर्ष, 4. अय्याज हुसैन आयु लगभग 42 वर्ष पुत्रगण लियाकत हुसैन समस्त निवासीगण असालतपुरा इस्माईल रोड, मुरादाबाद, 7. श्रीमती नाजरीन जहां पुत्री लियाकत हुसैन पत्नि बदरे आलम निवासी मौहल्ला असालतपुरा मुरादाबाद-**तरतीवी विपक्षीगण।** चूंकि उपर्रिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदिर्शत करने के लिये 2026 के माह 03 के दिवस 10 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के दिवस 26 को निकाली गयी है।
**वरिष्ठ सहायक
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-8
जनपद-मुरादाबाद।**

## एक मार्च को आयोजित पुलिस की 10 किलोमीटर दौड़ परीक्षा के चलते कई मार्गों पर यातायात रहेगा प्रतिबंधित

**मुरादाबाद।** जनपद में 1 मार्च 2026 को प्रशिक्षु आरक्षियों की 10 किलोमीटर दौड़ परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके मद्देनजर प्रात: 5:00 बजे से 8:00 बजे तक शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस ने आमजन से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।जानकारी के अनुसार वर्तमान में पुलिस लाइन मुरादाबाद, पीटीसी, पीटीएस, 9 पीएसी, 24 पीएसी तथा 23 पीएसी में लगभग 5,000 प्रशिक्षु आरक्षी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन्हीं प्रशिक्षुओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत 10 किमी दौड़ कराई जाएगी।दौड़ के दौरान फव्वारा चौक से मुरादाबाद क्लब, रेलवे क्रिकेट ग्राउंड, एकता द्वार, जैन मंदिर, कमिश्नर कार्यालय, डिप्टी गंज, कैम्प चौकी, मिशन शक्ति तिराहा, पीली कोठी, पीएसी तिराहा, किला तिराहा, हरथला, कॉसमॉस हॉस्पिटल और डेंटल अस्पताल तक का मार्ग पूर्णत: बंद रहेगा। इस अवधि में दोपहिया, चारपहिया सहित सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।उत्तर प्रदेश पुलिस के यातायात विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित समय में संबंधित मार्गों से बचें और वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करें।

अधिकारियों ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।पुलिस अधीक्षक यातायात ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## अवैध शराब के साथ एक महिला सहित दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के निर्देश पर चल रही इस मुहिम से अवैध धंधा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।गलशहीद थाना पुलिस ने असालतपुरा क्षेत्र में छापेमारी कर उमैर नामक युवक को गिरफ्तार किया।तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 20 पाउच देसी शराब बरामद की है । वहीं कटघर थाना पुलिस ने गांव भैसिया में दबिश देकर रीना नामक महिला को हिरासत में लिया, जिसके कब्जे से 19 पाउच टॉप ब्रांड देसी शराब बरामद की गई।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## पेड़ उखाड़ने का आरोप लगाकर महिला से मारपीट कई नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )** पेड़ उखाड़ने का आरोप लगाकर महिला से मारपीट कर दी पुलिस ने हमलावरों पर एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव भैंसली जमालपुर निवासी रानी पत्नी राम सिंह का आरोप है कि 25 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे वह अपने खेत पर जा रही थी।

बराबर के खेत वाली पुष्पा पत्नी धर्मेंद्र,धर्मेंद्र पुत्र दौलत उस पर उसके पेड़ उखाड़ने का आरोप लगाने लगे उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने गाली गलौज करके मारपीट शुरू कर दी। आवाज सुनकर उसका लड़का दीपक मौके पर आ गया उसने अपने पिता को फोन किया पति मौके पर आए तो हमलाबर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए पुलिस ने हमलावरों पर एफआईआर दर्ज की है।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया धरना-प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता को लेकर जनपद के शिक्षकों ने विरोध जताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर अधिनियम लागू होने से



पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने हेतु अध्यादेश लाने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 27 जुलाई 2011 से लागू हुआ था। अधिनियम के अनुसार लागू होने की तिथि के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था, जबकि इससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को छूट दी गई थी।शिक्षकों का कहना है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के बाद देशभर में अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए भी सेवा में बने रहने और पदोन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसे पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के साथ अन्याय बताया गया है।टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले शिक्षक आंदोलनरत हैं और केंद्र सरकार से इस संबंध में अध्यादेश लाने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को अपराह्न एक बजे से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के बाहर शिक्षकों ने धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की।शिक्षकों ने मांग की है कि संसद में कानून पारित कर आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान की जाए, ताकि उनके सेवा अधिकार सुरक्षित रह सकें।

## रेलवे स्टेशन पर चलाए गए सघन टिकट चेकिंग अभियान के दौरान वसूला गया 91 हजार से अधिक का जुर्माना

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेशन मुरादाबाद पर विशेष किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान रेल यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रेल राजस्व की क्षति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से संचा. लित किया गया।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का नेतृत्व सीआईटी विजयंत शर्मा और भावेश शर्मा ने किया। अभियान में 17 टिकट चेकिंग स्टाफ ने रेलवे सुरक्षा बल के 4 जवानों के सहयोग से कुल 26 ट्रेनों की सघन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 200 मामले पकड़े गए।बिना टिकट यात्रा के 99 मामलों में 47,550 रुपये, अनियमित यात्रा के 99



मामलों में 43,805 रुपये तथा गंदगी फैलाने के 2 मामलों में 300 रुपये जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार कुल 91,655 रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मंडल के विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाते रहेंगे। यात्रियों से अपील की गई है कि वह प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य लें और ट्रेन में वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें। जिस श्रेणी का टिकट हो, उसी कोच में सफर करें तथा स्टेशन और ट्रेन परिसर में स्वच्छता बनाए रखें।किसी भी प्रकार की सहायता के लिए यात्री एकीकृत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 या 'तंपस व्दम' एप का उपयोग कर सकते हैं।

## होली एवं ईद को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने की 27 नमूनों की जांच, दो फेल

**ठाकुरद्वारा।** होली एवं ईद के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने रविवार को ठाकुरद्वारा नगर में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान चलती-फिरती प्रयोगशाला के माध्यम से विभिन्न मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीपी सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में कुल 27 नमूनों की जांच की गई। जांच में 25 नमूने पास हुए, जबकि दो नमूने फेल पाए गए। जांच किए गए पदार्थों में बर्फी, सोनपापड़ी, बालूशाही, गुजिया, सरसों का तेल के नमूने शामिल थे। डॉ. सिंह ने बताया कि त्योहारों के मौसम में मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे रंग-बिरंगी कचरी का संग्रह या बिक्री बिल्कुल न करें। साथ ही सभी व्यापारियों को अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने और अपने प्रतिष्ठानों पर



साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। विभागीय अधिकारियों ने नगर की राजीव मार्केट में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने त्योहारों पर मिलावटी सामान की बिक्री एवं भंडारण न करने की अपील की तथा इसे रोकने में विभाग का सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे तथा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों की बिक्री से बचेंगे। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, अनिल अग्रवाल, सुरेश कुमार, विनीत कुमार, हाजी पप्पू, सलीम अहमद, रईस चक्की वाले, मोहम्मद वसीम, फरजान अहमद, मोहम्मद मुस्तकीम, कुशाग्र सिंगल, मोहित सिंघल, अंशुल अग्रवाल, पंकज कुमार, सत्य प्रकाश, रितिक कुमार, अनिल कुमार, मोहम्मद हारुन, लियाकत हुसैन, राजीव कुमार सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

व्यापार मंडल ने अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा उचित कार्यों में सहयोग करता है और आगे भी करता रहेगा। हालांकि, व्यापारियों ने पिछले वर्ष होली के दिन हुई एक घटना का जिक्र करते हुए अनुरोध किया कि बिना कारण व्यापारियों को परेशान न किया जाए। उन्होंने बताया कि पिछले साल कुछ अधिकारियों की कार्यप्रणाली की वजह से वातावरण तनावपूर्ण हो गया था, जिसे बाद में वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप पर शांत किया गया था। व्यापार मंडल ने कहा कि वह व्यापारियों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा और अधिकारियों का सहयोग तभी किया जाएगा जब वह उचित होगा।

## श्रीराधा कृष्ण मंदिर की 26वीं वर्षगांठ पर रामचरित मानस पाठ व भंडारे का आयोजन

**चन्दौसी।** कैथल स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से श्रीरामचरित मानस पाठ किया गया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। गुरुवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुनीश कुमार शर्मा, ब्रजेश शर्मा, विशाल शर्मा, नितिन शर्मा, कृष्णा शर्मा, पीयूष शर्मा, शिव शर्मा, मानवी शर्मा, शानवी, माधव, किट्टू सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

## शहर के कंपनी बाग का नाम बदलने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**मुरादाबाद।** 'वन्दे भारत संस्कार संस्कृति संवाहक' संगठन के सदस्यों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और सिविल लाइंस स्थित कम्पनी बाग का नाम परिवर्तित किए जाने की मांग की। संगठन के राष्ट्रीय सह संयोजक धवल दीक्षित ने कहा कि भारत को अंग्रेजी शासन से स्वतंत्र हुए 78 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, ऐसे में प्रमुख स्थलों पर अंग्रेजों द्वारा दिए गए नामों का बने रहना दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि जहां एक ओर स्वतंत्रता सेनानी भवन, शहीद स्मारक और महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित है, वहीं उसी क्षेत्र में 'कम्पनी बाग' जैसा नाम होना स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और क्रांतिकारियों के सम्मान के विपरीत प्रतीत होता है। उनका कहना था कि यह स्थल अंग्रेजी शासन के दौरान सैरगाह के रूप में प्रयुक्त होता था और उस समय भारतीयों का वहां



आना-जाना भी प्रतिबंधित था।संगठन ने प्रधानमंत्री द्वारा गुलामी के प्रतीकों और विचारों से मानसिक स्वतंत्रता के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे नामों को बदलना समय की मांग है। ज्ञापन में मांग की गई कि कम्पनी बाग का नाम शीघ्र अति शीघ्र परिवर्तित कर भारतीय संस्कृति और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान के अनुरूप रखा जाए।ज्ञापन सौंपने वालों में धवल दीक्षित के साथ शिव हरि शर्मा, रमेश आर्य, विमलेन्द्र शर्मा, मणि चौहान और पूर्णिमा चौरसिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की गला घोटकर हत्या परिजनों में कोहराम, पति समेत चार पर मुकदमा दो गिरफ्तार



**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की कथित रूप से गला घोटकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी साबिर शाह ने अपनी पुत्री मुस्कान की शादी लगभग ढाई वर्ष पूर्व थाना कॉठ के मोहल्ला ईदगाह रोड नई बस्ती निवासी नदीम पुत्र सलीम के साथ की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी में सामर्थ्य से अधिक दान-दहेज देने के बावजूद कुछ समय बाद से ही पति, सास और ननद द्वारा मुस्कान का उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। मृतका ने अपने परिजनों को दहेज की अतिरिक्त मांग और प्रताड़ना की जानकारी दी थी। इस संबंध में कई बार बिरादरी की पंचायत भी बैठी, लेकिन आरोप है कि ससुराल पक्ष की मांगें कम नहीं हुईं। परिजनों का कहना है कि लगातार बढ़ती प्रताड़ना के बीच बुधवार को मुस्कान की गला घोटकर हत्या कर दी गई। मृतका के भाई मलवा ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना उन्हें नहीं दी गई। पुलिस से जानकारी मिलने पर जब वह परि. जनों के साथ मौके पर पहुंचे तो ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार हो चुके थे, जिससे संदेह और गहरा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पोस्टमार्टम के दौरान ससुराल पक्ष का कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मायके पक्ष को सौंप दिया गया। जैसे ही मुस्कान का शव फरीदनगर पहुंचा, परिजनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। मृतका की एक वर्ष की मासूम बच्ची भी है, जो अब मां के साए से वंचित हो गई। देर शाम गमगीन माहौल में विवाहिता को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## सफाई कर्मी की हठ धर्मी के चलते ग्रामीण परेशान

**भगतपुर।** विकास खण्ड भगतपुर क्षेत्र के ग्राम मंगाबाला में तैनात सफाई कर्मी की हठधर्मिता से ग्रामीणों में रोष है सफाई को लेकर कहने पर ग्रामीणों को



धमकाता है कहता है जब मन होगा तब सफाई होगी मुझे सैलरी सरकार दे रही है तुम नहीं ।बही नालियों में कई कई महीने सफाई न होने से नालियों में जमे गंदे पानी व कीचड़ से भयंकर बीमारी, व मच्छर पनपने का खतरा रहता है। जहां एक तरफ सरकार सफाई पर करोड़ो खर्च कर रही है वहीं कुछ कर्मचारी इसे पलीता लगाने में लगे हैं।

## रिश्तेदार से मिलने आया युवक कांठ से हुआ लापता, शाम को मिला

**कांठ( शाह टाइम्स )** रिश्तेदार से मिलने आया युवक कांठ से लापता हो गया परिवार वालों ने आज दिनभर उसकी तलाश की। थाना सिविल लाइन के गांव काजीपुरा निवासी निशांत पुत्र अरविंद कांठ में अपने रिश्तेदार से मिलने के



लिए आया था लेकिन वह वापस नहीं पहुंचा आज उसके परिजन तलाश करते हुए कांठ आए एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में निशांत एक ऑटो में बैठता हुआ दिखाई दिया लेकिन उसके बाद किसी कैमरे में उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने थाने में आकर इसकी जानकारी दी तो पुलिस ने भी अपने स्तर से तलाश शुरू कर दी। रिश्तेदार अर्पित को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। निशांत के परिजन और रिश्तेदार उसे आसपास तलाश कर ही रहे थे कि वह नए बस स्टैंड की तरफ से आता हुआ उन्हें मिल गया निशांत ने बताया कि वह ऑटो से बैठकर घर के लिए चला था लेकिन कांठ रेलवे स्टेशन के मोड पर उतर गया और प्लेटफार्म पर जाकर बैठ गया उसके बाद वह एक ट्रेन में चढ़ गया लेकिन फिर उसे कुछ पता नहीं चला रात में किसी स्टेशन पर उसे होश आया तो वह वहीं पर उतर गया और बैठा रहा सुबह सहारनपुर से मुरादाबाद के लिए आने वाली ट्रेन में चढ़ गया और स्योहारा उतर गया लेकिन इस बीच उसकी जेब से किसी ने पैसे भी निकाल लिए स्योहारा से बाइको पर लिफ्ट लेता हुआ वह नए बस स्टैंड तक पहुंच गया और परिजनों को मिल गया परिजन पुत्र के मिलने पर भगवान का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

## महमूदपुर माफी ग्राम प्रधान के ससुर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत


**कांठ( शाह टाइम्स )** महमूदपुर माफी गांव के प्रधान प्रियंका के ससुर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर



पोस्टमार्टम को भिजवाया शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया है। महमूदपुर माफी गांव की प्रधान प्रियंका है उनके ससुर हेमराज सिंह पुत्र उमराव सिंह देर शाम अपने खेत की तरफ जा रहे थे जैसे ही उन्होंने रेलवे लाइन पार करनी चाही वह ट्रेन की चपेट में आ गए ट्रेन की टक्कर लगने से वह दूर जा गिरे और उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया दोपहर बाद शब गांव पहुंचा तो शौक की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।

## पवन भुइंयार को सौंपी नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** विश्व हिन्दू परिषद की बैठक कांठ नगर के मोहल्ला चौक बाजार मे सम्पन्न हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संघठन मंत्री देवेश कुमार राणा ने कहा की विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल देश और हिंदुत्व के



लिए कार्य करने वाला संघठन है और सभी को समाज के लिए अच्छे कार्य करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। बैठक मे पवन भुइयार को प्रखंड कांठ से विश्व हिन्दू परिषद कांठ नगर का अध्यक्ष का दाइत्व सौंपा गया बैठक मै विश्व हिन्दू परिषद के मुरादाबाद जिला अध्यक्ष सचिन विश्नोई, जिला विधि प्रमुख एडवोकेट कुलदीप शर्मा, जिला गौ रक्षा प्रमुख सौरभ तोमर, जिला उपाध्यक्ष पायल जी, मनीष तोमर, यश यादव, आशीष यादव, कार्तिक यादव, कृष्णा यादव, हर्ष यादव, जीतू यादव, शनि यादव, राजेंद्र विश्नोई आदि लोग उपस्थित रहे।

## त्योहारों से पहले चन्दौसी में यातायात व्यवस्था सख्त

**चन्दौसी।** आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में यातायात प्रभारी दुष्यंत बालियान ने शहर में विशेष अभियान चलाया। बाजारों में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ई-रिक्शा का संचालन वन-वे किया गया तथा प्रमुख चौराहों और तिराहों पर यातायात पुलिस की तैनाती की गई। अभियान के दौरान सड़कों पर दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया, जिससे आवागमन सुगम हो सके। साथ ही बिना हेलमेट और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## साक्षी चंदौसी स्टार ने फूलों की होली खेलकर मनाया उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** साक्षी चंदौसी स्टार के तत्वावधान में गुरुवार को समिति कार्यालय पर होली उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, संरक्षिका चंद्रकांला सैनी, उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा और मीरा दुबे ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अध्यक्ष बबिता बिंदल, सचिव विजयलक्ष्मी और कोषाध्यक्ष दमयंती सिंह सहित सभी सदस्यों ने कल्याण मंत्र का जाप किया। कार्यक्रम में सदस्यों ने फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।

## बसंत कालीन गन्ना बुवाई, बीज शोधन, भूमि शोधन एवं गन्ना आरक्षित करने हेतू वृहद कृषि गोष्ठी

**ठाकुरद्वारा।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इंडस्ट्रीज लि०. शुगर यूनिट रानीनांगल द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई, बीज शोधन, भूमि शोधन एवं गन्ना बीज आरक्षित करने हेतु कृषक जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरूवार को जोन सौदासपुर में एक वृहद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मंच पर उपाध्यक्ष वी० वेंकटरथनम्, महाप्रबंधक (गन्ना) टी० एस० यादय, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, ठाकुरद्वारा हसमुल हसन, उप महाप्रबंधक (विकास) सुनील कुमार गलिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष वी० वेंकटस्थम् द्वारा कृषकों के साथ-साथ गन्ना विभाग के कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कृषकों से अपील की कि लाल सड़न रोग से बचाव हेतु फसल चक्र अपनाएँ, स्वस्थ बीज का चयन करें तथा बीज शोधन के उपरांत अधिक उत्पादन देने वाली उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को०-0118, 15023, 98014, को०लख०-14201, 16202, 94184



आदि की ही बुवाई करें। साथ ही, बसंतकालीन गन्ना बुवाई के दौरान चीनी मिल द्वारा प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषकों से आग्रह किया गया कि वे चीनी मिल को साफ-सुथरा, जड़-पत्ती, अगोला एवं मिट्टी रहित गन्ने की आपूर्ति करें, जिससे चीनी मिल एवं कृषक दोनों उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकें। इस अवसर पर यह भी अवगत कराया गया कि चीनी मिल द्वारा 20.02. 2026 तक का गन्ना मूल्य भुगतान कृषकों के खातों में प्रेषित किया जा चुका है। इसी क्रम में महाप्रबंधक (गन्ना) टी० एस० यादव ने मंच पर उपस्थित प्रति. निधियों का अभिवादन करते हुए कृषकों को चीनी मिल द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुवाई में दिये जा रहे अनुदान के बारें में विस्तार से बताया तथा पैदावार बढ़ाने हेतु मृदा परीक्षण एवं सुधार के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया कि जिन कृषकों के पास उन्नतशील गन्ना बीज उपलब्ध नहीं है, वे समय रहते पड़ोसी कृषकों के यहाँ से गन्ना बीज सुरक्षित कर लें। साथ ही, भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने हेतु ट्रेस मल्चर के उपयोग एवं गन्ने की कटाई के पश्चात पेड़ी में अच्छे फुटाव के लिए इथाफोन के प्रयोग की जानक. ारी भी दी। इसके साथ-साथ महाप्रबन्धक (गन्ना), टी०एस०यादव ने बेसिक कोटा से अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषकों को प्रोत्साहन स्वरूप घोषित किये गये बम्पर लकी ड्रॉ के बारे में बताया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, ठाकुरद्वारा हसमुल हसन द्वारा कृषकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर गोष्ठी में गन्ना प्रबंधक प्रवीन कुमार शर्मा, उमाशंकर गुप्ता, प्रगतिशील कृषकगण, खूब सिंह, तारा सिंह, मनोज सिंह (प्रधान), सोमपाल शर्मा, सोमवीर सिंह, रामगा. पाल सिंह रविन्दर सिंह, गजेन्द्र सिंह, अब्बास अली एवं वीरेन्द्र सिंह सहित लगभग 250 कृषक, गन्ना परिषद् एवं चीनी मिल के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**Tender Notice- 4R-Tele-CCTV,SIG-PRI,Augmentation Date. 25.02.2026**

Sr. Divisional Signal and Telecom engineer/Moradabad for and on behalf of President of India invites Open tenders through E-Tendering system for the following works-

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फार्म की लागत (रु.) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 4R-Tele-CCTVRRoom-MB25-26 प्रोविजन ऑफ सी.सी.टी.वी. कैमरे टू मॉनिटर कॉमन एरियाज ऑफ रिटायरिंग रूम्स एंड काउंटर्स एट आल मेजर लोकेशनस ऑफ मुरादाबाद डिविज़न | 2,14,35,302.09 | 2,57,200.00 | Nil | 23.03.2026 15:00 |
| 2 | SNT-SIG-PRI-GCT-2024-25 पथरी कॉमन यूजर ट्राफिक फैसिलिटी एट पथरी इन कनेक्शन विथ CONCOR GCT | 2,26,72,808.01 | 2,63,400.00 | Nil | 23.03.2026 15:00 |
| 3 | SNTSig-Augmentation-powe ऑग्मेंटेशन ऑफ़ पॉवर सप्लाई अरेंजमेंट ओवर मुरादाबाद डिविज़न | 2,30,09,909.57 | 2,65,100.00 | Nil | 23.03.2026 15:00 |

Note:- Complete details of tender can be seen at www.ireps.gov.in.
646/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता /II मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 316-DRM-MB-25-26 dt. 26.02.2026 |
| कार्य का नाम | Improvement of LHS drainage, sump-wells, approach road, height gauge, grouting & other misc works in ADEN/II/HRI section. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.03.2026 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,32,48,490.19 |
| धरोहर राशि | 2,66,300.00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 09.03.2026 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |

No. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 26.02.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 644/26

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, बैटरी ऑपरेट व्हीकल, एटीएम, रेल कोच रेस्टोरेंट & कैंटीन के ठेकों को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.03.2026 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग
उत्तर रेलवे मुरादाबाद
637/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खेल विशेष

## बाहरी दबाव और फिटनेस की दिक्कतें जिम्मेदार: दासुन

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से टीम के निराशाजनक रूप से सुपर आठ से बाहर होने के लिए बाहरी दबाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसका कोलंबो में न्यूजीलैंड से 61 रन से हार में बुरा असर पड़ा और फिटनेस का स्टैंडर्ड भी खराब रहा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, शनाका ने कहा कि टीम के आस-पास लगातार नेगेटिविटी खिलाड़ियों पर मेंटली असर डाल रही थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के तौर पर, हमारे लिए बाहर के शोर को कंट्रोल करना बहुत मुश्किल है। ज्यादातर समय, हम ज्यादातर नेगेटिव बातें सुनते हैं, इसलिए खिलाड़ी के तौर पर हम कितने भी पॉजिटिव क्यों न हों, बाहर से एक नेगेटिव माहौल बन ही जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल देश में क्रिकेट के भविष्य के लिए नुकसानदायक है और अधिकारियों से दखल देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि तो यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए नुकसानदायक है। हमारे पास सिर्फ़ यही गेम है, और मुझे नहीं लगता कि इसे बचाया जा सकता है। हम खेलेंगे और आगे बढ़ेंगे, लेकिन कम से कम आगे आने वाले खिलाड़ियों के लिए, अगर सरकार दखल देकर उन्हें रोक सके, तो मेरा मानना है कि यह बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए बहुत मददगार होगा। शनाका ने टीम के खराब परफॉर्मेंस के लिए फैंस से भी माफी मांगी, यह मानते हुए कि वे रिजल्ट देने में फेल रहे। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का बहुत दुख है। इंग्लैंड का मैच भी ऐसा था जिसे हम जीत सकते थे अगर हम थोड़ी समझदारी दिखाते। यह मैच एकतरफा था। दर्शकों के लिए, मेरे पास बताने के लिए कुछ नहीं है, हमने उन्हें कोई ऐसी जीत नहीं दी जिससे वे खुश हो सकें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कभी भी फेल होने का इरादा लेकर नहीं उतरते, लेकिन कभी-कभी रिजल्ट उनके हिंसाब से नहीं होते।

# भारत ने जिम्बाब्वे को दिया 257 का लक्ष्य

**भारतीय टीम ने विश्वकप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, अभिषेक और हार्दिक पांड्या की फिफ्टी, तिलक वर्मा ने 44 रन बनाए**

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 8वें सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 257 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बना डाले। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर 260 रन का है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था।

चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने अभिषेक शर्मा के 55, हार्दिक पंड्या के नाबाद 50 और तिलक वर्मा के नाबाद 44 रन के सहारे 256 रन का स्कोर बनाया। यह टीम इंडिया का टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर भी है। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। डरबन में खेले गए उस मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे के 4 गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। ब्रैड इवांस की आखिरी बाल पर पंडया ने डीप स्क्वैयर लेग की



दिशा में छक्का लगाया। पंडया ने 23 बाल पर फिफ्टी लगाई। इसी के साथ भारत ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। सबसे बड़ा स्कोर 260 रन है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। 19वें ओवर में तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। पंड्या ने रिचर्ड नगारवा की पहली बाल पर चौका लगाया। इसी चौके से उन्होंने तिलक के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी की। तिलक वर्मा ने ओवर की चौथी और पांचवीं बाल पर छक्के लगाए। इस ओवर से 21 रन आए। 19वें ओवर में इंडिया ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। 17वें ओवर में भारत ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। तिलक वर्मा ने ब्रैड इवांस की चौथी बाल पर एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 15वें ओवर की 5वीं बाल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 13 बाल पर 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिचर्ड नगारवा ने ताशिंगा मुसेकवा के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा 30 गेंद पर 55 रन बनाकर कैच हो गए। उन्हें तिनोतेंदा मपोसा ने कप्तान सिकंदर रजा के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ पार्टनरशिप कर भारत को संभाला। 12वें ओवर की 5वीं बाल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला। ब्रैड इवांस की बाल पर ब्लेसिंग मुजरबानी से डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग में कैच छूट गया। यहां सूर्या 12 रन पर खेल रहे थे। 11वें ओवर की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 26 बाल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। अभिषेक ने टी-20 वर्ल्डकप में पहला अर्धशतक लगाया।

## जेके ने बनाए 584 रन प्रसिद्ध को मिले पांच विकेट


**हुबली, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन गुरुवार को कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर बनाया। आज यहां जम्मू-कश्मीर ने कल के छह विकेट पर 527 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी जम्मू-कश्मीर के स्कोर में 12 रन का इजाफा हुआ था कि प्रसिद्ध कृष्ण ने आबिद मुश्ताक (28) को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने 163वें ओवर में आकिब नबी (दो) का भी शिकार कर लिया। साहिल लूथरा ने कुछ समय तक संघर्ष दिखाया। अंततः विजयकुमार वैशक ने 173वें ओवर में साहिल लूथरा को विद्याधर पाटिल के हाथों कैच आउट करा दिया। साहिल लूथरा ने 138 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 72 रन बनाए। अगले ही ओवर में देवदत्त पड़िक्कल ने तेज



● प्रसिद्ध कृष्णा ने आबिद मुश्ताक को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई

बल्लेबाजी कर रहे यु(वीर सिंह चरक को रनआउट कर 584 के स्कोर जम्मू-कश्मीर की पारी का अंत कर दिया। यु(वीर सिंह चरक ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने पांच विकेट लिए। विद्याधर पाटिल, श्रेयस गोपाल, विजयकुमार वैशक और शिखर शेट्टी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## किदांबी श्रीकांत का शानदार प्रदर्शन अन्य भारतीय जल्द बाहर



● श्रीकांत ने पोलैंड के मिकोलज को 21-12, 21-11 से हराया, उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन ई से होगा

**मुल्हेन, वार्ता।** किदांबी श्रीकांत भारतीय दल के लिए अकेले उम्मीद बनकर उभरे, क्योंकि मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज समेत कई शटलर बुधवार को जर्मन ओपन 2026 के सिगल्स इवेंट में जल्दी बाहर हो गए।


पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 श्रीकांत ने मेंस सिगल्स के पहले राउंड में पोलैंड के मिकोलज शिमानोव्स्की पर 21-12, 21-11 से शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में आगे बढ़े। उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के चौथी सीड लिन चुन-ई से होगा। हालांकि, भारतीय शटलरों के लिए यह दिन निराशा. जनक रहा, खासकर महिला सिगल्स कैटेगरी में, जहां कई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन के बावजूद बाहर हो गईं। वर्ल्ड नंबर 40 तन्वी शर्मा, जो जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, ने पहले राउंड में मलेशिया की वोंग लिग चिग से तीन गेम के मुकाबले में 21-19, 17-21, 21-16 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी। वर्ल्ड में 52वें नंबर की मालविका बंसोड़ ने भी अपनी से ऊंची रैंक वाली अपोनेंट, यूनाइटेड स्टेट्स की बेइवेन झांग को तीन गेम तक खींचा, लेकिन 19-21, 21-9, 21-19 से हार गईं। रक्षिता श्री संतोष रामराज ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे से ज्यादा चले मैच में 18-21, 23-21, 16-21 के स्कोर के साथ हार गईं। तस्नीम मीर को चीन की टॉप सीड वांग जी ई से सीधे गेम में 21-9, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि इशारानी बरुआ को थाईलैंड की वर्ल्ड नंबर 8 पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-15, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा।

## भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने जीता एशिया कप

**एडीसीए टी-20 आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण में श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर समापन किया**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** कटक के बाराबती स्टेडियम में आयोजित एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण का समापन हुआ, जिसमें भारत की बधिर क्रिकेट टीम ने श्रीलंका बधिर टीम को 6 विकेट से हराकर पहला एशिया कप खिताब अपने नाम किया। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिदे (जिलाधिकारी एवं कलेक्टर, कटक) और विशिष्ट अतिथि संजय राउल (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर) ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। यह श्रृंखला ओडीसीए और ओसीए के सहयोग से इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित की गई थी। टीम के कोच देव दत्त (मुख्य कोच), रविकांत भट्ट (सहायक कोच) की अगुवाई में भारत ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 4 विकेट से हराया, इसके बाद दूसरे मैच में नेपाल को 10 विकेट से पराजित किया। तीसरे मैच में श्रीलंका ने नेपाल को 6 विकेट से हराया। रिवर्स मुकाबलों में श्रीलंका ने नेपाल को 157 रन से हराया, जबकि भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की और नेपाल पर 9 विकेट की शानदार जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। जीत के बाद डीसीसीआई के महासचिव रवि कांत चौहान ने कहा कि पहले एडीसीए टी-20आई एशिया कप में भारत की बधिर टीम की जीत देश में दिव्यांग क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। यह जीत खिलाड़ियों के धैर्य, अनुशासन और अटूट प्रतिब(ता को दर्शाती है। ऐसे मील के पत्थर यह साबित करते हैं कि हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित पहचान और मंच देने के लिए संरचित अवसर और निरंतर समर्थन कितना आवश्यक है। एडीसीए के अध्यक्ष एवं डीसीसीआई के उपाध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि बाराबाती स्टेडियम में एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह एशिया भर के श्रवण बाधित खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा रहे सभी प्रतिभागियों को मैं बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी हम एशिया में ऐसे और अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का हम आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही कटक में इस सफल आयोजन के लिए ओडीसीए और ओसीए के सभी अधिकारियों का विशेष धन्यवाद। फाइनल मुकाबले में भारत के साई आकाश (14 गेंदों में 27 रन और 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। श्रीलंका के गिमाडु एल- मल्कम (196 रन) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। श्रीलंका के गिहान लसीदु (10 विकेट) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। श्रीलंका के ही गिमाडु (196 रन और 7 विकेट) को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

## सुजीत ने जीता 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में सोना



● इस महीने की शुरुआत में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीतने के बाद दूसरा पदक जीता

**अल्बानिया, वार्ता।** सुजीत कलकल ने मुहामेत मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत की। बुधवार को खेले गए मुकाबले में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर लगातार चार जीत दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

इस महीने की शुरुआत में 2026 अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीत दर्ज करने के बाद 2026 अंडर-23 रैंकिंग सीरीज में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराने के बाद फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से मात दी। तीन सप्ताह में अमेरिकी पहलवान पर सुजीत की यह दूसरी जीत थी। दोनों पहलवानों का सामना जाग्रेब ओपन के सेमीफाइनल में हुआ था। इससे पहले भी सुजीत ने इसी स्कोर से मुकाबला जीता था। 23 वर्षीय भारतीय पहलवान, जो अपने आयु वर्ग में एशियन चैंपियन भी हैं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत अल्बानिया के एंड्रियो अवडिली पर 16-4 जीत हासिल करने के साथ की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के निका जाकाशविली को 10-0 से हराया। यह सुजीत का अंडरवेट कैटेगरी में चौथा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने 2022 जुहैर सघायर और 2025 पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसी वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारत के मोहित कुमार क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ सके। अंकुश और आतिश तोडकर ने 57 किलोग्राम वर्ग में रेपेचेज के माध्यम से कांस्य पदक के मुकाबलों तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किया, लेकिन आखिर में अपने-अपने मैचों में हार का सामना करना पड़ा सुमित (57 किलोग्राम), राहुल (61 किलोग्राम), सिद्धार्थ (70 किलोग्राम), परविंदर (74 किलोग्राम) और आर्यन (86 किलोग्राम) अपने-अपने भार वर्गों में पदक राउंड तक पहुंचने में असफल रहे।

## मियोमिर ने ज्वेरेव को चौंकाया



● इस जीत के साथ ही मियोमिर केकमानोविच क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए

**मेक्सिको, वार्ता।** मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौंका दिया और अपनी पहली टॉप 5 जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वह मेक्सिको के अकापुल्को में एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फ़ाइनल में पहुंच गए। दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने ढाई घंटे से ज्यादा चले कड़े मुकाबले में 2021 के चैंपियन को 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराया।

केमानोविच, जो टॉप 5 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले सभी 11 मैच हार चुके थे, ने अपने करियर के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक दिया, और यादगार जीत पक्की करने के लिए निर्णायक टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा। मैच के बाद केकमानोविच ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं।इसलिए मैं खुश हूं कि आखिरकार कुछ चीजें मेरे हिंसाब से हो रही हैं।

उन्होंने खास मौकों पर अग्रेसिव तरीके से खेला और असरदार सर्व किया, जबकि ज्वेरेव अपने बैकहैंड पर कंसिस्टेंसी के लिए जूझते रहे, उन्होंने 17 अनफोर्स्ड गलतियां कीं, जबकि केकमानोविच ने छह गलतियां कीं। इस जीत के साथ, केकमानोविच ने जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, जिन्होंने राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया। दूसरे मैचों में, पांचवीं सीड फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मैच चीन के वू यिबिग से होगा, जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से हराया।

## कलबुर्गी अगले हफ्ते अपना सबसे बड़ा महिला इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करेगा

**बेंगलुरु, वार्ता।** कलबुर्गी 1 से 8 मार्च 2026 तक चंद्रशेखर पाटिल स्टेडियम में आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी का स्वागत करते हुए अपना सबसे बड़ा इंटरनेशनल महिला टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए तैयार है।

यह 30,000 डॉलर का टूर्नामेंट, इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा चलाए जाने वाले आईटीएफ महिला वर्ल्ड टेनिस टूर का हिस्सा है, और यह शहर का पहला आईटीएफ डब्ल्यू35-लेवल का महिला प्रोफेशनल इवेंट है। इस टूर्नामेंट में 32 खिलाड़ियों का सिंगल्स मेन ड्रॉ होगा, जिसके पहले 1 मार्च से 32 खिलाड़ियों का क्वालिफाइंग ड्रॉ होगा, साथ ही 16 टीमों का डबल्स ड्रॉ भी होगा। मेन ड्रॉ मैच 3 मार्च से शुरू होंगे। आईटीएफ डब्ल्यू35-कैटेगरी का इवेंट होने के नाते, यह कीमती रैंकिंग पॉइंट्स देता है।

# ब्लैक कैप्स की नजर सेमीफाइनल बर्थ पर

**इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफाइनल की महक आ रही हो**

**न्यूजीलैंड की क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है**

**कोलंबो, वार्ता।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सुपर आठ स्टेज का मुकाबला नर्वसनेस बनाम नैचुरल लय की एक क्लासिक लड़ाई होने का वादा करता है, एक ऐसा मुकाबला जिसे देखने वालों को शुक्रवार रात यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में अपने स्कोरकार्ड को कसकर पकड़े रहना चाहिए। इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफ़ाइनल की महक आ रही हो। उन्होंने कड़ी मेहनत की है, आगे का टिकट बुक किया है, और अब थोड़ी आजादी से खेल सकते हैं। बिल्कुल वैसे ही जैसे कोई बैट्समैन अपना शतक पूरा कर चुका हो और शानदार, बेफिक्र स्ट्रोक खेलना शुरू कर दे। इंग्लिश कैंप उम्मीद कर रहा होगा कि सीरियस मामला शुरू होने से पहले वह इस मैच को एक आखिरी शार्पनिंग एक्सरसाइज के तौर पर इस्तेमाल करेगा, साथ ही अपने सीनियर बैटिंग स्टार्स से कुछ कंसिस्टेंसी भी निकलवाएगा। हालांकि, न्यूजीलैंड इस मैच को एक ऐसी टीम की तरह खेलेगा जिसकी कमर थोड़ी दीवार से टिकी हो लेकिन दिल अभी भी लड़ाई में पूरी तरह से लगा हो। उनके क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है। एक जीत उन्हें कॉन्फिडेंस के साथ सेमीफ़ाइनल में पहुंचा देगी( लेकिन, हार उन्हें कोलंबो पर धीरे-धीरे बारिश के बादलों की तरह दूसरे नतीजों को धीरे-धीरे आते देखने के लिए बेचैन कर सकती है। इंग्लैंड की बैटिंग का मैदान एक बार फिर कप्तान हैरी ब्रूक के इर्द-गिर्द घूमने वाला है। ब्रूक पहले ही दिखा चुके हैं कि वह पलक झपकते ही सतर्क आर्किटेक्ट से विस्फोटक विध्वंसक बन सकते हैं, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में जब इंग्लैंड का टॉप ऑर्डर लड़खड़ा रहा था, तब उन्होंने 50 गेंदों में शतक लगाया था। इंग्लैंड के लिए एकमात्र चिंता टॉप पर कंसिस्टेंसी है - वे ऐसी शुरुआत चाहते हैं जो सिर्फ़ शानदार न हो, बल्कि सॉलिड हो। इंग्लैंड से उम्मीद है कि वह हमेशा की तरह व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलेगा, पावरप्ले में एग्रेसिव, बीच के ओवरों में क्लिनिकल, और फिर आखिरी पांच में धमाका करने की कोशिश करेगा। बॉलिग डिपार्टमेंट में भी कुछ रोटेशन हो सकता है क्योंकि मैनेजमेंट की एक नजर नॉकआउट पर है। रचिन रवींद्र के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। वह उन खिलाड़ियों में से एक दिखे हैं जिनका हर बार प्रेशर बढ़ने पर कॉन्फिडेंस बढ़ता जाता है। जब विकेट गिरे, तो रवींद्र ने बल्ले से स्थिरता दी और फिर गेंद को असरदार तरीके से घुमाकर जरूरी ब्रेकथ्रू दिलाए। ब्लैक कैप्स अपने मिडिल-ऑर्डर की मजबूती से खास तौर पर शानदार रहे हैं। जब वे मुश्किल में पड़े, तो वे घबराए नहीं, उन्होंने बस पार्टनरशिप बनाई, स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, और मोमेंटम के अपने पक्ष में आने का इंतजार किया। प्रेमदासा के हालात में एक अच्छा क्रिकेट मुकाबला होना चाहिए। पहले भी, इस जगह पर हुए 55 से ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से, पीछा करने वाली टीमों ने 29 मैच जीते हैं, जबकि पहले बैटिग करने वाली टीमों ने 24 जीते हैं। पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 144 है, जिससे पता चलता है कि 160 से ऊपर का कोई भी स्कोर बहुत मुश्किल होगा। मौसम के अनुमान के मुताबिक, क्रिकेट के लिए यह एक खूबसूरत शाम होगी, जिसमें तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, ह्यूमिडिटी लगभग 75 प्रतिशत होगी, और बारिश का खतरा बहुत कम होगा। ऐसे हालात में, बैट्समैन अपने शॉट खेल सकते हैं, लेकिन जो बॉलर लगातार अपनी लेंथ पर हिट करते हैं, वे फिर भी अपनी बात रख सकते हैं। टैक्टिकली, गेम में तीन जाने-पहचाने टी-20 चैप्टर होने चाहिए, जबरदस्त पावरप्ले बैटिग, बीच के ओवरों में डिसिप्लिन्ड स्पिन बॉलिग, और डेथ ओवरों में जबरदस्त हिटिंग। इंग्लैंड अटैकिग क्रिकेट पसंद करता है, लगभग वैसे ही जैसे

## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराया

● कप्तान हेली मैथ्यूज 100 रन/दो विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** कप्तान हेली मैथ्यूज (100रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका पर 24 गेंदे शेष रहते छह विकेट से सांत्वना जीत दर्ज की। हेली को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से नवाजा गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम हर्षिता समरविक्रमा के 70 रनों की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। मैथ्यूज ने टीम का नेतृत्व किया, 12/2 की खराब स्थिति से उबरने में मदद की, और अब वह सबसे ज्यादा एकदिवसीय शतक बनाने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका की शुरुआत खराब



रही जब कप्तान चामरी अटापट्टू पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज की गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गईं। हालांकि, समरविक्रमा ने 112 गेंदों पर 70 रन बनाकर पारी को संभाला, जो इस दौरान उन्होंने अपना दूसरा अर्धशतक बनाया। उन्होंने हसिनी परेरा (34 गेंदों पर 27) और विशमी गुणरत्ने (46 गेंदों पर 26) के साथ मिलकर मजबूत साझेदारी की। इसके अलावा, कविशा दिलहारी, जो 58 गेंदों पर 45 रन बनाकर नाबाद रहीं। आखिरी ओवरों में किए गए योगदान ने मेहमान टीम को सात विकेट पर 217 के स्कोर तक पहुंचाया। मेजबान टीम के लिए, मैथ्यूज और करिश्मा रामहरक ने से दो-दो विकेट लिए। एफी फ्लेचर, अश्मिनी मुनिसर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। मल्की मदारा ने शुरुआती ओवरों में दो विकेट कियाना जोसेफ (दो) और शर्मेन(शून्य) को सस्ते में आउट कर दिया।

# आईएफटीएम में 'वर्तमान परिदृश्य में मानवाधिकार के बदलते आयाम' विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा स्कूल ऑफ लॉ के सहयोग से ''वर्तमान परिदृश्य में मानवाधिकार के बदलते आयाम'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। सेमिनार के संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता व विश्वविद्यालय के 2022-25 बैच के पर्व पी.एचडी शोधार्थी एवं वर्तमान में 'पूर्णागिरी शिक्षा महाविद्यालय, खटीमा, उत्तराखंड' में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. अंबिका प्रसाद पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।



सेमिनार के दौरान डॉ. प्रसाद ने अपने संस्मरण और संघर्ष के दिनों को प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि यदि सूझ-बूझ के साथ शिक्षण कार्य पूर्ण किया जाय, तो कॅरियर के रास्ते में आने वाले व्यवधान स्वत: समाप्त हो जाते हैं। डॉ. प्रसाद ने मानवाधिकार के बदलते आयाम पर विस्तार के साथ प्रकाश डालते हुए वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक के मानवाधिकार के विकास-क्रम को समझाया। साथ ही उन्होंने वर्तमान में मानवाधिकार को लेकर हुए नए बदलावों को बताते हुए न्यायिक निर्णयों की भी जानकारी दी। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने सेमिनार का उद्घाटन करते हुए कहा कि मानवाधिकार मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है तथा मानवाधिकार की जानकारी मनुष्य के सफल जीवन का एक अति आवश्यक अंग है। साथ ही उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल राइट्स, डाटा प्रोटेक्शन व डाटा प्राईवेसी आदि विषयों पर भी अपने विचार रखे। वहीं सेमिनार के अध्यक्ष डॉ. एस.बी. मिश्रा ने प्रतिभागियों को मानवाधिकार के मुख्य पहलुओं पर चर्चा करते हुए मानवाधिकार के ऐतिहासिक महत्व को समझाया। सेमिनार के अध्यक्ष डॉ. मिश्रा ने मुख्य वक्ता को प्रतीक-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार का संचालन स्कूल के शिक्षक श्री विवे. कानंद द्वारा किया गया। अंत में डॉ. मनीषा मटोलिया ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सेमिनार में आयोजन सचिव डॉ. चित्रा सिंह समेत स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं 50 से अधिक प्रतिभागी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# अलग-अलग मामलों में पुलिस ने किया तीन का शांतिभंग में चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर निवासी अजय पुत्र सत्य प्रकाश का आरोप था की शाम करीब 7:30 बजे उसकी मां माया देवी पिता सत्य प्रकाश अपने घर के बाहर गली में खड़े थे तभी प्रिंस पुत्र महावीर निवासी पैगंबरपुर अंकुल की दुकान से सामान लेकर आया और पिता व मां को तिरछी नजरों से देखने लगा प्रिंस उसकी बहन को भगा कर ले जा चुका है इस बात को लेकर दोनों परिवारों में रंजिस चल रही है जब माता-पिता ने उसे घूरने की वजह पूछी तो उसने गाली गलौज करनी शुरू कर दी शोर सुनकर राजवीर चंचल और सोहित मौके पर आ गए इन चारों ने माता-पिता के साथ लाठी डंडों से मारपीट की जिसमें दोनों घायल हो गए पीड़ित ने 112 की मदद ली और उनकी सहायता से घायलों का मेडिकल करा कर थाने में तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रिंस को हिरासत में लेकर चालान किया है। इसके अलावा पुलिस ने उमरी कला निवासी फैसल पुत्र सरवत अली और जैद अली पुत्र खालिद अली को भी शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर चालान किया है।

## एक नजर



### वेतन न मिलने पर एस.एम. कॉलेज के सहायक प्रोफेसरों का सांकेतिक धरना

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. कॉलेज में स्ववित्त पोषित सहायक प्रोफेसरों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण सभी प्रोफेसर एवं कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। गुरुवार को लगभग 50 से अधिक सहायक प्रोफेसर, कर्मचारी एवं बाबू एस.एम. कॉलेज के गेट नंबर-02 पर सांकेतिक धरने पर बैठ गए और बकाया वेतन भुगतान की मांग की। प्रदर्शन कर रहे सहायक प्रोफेसरों ने बताया कि लंबे समय से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। दुकानदारों ने भी उधार देना बंद कर दिया है और होली का पर्व निकट होने के कारण परिवार के साथ त्योहार मनाने को लेकर चिंता बनी हुई है। बताया गया कि दो दिन पूर्व सभी कर्मचारियों ने मानदेय भुगतान की मांग को लेकर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. दानवीर यादव को ज्ञापन सौंपा था। वर्तमान में कॉलेज के प्राधिकृत नियंत्रक जिलाधिकारी संभल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया हैं। प्राचार्य द्वारा इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है, ताकि कर्मचारियों के वेतन का शीघ्र भुगतान हो सके। बीएड विभाग की प्रोफेसर डॉ. गीता शर्मा ने बताया कि उन्हें पिछले एक वर्ष से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी प्रभावित हुई है। धरने की सूचना मिलने पर प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव मौके पर पहुंचे और सहायक प्रोफेसरों एवं कर्मचारियों से वार्ता की। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के समाधान और वेतन भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### कबीर मोहल्ले में जलभराव से लोग परेशान, गंदे पानी से आवागमन बाधित



**चन्दौसी।** नगर के कबीर मोहल्ले में जलभराव की समस्या से लोग काफी परेशान हैं। मोहल्लेवासियों और व्यापारियों को गंदे और दूषित पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। कुछ दिन पूर्व मोहल्ले के लोगों और व्यापारियों ने बैठक कर जलभराव की समस्या को लेकर धरना-प्रदर्शन भी किया था। उस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने मौके पर पहुंचकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद कुछ समय के लिए स्थिति में सुधार हुआ और ठेकेदार को जल निकासी के निर्देश भी दिए गए थे। ज्ञात हो कि कबीर मोहल्ले में नए नाले का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते अस्थायी रूप से कच्चा नाला बनाकर रास्ता डायवर्ट किया गया है। वहीं क्षेत्र में स्थित दर्जनों डेयरियों से समरसेविल के माध्यम से हजारों गैलन पानी बहाया जाता है, जिससे गंदा पानी निचले हिस्सों में जमा हो जाता है और जलभराव की स्थिति बन जाती है। गुरुवार को कबीर गली में सलीम की पुलिया तक गंदा पानी भर गया, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मोहल्लेवासियों ने जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

### त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील



**चन्दौसी।** आगामी पर्वों को लेकर गुरुवार को कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी धर्मों के लोगों से आगामी त्योहारों को प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने रंग एकादशी, होली तथा माह-ए-रमजान के मद्देनजर सभी वर्गों से आपसी सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर धर्म के त्योहार भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं, इसलिए सभी लोग आपसी मतभेद भुलाकर खुले दिल से त्योहार मनाएं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दें। उन्होंने यह भी कहा कि त्योहारों के दौरान असामा. जिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यदि कहीं कोई संदिग्ध गति. विधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और शांति व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बैठक में समस्त चौकी प्रभारी, प्रेम ग्रोवर, हरि गोपाल, विनय सर्राफ, उमेश वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, शाहआलम मंसूरी, रियाज अहमद, तरुण कुमार, नीरज रस्तोगी, मुकेश वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### होली पर्व पर सफाई, जलापूर्ति व प्रकाश व्यवस्था के निर्देश

**चन्दौसी।** हिन्दू पंचांग के अनुसार 27 फरवरी, शुक्रवार को एकादशी का पर्व है, वहीं 2 मार्च से 4 मार्च 2026 तक नगर में होलिका पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगरवासियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगरपालिका परिषद चन्दौसी का प्रथम दायित्व है। नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पर्व के दौरान सफाई, जलापूर्ति और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का अवकाश या मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन मेहनत, लगन और सत्यनिष्ठा के साथ करें। निर्देशों में कहा गया है कि पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में होलिका दहन स्थलों और जुलूस मार्गों पर विशेष सफाई व्यवस्था बनाए रखें।

# होली पर क्षेत्र को 4 सेक्टरो में बांटकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए एसडीएम ने क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर अलग-अलग जिम्मेदारी सौपी है प्रेस को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक बताया गया कि तहसीलदार कांठ अपने संपूर्ण क्षेत्र एवं कस्वा कांठ में भ्रमण शील रहकर पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी उठाएंगे जबकि नायव तहसीलदार कांठ संपूर्ण क्षेत्र एवं कांठ क्षेत्र ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे नायब तहसीलदार छजलैट अपने संपूर्ण क्षेत्र एवं छजलैट के शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमणशील रहेंगे जबकि सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अपने संपूर्ण विकास खंड छजलैट क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर होली का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन एवं दुलेडी के दिन खेले जाने वाले रंग को लेकर जहां-जहां विवाद होते रहे हैं वहां बातचीत करके समय से पहले विवादों का निस्तारण कराएंगे और शरारती तत्वों द्वारा अनाधिकृत रूप से किसी भी प्रकार की गतिविधि अंजाम न दे सके इसके लिए सतर्कता बरतेंगे। उन्होंने कहा कि ध्यान रखें कि कहीं पर अश्लील शब्दों का प्रयोग ना हो जुलूस के मार्गों को लेकर दूसरे संप्रदाय के लोगों द्वारा कोई दिक्कत ना आए एवं रंग डालना कीचड़ रंग भरे गुब्बारे आदि किसी व्यक्ति पर कोई ना फेंकने पाए उन्होंने कहा कि इस दौरान बिना उनकी अनुमति के ना कोई अवकाश स्वीकृत होगा और ना ही संबंधित अधिकारी मुख्यालय छोड़ेंगे।

# पात्र गृहस्थी व अंत्योदय राशन कार्ड की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने को लेकर खंड विकास कार्यालय में बैठक

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** खंड विकास कार्यालय छजलेट में आज खंड विकास अधिकारी ने पात्र गृहस्थी तथा अंत्योदय कार्ड धारक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने को लेकर एक बैठक बुलाई जिसमें पहुंचे कोटेदार और ग्राम प्रधानों को उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिए। बताया गया की अनेक पत्र गृहस्ती एवं अंत्योदय कार्ड धारक परिवार ऐसे हैं जिन्हें स्वयं सहायता समूह से कोई लाभ नहीं मिल सका है इस कारण उन्हें अब इन समूह से जोड़ा जाना है कहा कि सरकार ने आगामी 3 सालों में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की वार्षिक आय न्यूनतम 1 लाख तक कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसलिए ग्राम प्रधान और कोटेदारों को ऐसी महिलाओं की सूची तैयार करके इन्हें स्वयं सहायता समूह से जोड़े जाने की जिम्मेदारी दी गई है।



बताया गया कि जहां नवीन समूह गठन नहीं हो पा रहे हैं वहां पर पहले से स्थापित समूह में अधिकतम 20 सदस्यों की सीमा तक पात्र महिलाओं को जोड़ा जाए उन्होंने इस कार्य में ग्राम पंचायत सचिव एवं स्वयं सखियो को अवशेष पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें समूह से जोड़े जाने की जिम्मेदारी भी सौंपी है।

# मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ किया दहेज हत्या का मामला दर्ज, दो को गिरफ्तार कर जेल भेजा




**कांठ( शाह टाइम्स )** फांसी लगाकर जान दिए जाने के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर चार को नामजद करते हुए दो को गिरफ्तार कर चालान किया है। बतादे कि गृह कलह के चलते ईदगाह नहीं बस्ती निवासी मुस्कान ने फांसी लगाकर जान दी थी जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतका के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। लेकिन घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के भाई मलवा पुत्र शाबिर निवासी फरीदनगर ठाकुरद्वारा ने उसकी बहन की दहेज को लेकर हत्या किए जाने का आरा. ेप लगाकर पति नदीम ससुर सलीम सास और नंद के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने चारों को नामजद करते हुए पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया। आज पुलिस ने गिरफ्तार पिता पुत्र का चालान किया है।

# महिला नन्ही की गोली मार कर हत्या किए जाने के मामले में परिजनों ने एसएसपी से की फरार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में 55 वर्षीय महिला नन्नी की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि कथित साजिशकर्ता विट्टू अब भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी न होने से मृतका के परिजनों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



परिजनों का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को पकड़ लिया, लेकिन मुख्य साजिशकर्ता बताए जा रहे आरोपी की गिरफ्तारी में हो रही देरी से संदेह की स्थिति बन रही है। उनका आरा. ेप है कि जब तक साजिश रचने वाले सभी लोग गिरफ्तार नहीं होंगे, तब तक मामले की पूरी सच्चाई सामने नहीं आएगी और न्याय अधूरा रहेगा।परिवार के सदस्यों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर इस मामले में प्रार्थना पत्र देते हुए फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही परिवार ने अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है और प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने की अपील की है।

बताया जाता है कि इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई थी। पुलिस का कहना है कि फरार आरा. ेपी की तलाश में कई टीमें गठित की गई हैं। सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# घर में घुसकर मारपीट करने और पथराव को लेकर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** घर में घुसकर मारपीट करने और पथराव करने पर पुलिस ने महिलाओं सहित कई पर रिपोर्ट दर्ज की है। घटना थाना छजलैट के गांव लदावली की है वहां के रामराज पुत्र बहादुर सिंह का आरोप है कि 24 फरवरी की शाम 7:00 बजे वह अपने खेत से गन्ने की ट्राली लेकर घर आया तो पीछे से गांव का उपेंद्र मीनाक्षी तथा भूरीरी घर में घुस गए और गालियां देते हुए घर में ईट पत्थर फैकने लगे उसने छुप कर अपनी जान बचाई आरोप हैं की उन्होंने ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की शोर मचा तो गांव वाले इकटठा हो गए तो उक्त लोग आइंदा जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित थाने पहुंचा और थाने में तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

# टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने टीईटी के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन



**कांठ( शाह टाइम्स )** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर टीईटी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया इसके उपरांत सभी पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उनके प्रति. निधि को प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन सोपा जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेवारत समस्त शिक्षकों को टीईटी के अनिवार्यता के फैसले से शिक्षकों में अपनी सेवा सुरक्षा व आजीविका संबंधि भय उत्पन्न हो गया है डॉक्टर कपिल सिरोही ने कहा कि इस गंभीर समस्या में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ पूरी मजबूती के साथ शिक्षकों के साथ खड़ा है आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षको पर सेवारत रहने में पदोन्नति हेतु टीईटी की अनिवार्यता अव्यवहा. रिक है उन्होंने केंद्र सरकार से इस अनिवार्यता को हटाने की मांग की इस मौके पर मांडलिक मंत्री सर्वेश शर्मा रविंद्र पाल सिंह राजबहादुर सिंह धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजय सिंह डॉक्टर कपिल सिरोही प्रदीप कुमार शर्मा अनिल कुमार उपेंद्र सिंह सुमित ठाकुर मोहम्मद रिजवान वीरपाल सिंह मेघराज सिंह कुलदीप शर्मा आदि बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। संचालन मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओ को अदालत ने किया बरी, मोनू ने बताया सत्य की जीत

**कांठ( शाह टाइम्स )।** जनवरी 2024 में दर्ज गौ-हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए बजरंग दल के तीन कार्यकर्ताओं ख्र मोनू बिश्नोई, रमन चौधरी और राजीव चौधरी ख्र को अदालत ने सुनवाई के बाद सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय के निर्णय के बाद तीनों कार्यकर्ता सम्मान सहितअपने घर लौट आए और इसे सत्य की जीत बताया। जनवरी 2024 को मोनू विश्नोई बजरंगी रमन चौधरी और रोहित चौधरी को संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर हिरासत में लिया गया और बाद में न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया था। मामले के दौरान बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किए और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई थी। परिजनों का कहना था कि आरोप निराधार हैं और उनके साथ अन्याय हुआ है। कुछ समय बाद तीनों को जमानत मिल गई। लंबी कानूनी प्रक्रिया और जांच-पड़ताल के बाद अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में तीनों को आज दोषमुक्त करार दिया। न्यायालय के फैसले के बाद संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इसे "सत्य की जीत" बताया।



इस प्रकरण के बाद क्षेत्र में पुलिस कार्रवाई और जांच प्रक्रिया को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठाए जा रहे हैं कि यदि आरोपी दोषमुक्त पाए गए हैं तो गिरफ्तारी और मुकदमे के दौरान हुई सामा. जिक व मानसिक क्षति की भरपाई कैसे होगी। फिलहाल न्यायालय के निर्णय के बाद तीनों कार्यकर्ता अपने परिवारों के बीच लौट आए हैं और क्षेत्र में इस फैसले को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएँ सामने आ रही हैं।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का इज़रायल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ साल बाद फिर से इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को जिस तरह उनका इजरायल की राजधानी तेल अवीव के एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ, वह यह बताता है कि भारत और इजरायल के रिश्ते पहले की अपेक्षा बेहद मधुर दौर में हैं। इजरायल की यात्रा से पहले पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की थी कि यह यात्रा भारत इजरायल के बीच स्थायी संबंधों को सुदृढ़ करेगी। रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि वह इजरायल के पीएम नेतन्याहू के साथ होने वाली चर्चा को लेकर आशान्वित हैं और उनका फोकस विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा एवं सुरक्षा व्यापार, निवेश के लोगों के बीच आपसी संबंधों समेत विभिन्न क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगा। पिछले कुछ वर्षों में देखने में आया है कि भारत-इजरायल संबंध मजबूत हुए हैं, जिनमें रक्षा, वैज्ञानिक, अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विशेष रूप से रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर आ रहा है। जिसमें इजरायल भारत को सैन्य प्लेटफॉर्म और हथियार प्रणालियां मुहैया करा रहा है। पीएम मोदी पहली बार 2017 में इजरायल के दौरे पर गए थे। दूसरी बार जाने पर नेतन्याहू ने मोदी का गले लगाकर अभिवादन किया। नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा के साथ एयरपोर्ट पर स्वयं पीएम मोदी का स्वागत करने पहुंचे थे। निसंदेह पिछले दस वर्षों में भारत ने इजरायल के साथ अभूतपूर्व नजदीकी बढ़ाई है। हालांकि इजरायल को लेकर देश में मोदी सरकार की आलोचना भी कम नहीं हो रही है। तमाम विपक्षी दल जिसमें कांग्रेस और वामपंथी दल आगे हैं, वो इस यात्रा का विरोध भी कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो स्पष्ट कह दिया है कि पीएम मोदी का इस समय इजरायल का दौरा करना ना राजनीतिक रूप से और न ही कूटनीतिक रूप से तर्कसंगत कदम कहा जा सकता है। यूं भी यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब फलस्तीन में उसके द्वारा नरसंहार कराए जाने को लेकर इजरायल के मित्र देश भी उससे छिटक रहे हैं और दूरी बनाकर चल रहे हैं। ऐसे में पीएम मोदी का इजरायल दौरा खाड़ी के देशों को भी विचलित कर सकता है जिनसे भारत के बेहतर संबंध रहे हैं। इस तरह का तर्क देने वालों को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि इजरायल वह देश है जिसके साथ निकटता अन्य देशों के संबंधों पर प्रभाव डाल सकती है और भारत के हितों को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में इजरायल के साथ आगे बढ़ते हुए भारत को बेहद सतर्कता की आवश्यकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इजरायल हमारा सैन्य स्तर पर काफी सहयोग कर रहा है और काफी रक्षा प्रणाली हमें दे रहा है। लेकिन साथ ही हम अन्य देशों पर भी तेल, गैस, ऊर्जा को लेकर काफी निर्भर हैं।

## सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी



सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है, कांशीराम की जयंती पर पीडीए दिवस मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है, सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है, 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता, सपा सरकारों ने कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए कई कार्यों को बदलने, समाप्त करने का काम किया।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# वंदे मातरम की गूंज और आजाद का अद्वितीय बलिदान



श्वेता गोयल

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गई थी। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्रभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

**शैशव की दहलीज पर क्रांति का अंकुर**

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव की मिट्टी में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ। काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

**रक्त से लिखा गया स्वाभिमान का इतिहास**

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था, पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का एक लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थी लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए और उन्होंने संकल्प लिया कि वे कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे।

**काकोरी और क्रांतिकारी संगठन का पुनर्गठन**

असहयोग आंदोलन के अचानक वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी।

इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंक. कर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। वे अनुशासन और निष्ठा के प्रति इतने कठोर थे कि संगठन के भीतर किसी को नियम तोड़ने की अनुमति नहीं थी। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

**छद्मवेश और निशानेबाजी की अद्भुत कला**

आजाद केवल एक योद्धा नहीं बल्कि एक कुशल रणनीतिकार भी थे। वे अक्सर साइकिल से मीलों की यात्रा करते थे, जो उनकी सादगी और संकल्प को दर्शाता है। ब्रिटिश पुलिस से बचने के लिए उन्होंने कई बार ऐसे भेष धरे कि पास खड़ा जासूस भी उन्हें पहचान नहीं पाता था। कभी वे अपनी मूंछें मुंडवाकर साधु बन जाते, तो कभी बनारस के घाटों पर नाविक बनकर अंग्रेजों के बीच से सुरक्षित निकल जाते थे। एक बार तो वे एक मंदिर में साधु बनकर रुके और अंग्रेज पुलिसकर्मी उन्हें पहचान तक नहीं सके। वे एक अद्वितीय निशानेबाज थे, जंगल के भीतर पेड़ों पर घंटों अभ्यास करना उनकी दिनचर्या थी। उनकी पिस्तौल 'बमतुल बुखारा' सदैव उनके पास रहती थी और उनकी अचूक निशानेबाजी का खौफ अंग्रेज अफसरों में ऐसा था कि वे आजाद का नाम सुनते ही कांपने लगते थे।

**लाहौर से दिल्ली तक प्रतिशोध की गूंज**

1928 में जब लाला लाजपत राय की लाठीचार्ज में हुई मृत्यु का बदला लेने की बात आई तो आजाद ने ही योजना बनाई। जे।पी। सांडर्स की हत्या के बाद उन्होंने अपने साथियों को सुरक्षित निकालने में अपनी पूरी शक्ति लगा दी। 8 अप्रैल 1929 को जब भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केंद्रीय असेंबली में बम फैंका तो उसके पीछे भी आजाद की संगठनात्मक शक्ति काम कर रही थी। उन्होंने अपने साथियों को बचाने की हरसंभव कोशिश की लेकिन जब वे असफल रहे तो उन्होंने अकेले ही संगठन की कमान संभाली।

**अंतिम संघर्ष: अल्फ्रेड पार्क की अमर गाथा**

27 फरवरी 1931 की वह दुपहरी इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज हो गई। इलाहाबाद द्धप्रयागराजत्र के अल्फेड पार्क में आजाद अपने एक साथी के साथ किसी भावी रणनीति पर विचार कर रहे थे, तभी गद्दारी की सूचना पर पुलिस ने पार्क को चारों ओर से घेर लिया। भारी मात्रा में पुलिस बल और अत्याधुनिक हथियारों के सामने आजाद अकेले थे, हाथ में वही विश्वसनीय पिस्तौल और जेब में सीमित गोलियां। मुठभेड़ शुरू हुई। आजाद ने अपने साथी को सुरक्षित निकाल दिया और स्वयं पुलिस का सामना करने लगे। उन्होंने अपनी चतुराई और निशानेबाजी से अंग्रेज अफसरों को पेड़ के पीछे दुबकने पर मजबूर कर दिया। गोलियां खत्म हो रही थी। अंतत: जब पिस्तौल में केवल एक गोली बची तो उन्हें अपनी वह प्रतिज्ञा याद आई, 'मैं कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आऊंगा'। उन्होंने तनिक भी संकोच नहीं किया और वह अंतिम गोली अपनी कनपटी पर दाग ली। इस प्रकार वह शेर अपनी ही मांद में शान से सो गया। उनकी मृत्यु के बाद भी पुलिस उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी, डर था कि कहीं यह भी 'आजाद' की कोई चाल न हो।


**आजाद के जीवन का संदेश और प्रासंगिकता**

चंद्रशेखर आजाद का बलिदान केवल एक क्रांतिकारी का अंत नहीं था बल्कि वह एक जलती हुई मशाल थी, जिसने आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति का अर्थ सिखाया। 24 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने जो कीर्तिमान स्थापित किए, वे आज के युवाओं के लिए एक महाकाव्य के समान हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देशभक्ति केवल नारों या सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि वह हमारे आचरण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा में दिखनी चाहिए। आजाद का नारा, 'हम जिएंगे आजाद, मरेंगे आजाद!' आज भी भारतीय हवाओं में गूं. जता है और हमें प्रेरणा देता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विकट क्यों न हों, यदि संकल्प दृढ़ है तो दुनिया की कोई भी शक्ति आपको गुलाम नहीं बना सकती। आजाद का जीवन त्याग और अनुशासन की पराकाष्ठा था। उन्होंने कभी अपने निजी सुख के बारे में नहीं सोचा। उनकी वह प्रतिमा, जिसमें वे अपनी मूंछों पर ताव देते हुए दिखते हैं, केवल वीरता का प्रदर्शन नहीं है बल्कि वह भारतीय स्वाभिमान की वह चुनौती है, जो हर युग के अत्याचारी शासक को दी जाती रहेगी। भारत की आत्मा में चंद्रशेखर आजाद सदा जीवित रहेंगे क्योंकि जो राष्ट्र के लिए मरते हैं, वे कभी नहीं मरतेय अमर हो जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरसों का अड्डा है आपका टूथब्रश

**ये वायरस संभवत: हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गति. विधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है।**



क्या आप जानते हैं कि आपके टूथब्रश और शॉवरहेड में सैकड़ों वायरस हो सकते हैं। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं। बैक्टीरियोफेज नामक यह वायरस सिर्फ बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं, इंसानों को इससे कोई खतरा नहीं हैं। उल्टा यह वायरस हमें खतरनाक, दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से लड़ने के नए तरीके खोजने में मदद कर सकते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी की एरिका हार्टमैन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने आम घरेलू सतहों पर वायरस की अदृश्य दुनिया की अधिक जानकारी के लिए अमेरिकी घरों से 92 शॉवरहेड और 36 टूथब्रश का अध्ययन किया। उन्नत डीएनए अनुक्रमण तकनीकों का उपयोग करके, इन नमूनों में उन्होंने 600 से अधिक विभिन्न प्रकार के बैक्टीरियोफेज पाए। इनमें से ज्यादातर वायरस, टूथब्रश में पाए गए और वहां मिले कई वायरस तो विज्ञान के लिए सर्वथा नए थे।

बैक्टीरियोफेज आम तौर पर दो में से किसी एक तरीके से कार्य करते हैं, वे या तो बैक्टीरिया की मशीनरी को हाईजैक कर लेते हैं और अपनी प्रतियां बनाकर अंतत: मेजबान बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं या वे बैक्टीरिया के जीनोम में एकीकृत हो जाते हैं और बैक्टीरिया के व्यवहार को बदल देते हैं। ये वायरस संभवत: हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गतिविधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है। इस शोध की एक दिलचस्प संभावना यह भी है कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से निपटने के लिए नए खोजे गए बैक्टीरियोफेज का उपयोग किया जा सकता है। जब एंटीबायोटिक्स विफल हो जाते हैं, तो इंजीनियर्ड बैक्टीरियोफेज का उपयोग कभी-कभी इन सुपरबग्स को मारने के लिए किया जा सकता है। यह उपचार के लिए एक आशाजनक विकल्प प्रदान करता है। सारत:, साधारण-सा दिखने वाला टूथब्रश अदृश्य वायरसों से भरा और चिकित्सा में उपयोगी हो सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# अनोखी प्रणयलीला अपनाता है यह पक्षी



वैसे तो कई सारे नर मादा को रिझाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। कई अपने रंग-रूप से लुभाते हैं, कुछ अपनी शक्ति से, कुछ गाकर, तो कुछ नाच कर, लेकिन बॉवरबर्ड कुल ptilonorhynchidae के सदस्यों के नर की प्रणयलीला का अंदाज निराला है। अपनी मादाओं को नर बॉवरबर्ड रिझाते तो नाच-गाकर ही हैं, लेकिन इसके लिए वे पहले पूरा मंच (स्टेज) बनाते हैं, उसे सजाते हैं। और तो और, हालिया अध्ययन बताता है कि वे अपने मंच में ऐसा इंतजाम करते हैं कि उनका गाना मादाओं को मोहित करने के लिए एकदम सही सुरों में सुनाई दे। इतना ही नहीं, वे अपने दर्शकों (मादाओं) के लिए परफॉर्मेंस देखते-देखते खानपान की व्यवस्था भी करते हैं। यानी मूवी के साथ पॉपकॉर्न भी। वास्तव में, अनूठी प्रणयलीला के चलते बॉवरबर्ड के प्रदर्शन पर काफी अध्ययन हुए हैं। लेकिन यह सभी अध्ययन दृश्य इंतजामों और प्रदर्शन तक सीमित थे। पता चला था कि बॉवरबर्ड टहनियां वगैरह इकठी करके मेहराबदार सुरंगनुमा, बॉवर या ऊंची कुटिया बनाते हैं। इसके द्वार से सटे आंगन की सजावट वे कंकड़-पत्थर, शंख, हड्डियों और कांच या प्लास्टिक के रंगीन टुकड़ों से करते हैं। जब यह कुटिया बनकर तैयार हो जाती है तो नर तेज, कर्कश आवाजें निकालकर इसके बारे में मादाओं को सूचना देते हैं। अगर कोई मादा इस पुकार को सुनकर चली आती है, और कुटिया की बनावट और सजावट उसे भा जाती है तो वह अंदर प्रवेश करती है। बस फिर क्या, नर उड़कर (पीछे की ओर बने) आंगन में आ जाता है और अपनी कलाकारी का प्रदर्शन शुरू कर देता है। मादा सुरंगनुमा कुटिया के दरवाजे से आंगन में खड़े नर बॉवरबर्ड का केवल सिर ही देख पाती है। नर का प्रदर्शन भी उसी के अनुरूप होता है। नर बॉवरबर्ड तेज, कर्कश, हिस्स्सकारती हुई आवाज में गाना गाता है। गाने के साथ वह मादा को लुभाने के लिए संटियां, फल जैसी विभिन्न वस्तुएं चोंच से उछाल-उछाल कर दिखाता है, और गर्दन घुमाकर अपने सिर के पीछे बने गुलाबी पंखों का मुकुट भी दिखाता है, लेकिन जैसा कि ऊपर भी कहा गया है कि ये सारे अवलो. कन बॉवरबर्ड की दृश्य गतिविधियों पर केंद्रित थे। डीकिन युनिवर्सिटी के प्रकृति-इतिहासकार जॉन एंडलर जानना चाहते थे कि क्या कुटिया की बनावट और आंगन की सजावट 'गाने' को मादा के लिए रुचिकर बनाने कोई भूमिका निभाते हैं? अपने अध्ययन के लिए उन्होंने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के निवासी ग्रेट बॉवरबर्ड (Chlamy der-anuchalis) को चुना। पहले तो उनकी टीम ने उत्तरी क्वींसलैंड के वनों में नर बॉवरबर्ड्स के 'प्रेमालाप' की रिकॉर्डिंग की। इसके बाद, उन्होंने कुटिया के प्रवेश द्वार (जहां नर होता है) पर स्पीकर को रखकर इस रिकॉर्डिंग को चलाया, और जहां आम तौर पर मादा का सिर होता है वहां माइक्रोफोन लगाकर ध्वनियों को रिकॉर्ड किया ताकि यह समझा जा सके कि कुटिया के आकार के कारण नर का प्रेमगीत मादा को कैसा सुनाई देता है। फिर, टीम ने व्यवस्थित रूप से कुटिया के आंगन में सजाई गई विभिन्न सजावटी वस्तुओं को हटाया और पता किया कि प्रत्एक सामग्री से कुटिया के अंदर सुनाई पड़ने वाली ध्वनि पर कैसा प्रभाव पड़ता है। बिहेवियोरल इकोलॉजी में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि नर ग्रेट बॉवरबर्ड बेहतरीन साउंड इंजीनियर होते हैं। कुटिया का आकार नर के गीत को ऊंचा कर देता है, जिससे अंदर मौजूद मादा को यह ज़्यादा तेज सुनाई देता है। आंगन की सजावट भी आवाज को प्रभावित करती हैय शंख जैसी सख्त सतह भी टकराने वाली आवाज को तेज कर देती हैं। नर ग्रेट बॉवरबर्ड मादा के लिए न सिर्फ आकर्षक भवन, गीत और नृत्य प्रदर्शन का इंतजाम करते हैं बल्कि वे शो के दौरान खाने की चीजों का इंतजाम भी करते हैं। वे कुटिया की दीवारों को लार और वनस्पतियों से रंगते हैं, और उनके प्रदर्शन को देखते हुए मादा इसे चबाती हैं। रिझाने के लिए एक और पैंतरा! देखा जाए तो यह अध्ययन अपने-आप में काफी दिलचस्प है लेकिन इस संदर्भ में कई और चीजें समझना बाकी हैं। जैसे मादा कर्कश या मृदु आवाजों या मोटी-पतली आवाजों में गाए गए प्रेमगीतों पर कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# भूमध्य सागर सूखने पर जीवन उथल-पुथल हुआ था

अपने सुंदर समुद्र तटों के लिए लोकप्रिय भूमध्य सागर लगभग 60 लाख वर्ष पूर्व पूरी तरह से सूख गया था। भूमध्यसागर लवणीयता संकट के रूप मशहूर इस घटना ने इस क्षेत्र में लगभग सभी समुद्री जीवन को मिटा दिया और नमक की एक मोटी परत छोड़ दी। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की जैव विविधता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। इस घटना के साक्ष्य पहली बार 1970 के दशक में उजागर हुए जब भूवैज्ञानिकों ने समुद्र तल की खुदाई में बड़े पैमाने पर नमक जमा पाया। विशेषज्ञों के अनुसार 60 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी की महाद्वीपीय प्लेटें खिसकने के कारण भूमध्य सागर अटलांटिक महासागर से अलग हो गया, जिसके बाद लगभग 6 लाख वर्षों में समुद्र सूख गया। नतीजतन कोरल रीफ और मछली प्रजातियों से संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र लगभग नमक का बंजर रेगिस्तान बन गया। इस संकट ने समुद्री जीवन को काफी प्रभावित किया, भूमध्य सागर की जैव विविधता को हमेशा के लिए बदल डाला। भूविज्ञानी कॉन्स्टेन्टिना अगियादी और उनकी टीम द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन ने इस विलुप्ति की घटना और उसके बाद की बहाली के बारे में नई जानकारी प्रदान की है। उन्होंने संग्रहालयों में उपलब्ध 1।2 करोड़ से 35 लाख वर्ष पुराने 23,000 से अधिक जीवाश्मों का विश्लेषण किया, जिससे 1755 वंशों (जेनेरा) की 4903 प्रजातियों का पता चला जो कभी भूमध्य सागर में निवास करती थीं। इस शोध से एक गंभीर तस्वीर सामने आई हैरू जीवंत कोरल रीफ सहित लगभग 800 प्रजातियां पूरी तरह से विलुप्त हो गईं। केवल सार्डीन और मैनेटी से सम्बंधित समुद्री स्तनधारियों जैसी केवल 86 प्रजातियां इस आपदा से बच पाईं।

लगभग 50,000 वर्षों के बाद, टेक्टोनिक प्लेटों के विचरण ने भूमध्य सागर को अटलांटिक से फिर से जोड़ दिया और समुद्र का पानी सूखे हुए बेसिन में वापस बहने लगा। लगभग 2700 प्रजातियां इस क्षेत्र में पुनरू आबाद हो गईं। हालांकि, वे सभी प्रजातियां वापस नहीं पनप सकीं जो पहले यहां रहा करती थीं। आजकल की प्रजातियों में नई प्रजातियां अधिक हैं। जैसे, ग्रेट व्हाइट शार्क, डॉल्फिन वगैरह।



पटना। होली उत्सव के दौरान पटना महिला कॉलेज की छात्राएं।

## एपस्टीन फाइल्स में बिकिनी पहनी महिला के साथ दिखे वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग

**वाशिंगटन।** जेफ्री एपस्टीन से जुड़े हाल में सामने आए दस्तावेजों में एक पुरानी तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दिवंगत ब्रिटिश वैज्ञानिक स्टीफन हाकिंग दो बिकिनी पहनी महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर 2006 की बताई जा रही है। परिवार ने साफ किया है कि फोटो में दिख रही महिलाएं उनकी लंबे समय से देखभाल करने वाली केयरगिवर थीं और किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार के आरोप निराधार हैं। तस्वीर कथित तौर पर कैरेबियाई द्वीप सेंट थामस के रिट्ज-कार्लटन होटल में ली गई थी। यहां मार्च 2006 में एपस्टीन ने एक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन कराया था। उस कार्यक्रम में 21 अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक शामिल हुए थे।

# यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार और नार्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नार्थ कोरिया नहीं।

**■ कहा: शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा, यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर पीएम मोदी की आलोचना की**

राहुल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है। उन्होंने पूछा जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पीएम सवालों से डरते है? जहां असहमति को कुचलना शासन का स्वभाव बनता जा रहा है? दरअसल, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा किसोचिए मुद्दा कोई भी हो, अगर आप सत्ता के खिलाफ संवैधानिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो लाठी, मुक. दमा और जेल, यह लगभग तय है।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़

## कहा: सनकी और क्रूर शासन को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वारशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा।

वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फाक्स न्यूज से बात. चीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि



**■ बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे: वेंस**

राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं। ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमे. रिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। वेंस ने कहा कि बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। उन्होंने कहा हम कोशिश जारी रखेंगे। लेकिन राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वे तय करें कि कूटनीति अपनी सीमा तक पहुंच गई है या नहीं।

## पीओके पर भारत की पाक को फटकार, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में सुनवाई खरी-खरी

# जबरन कब्जे वाले इलाके खाली करो

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए तगड़ी फटकार लगाई है। भारत ने इस्लामाबाद पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर का विकास पथ पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं के बिल्कुल विपरीत है।

23 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित हो रहे सत्र में 25 फरवरी को आयोजित उच्चस्तरीय सत्र के दौरान भारत के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस समूह ने खुद को एक सदस्य देश के लिए 'प्रतिबिंब कक्ष' के रूप में इस्तेमाल होने दिया है।

अनुपमा सिंह ने कहा कि हम इन आरा. पों को सिरे से खारिज करते हैं। साथ ही यह भी जोड़ा कि पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है। सिंह ने भारत के उस चिरस्थाई रुख को दोहराया कि जम्मू और कश्मीर 'भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।' उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता अधि. नियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार, 1947 में इस क्षेत्र का भारत में विलय पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से संबंधित एकमात्र लंबित विवाद पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है और

**■ पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है: अनुपमा सिंह**

उन्होंने इस्लामाबाद से अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों को खाली करने को कहा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के नियमित सत्र के उच्च स्तरीय खंड में, जिनेवा में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान और ओआईसी द्वारा उच्च स्तरीय खंड के दौरान उठाए गए मुद्दों के जवाब में भारत को अपने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है। हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार को दो. हराकर, ओआईसी यह प्रकट करता है कि वह किस हद तक एक सदस्य देश के प्रभाव में आ गया है, और उस देश की राजनीतिक बाध्यताओं के लिए एक प्रतिध्वनि कक्ष बनकर रह गया है। पाकिस्तान का निरंतर दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा है। हम इसे महत्व नहीं देना चाहते, लेकिन तथ्यों के आधार पर इसका खंडन करने के लिए हम कुछ बिंदु उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान की किसी भी प्रकार की मनगढ़ंत बयानबा. जी या दुस्साहसी दुष्प्रचार इस अटल तथ्य को नहीं बदल सकता कि जम्मू और कश्मीर का भारत में विलय 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। वास्तव में, एकमात्र लंबित मुद्दा यह पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है। हम पाकिस्तान से जबरन कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आम चुनाव और विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान इस बात का प्रमाण है कि वहां की जनता ने पाकिस्तान द्वारा प्रचारित आतंकवाद और हिंसा की विचारधारा को खारिज कर दिया है और विकास और लोकतंत्र के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर पिछले साल जम्मू और कश्मीर में उद्घाटन किया गया दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, चेनाब रेल पुल, फर्जी माना जाता है, तो पाकिस्तान को हकीकत की दुनिया में रहना चाहिए या शायद उसे यह अविश्वसनीय लगता है कि जम्मू और कश्मीर का विकास बजट आईएमएफ से मांगे गए हालिया राहत पैकेज से दोगुने से भी अधिक है।

## भारत-इजरायल की दोस्ती से पाक चिंतित

**इस्लामाबाद।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर इजरायलमें हैं। पीएम मोदी को इस दौरे पर इजरायल का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुआ है। वहीं भारत इजरायल के बीच इस दोस्ती को देखकर पाकिस्तान को झटका लगा है।

पाकिस्तान की घबराहट उसके हालिया प्रस्ताव में साफ दिखाई दे रही है। दरअसल, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी के इस दौरे पर भारत और दूसरे देशों के साथ क्षेत्रीय गठबंधन बनाने के बारे में बताया, जिसका नाम हेक्सागन अलायंस होगा। पाकिस्तान को पीएम नेतन्याहू की ये बात चुभ रही है। तभी तो पाकिस्तान ने इजरायली प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव पास कर दिया है। भारत और इजरायल रक्षा, व्यापार और सुरक्षा क्षेत्रों में संबंध मजबूत



**■ पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुए**

करने पर फोकस कर रहे हैं। भारत और इजरायलने एक सुरक्षा एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया है जो भारत में हथियार की व्यवस्था को एक साथ विकसित करने पर फोकस है। यह समझौता आयरन डोम को भारत में इजरायलके सहयोग से विकसित करने पर हुआ है।

## अमेरिका उत्तर कोरिया के परमाणु राष्ट्र संपन्न दर्जा स्वीकार करे: किम जोंग उन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि यदि अमेरिका अपनी शत्रुतापूर्ण नीति छोड़कर उत्तर कोरिया के परमाणु संपन्न राष्ट्र के संवैधानिक दर्जे को स्वीकार करता है, तो उत्तरी कोरिया अमे. रिका के साथ संबंधों को सुधारने के लिए तैयार होगा। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की नौवीं कांग्रेस के अवसर पर आयोजित एक परमाणु सैन्य परेड में किम ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका उत्तर कोरिया के संविधान में परिभाषित परमाणु राष्ट्र की वर्तमान स्थिति का सम्मान करता है और उत्तर कोरिया के प्रति अपनी शत्रुतापूर्ण नीति वापस लेता है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम अमेरिका के साथ अच्छे संबंध स्थापित न कर सकें। किम ने कहा कि अमेरिका और उत्तर कोरिया साथ चल सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब अमेरिका यह स्वीकार कर ले कि उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार स्थाई रूप से रहेंगे। उत्तरी कोरिया के सुप्रीम लीडर की टिप्पणियों को अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा से पहले अमेरिका के साथ बातचीत का रास्ता खोलने के रूप में देखा गया।

# चीन के वैश्विक जासूसी नेटवर्क का खुलासा



**■ हैकिंग समूह ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी**

**न्यूयार्क।** तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने एक बेहद संगठित और खतरनाक अंतर्राष्ट्रीय साइबर जासूसी नेटवर्क को ध्वस्त करने का दावा किया है।

गूगल ने बताया कि चीन से जुड़े एक हैकिंग समूह यूएनसी2814 (जिसे गैलियम भी कहा जाता है) ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी। गूगल थ्रेट इंटेलिजेंस ग्रुप के मुख्य विश्लेषक जान हल्टक्विस्ट ने कहा कि यह एक विशाल जासूसी तंत्र था, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और विशिष्ट संस्थानों की निगरानी करना था। यह समूह लगभग एक दशक से सक्रिय है। वैसे, गूगल ने स्पष्ट किया कि यह किसी उत्पाद की तकनीकी खामी नहीं, बल्कि प्लेटफार्म का दुरुपयोग था। हैकरों ने ग्रिडटाइड नामक एक गुप्त बैकडोर स्थापित किया था, जिससे उन्हें लोगों के नाम, फोन नंबर, जन्म तिथि, मतदाता पहचान पत्र और नेशनल आईडी जैसे बेहद निजी डेटा तक पहुंच मिल गई थी। हल्टक्विस्ट ने कहा कि जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से सरकारी संस्थाओं और दूरसंचार कंपनियों को अपना निशाना बनाता रहा है। हालांकि, गूगल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हैकिंग समूह की ओर से नियंत्रित क्लाउड प्रोजेक्ट को बंद कर दिया है और उनके इंटरनेट बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय कर दिया है। हमलों का उद्देश्य काल डाटा रिकॉर्ड और एसएमएस संदेशों की चोरी करना था।

## ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर शुरू

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में अमे. रिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। इससे पहले वार्ता के पहले और दूसरे दौर इस महीने की शुरुआत में मस्कट और जिनेवा में आयोजित किए गए थे।

इससे पहले ओमान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री बद्र अल्बुसैदी ने बुधवार शाम जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों मंत्रियों ने

**■ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर**

हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा क्योंकि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ऐसे हथियारों के विकास प्रतिबंध लगा रखा है। पेजेशकियन ने कहा कि किसी समाज का धार्मिक नेता राजनेताओं की तरह झूठ नहीं बोल सकता और जब उन्होंने घोषणा कर दी है कि हमारे पास परमाणु हथियार नहीं होंगे, तो इसका मतलब है कि हम इसे नहीं बनाएंगे।

## मार्च की शुरुआत मे हो सकती है अमेरिका, यूक्रेन रूस के बीच बैठक

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अगले दौर की बातचीत मार्च की शुरुआत में होने की उम्मीद है। स्थानीय मीडिया ने जेलेंस्की के हवाले से कहा कि बातचीत से पहले यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार एवं राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद सचिव रुस्तम उमरोव गुरुवार को अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस द्विपक्षीय बैठक में आगामी तीन-तरफ़ा बातचीत की तैयारियों, यूक्रेन की पुनर्निर्माण निधि और यूक्रेन तथा रूस दोनों देशों के बीच कैदियों की संभावित अदला-बदली पर ध्यान दिया जाएगा।

# पुलिस थानों में सीसीटीवी की कमी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## अदालत ने दिए केंद्र सरकार को बैठक में शामिल होने के निर्देश, 14 मार्च को अहम मीटिंग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश एमिकस क्यूरी द्धन्यायालय का मित्रऋ वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया। दवे ने बताया कि 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी। इस

**■ 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी**



दलील पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि भारत सरकार के वकील ने पहले ही क्षमा मांग ली है कि संचार में कुछ गड़बड़ी के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि अगली बैठक में वे पूरा सहयोग देंगे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मित्र ने बैठक के लिए 14 मार्च, 2026 की तारीख सुझाई है। बैठक पहले दिए गए निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को आयोजित की जाए। कोर्ट ने कहा कि अगली बैठक 14 मार्च 2026 को होगी और सभी पक्षों को सहयोग करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को तय की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए पुलिस स्टेशनों में कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। दिसम्बर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सीबीआई, ईडी और राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्धएनआईएऋ सहित जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकार्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन में, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर, मुख्य द्वार पर, लाक-अप में, गलियारों में, लाबी और रिसेप्शन में, साथ ही लाक-अप कमरों के बाहर के क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि कोई भी हिस्सा बिना सुरक्षा के न रह जाए।

## ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हुई

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी मिनास गेरैस राज्य में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन की ओर से बुधवार को आए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित शहर जुइज डे फोरा में 40 मौतें हुई हैं, जबकि पास की उबा नगरपालिका में छह मौतों की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि जुइज डे फोरा में 19 और उबा में दो लोग लापता हैं। जुइज डे फोरा में लगभग 3000 लोग और उबा में 26 लोग बेघर हो गए हैं, जबकि भूस्खलन और बाढ़ के खतरे के कारण क्रमश: 400 और 178 लोगों को निकाला गया है।

# कनाडाई धरती पर अपराधों से नहीं जुड़ा भारत: कनाडा

## पीएम कार्नी के भारत दौरे से पहले दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत दिए

**ओटावा।** प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे से पहले कनाडा ने दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत देते हुए कहा है कि भारत अब उसकी सरजमीन पर हिसक अपराधों में शामिल नहीं है। टोरोंटो स्टार की ओर से प्रकाशित एक खबर के अनुसार, एक वरिष्ठ कनाडाई अधिकारी ने बुधवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कनाडा सरकार को विश्वास है कि अब इस तरह की घटनाएं नहीं हो रहीं।

रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से कहा गया कि हमारा कूटनीतिक आदान-प्रदान बहुत मजबूत है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच भी है। मुझे लगता है कि अब यह कह सकते

**■ भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे**



हैं कि उस तरह की कोई गतिविधि जारी नहीं है। अप्रैल 2025 में कनाडा की कमान संभालने वाले कार्नी गुरुवार को भारत के लिए रवाना होंगे। यह उनके हिंद-प्रशांत दौरे का पहला पड़ाव होगा। भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे। इस दौरे का लक्ष्य द्विपक्षीय संबंधों को फिर से कायम करना और व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में सहयोग का विस्तार करना है। उल्लेखनीय है कि कनाडा ने 2023 में खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते कटु हो गए थे। इस विवाद के कारण दोनों देशों ने अक्टूबर 2024 में उच्चायुक्तों और राजनयिकों को वापस बुला लिया गया। कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को काम पर लौटा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि वरिष्ठ स्तर पर व्यवस्थित बातचीत ने संवाद के लिए रास्ता बनाया है। अपने भारत दौरे पर कार्नी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य उद्यमियों से मिलकर दोनों देशों के बीच आर्थिक और निवेश संबंध मजबूत करेंगे। साल 2024 में भारत कनाडा का सातवां सबसे बड़ा व्यापार-साथी था। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 30.8 अरब डॉलर था। नों ही देश फिलहाल एक विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत कर रहे हैं जिससे व्यापार 2030 तक 70 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है।

# यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र स्थित चीनी स्थाई मिशन के राजनयिक थंग फेइ ने एक आपात विशेष यूएन महासभा में यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की। शांति के समर्थन पर फैसले का मसौदा पारित होने के बाद अपने भाषण में थंग फेइ ने कहा कि वर्तमान नाजुक वक्त में चीन को इंतजार है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय संकट के राजनीतिक समाधान के लिए लाभकारी वातावरण तैयार करेगा।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यूएन महासभा शांति के लिए रचनात्मक भूमिका निभाएगी। चीन इस संकट के राजनीतिक समाधान के लिए सकारात्मक कोशिश जारी रखेगा। थंग फेइ ने कहा कि चीन अभी यूएन महासभा के फैसले मसौदे पर मतदान से अलग हुआ है। चीन का हमेशा से विचार है कि विभिन्न देशों की प्रभुसत्ता और प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान करना जरूरी है, और साथ ही यूएन चार्टर के सिद्धांतों का

**■ चीन ने कहा: देशों की प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान जरूरी**

पालन करना है। विभिन्न पक्षों की सुरक्षा चिंताओं को महत्व देना है और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए लाभदायक सभी कोशिशों का समर्थन करना चाहिए। थंग फेइ ने कहा कि समस्या का जड़ से समाधान करना चाहिए ताकि अधिक संतु. लित, प्रभावी और सतत् यूरोपीय सुरक्षा ढांचा बन जाए। जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने फोन पर विस्तार से चर्चा की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने का रास्ता खोजना है। यूक्रेनी राष्ट्रपति का मानना है कि इन बैठकों के माध्यम से बातचीत को शीर्ष नेताओं के स्तर तक ले जाने का मौका मिलेगा।

